શુભ્ લાભ્
खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


मैसूरु चलो पदयात्रा कर्नाटक में भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने की ताकत .... @ नम्मा बेंगलूरु

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | रविवार, 04 अगस्त, 2024 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | epaper.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-6 रु. | वर्ष-6 | अंक-216


### नेपाल में सख्ती बढ़ी तो रोहिंग्याओं ने बदला ट्रांजिट रूट

# यूपी के सीमाई जिले रोहिंग्या घुसपैठियों का नया ठिकाना

**नई दिल्ली/लखनऊ, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** रोहिंग्या घुसपैठिये बड़ी तादाद में भारत के सीमावर्ती जिलों में घुसने और ठिकाना बनाने का मौका तलाश रहे हैं। इसमें मुस्लिमों की रहनुमा बनने वाली पार्टियों के कई नेता और उनके गुर्गे रोहिंग्याओं को भारत में घुसाने में मदद कर रहे हैं। रोहिंग्याओं को भारत में घुसाने के लिए पहले नेपाल का रूट अख्तियार किया जा रहा था, लेकिन अब वहां से उत्तर प्रदेश के विभिन्न सीमाई जिलों में ठिकाना बनाने की रणनीति पर काम हो रहा है। रोहिंग्याओं को यूपी के सीमाई जिलों में रहने वाले मुसलमान अपने यहां पनाह देंगे और फिर धीरे धीरे वे समाज में विलीन हो जाएंगे। खुफिया एजेंसियों ने इस बारे में शासन प्रशासन को अलर्ट किया है।

रायबरेली के सलोन क्षेत्र में रोहिंग्याओं और बांग्लादेशी घुसपैठियों को भारी तादाद में दिए गए नागरिकता और जन्म के फर्जी प्रमाणपत्रों की जांच में एंटी टेररिस्ट स्क्वाड और खुफिया एजेंसियों को कई अहम जानकारियां मिली हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण जानकारी रोहिंग्या के ट्रांजिट रूट में बदलाव की है। नेपाल में संख्या बढ़ने के विरुद्ध शुरू हुए प्रदर्शन के बीच रोहिंग्या अब भारत के सीमावर्ती जिलों में ठिकाने की तलाश में हैं। इनमें उत्तर प्रदेश के बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, महराजगंज, पीलीभीत और लखीमपुर पर इनकी नजर है। ऐसे में संबंधित जिलों को अलर्ट किया गया है। रोहिंग्या बड़ी संख्या में बंगाल, असम, झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश होते हुए नेपाल तक पहुंचे हैं।

### खुफिया एजेंसियों की सूचना पर सतर्क हुई जिलों की पुलिस




बंगाल से ट्रेन के माध्यम से दिल्ली और फिर वहां से पाकिस्तान की सीमा से सटे संवेदनशील जम्मू-कश्मीर तक भी गए। इनमें अधिकतर ने फर्जी तरीके से निर्वाचन कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड और पासपोर्ट तक बनवा लिए। नेपाल में रोहिंग्या की बस्तियों का विस्तार हुआ तो पारंपरिक कामों में भी वे दखल देने लगे। इससे स्थानीय लोगों का हित प्रभावित होने लगे। इससे विरोध बढ़ा तो रोहिंग्यों ने अब भारतीय क्षेत्रों में ठिकाने की तलाश शुरू कर दी है। इसके तहत बिहार के साथ ही उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, गोंडा, श्रावस्ती, बलरामपुर और बहराइच में भी घुसपैठ की कोशिश की है। बीते दिनों इन जिलों में इनकी सक्रियता के संकेत भी मिले हैं।

रायबरेली के सलोन में बांग्लादेशी रोहिंग्या नागरिकों का फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने के मामले में जांच कर रही एटीएस देर शाम को कुशीनगर पहुंची। जन्म प्रमाण पत्र जारी करने में जिले के स्वास्थ्य विभाग के आईडी पासवर्ड का भी प्रमाण पत्र बनाने में इस्तेमाल किया गया है। तरयासुजान से सीएसपी संचालक और विशुनपुरा सीएचसी पर तैनात डाटा ऑपरेटर को साथ लेकर चली गई। बहराइच की एसपी वृंदा शुक्ला ने कहा, सीमा पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध हैं। कड़ी सुरक्षा के बीच जिले में रोहिंग्या घुसपैठ की आशंका नहीं है। मैं खुद नियमित बॉर्डर सुरक्षा को लेकर समीक्षा करती हूं। श्रावस्ती के एसपी घनश्याम चौरसिया ने कहा, सीमावर्ती जिला होने के कारण सुरक्षा पुख्ता है। लोकल इंटेलिजेंस व पुलिस से भी नियमित जांच कराई जा रही है। बलरामपुर के एसपी विकास कुमार ने कहा, सीमा सुरक्षा बल के साथ समन्वय स्थापित कर सघन जांच कराई जाती

▶10पर

### कृषि अर्थशास्त्रियों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बोले पीएम मोदी

# आज भारत खाद्य अधिकता वाला देश बन चुका है

- **हमारी कृषि परंपरा देश की तरह ही प्राचीन किंतु वैज्ञानिक**
- **भारत में 500 कृषि कॉलेज और 700 कृषि विज्ञान केंद्र हैं**

**नई दिल्ली, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत खाद्य अधिकता वाला देश बन चुका है। कृषि को लेकर हमारी परंपराएं हमारे देश की तरह ही प्राचीन हैं। लेकिन भारत की कृषि परंपरा में विज्ञान को प्राथमिकता दी जाती रही है। भारत में कृषि से जुड़ी शिक्षा और अनुसंधान से जुड़ा एक मजबूत इकोसिस्टम बना हुआ है। इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च के ही 100 से ज्यादा रिसर्च संस्थान हैं। भारत में कृषि और उससे संबंधित विषयों की पढ़ाई के लिए 500 से ज्यादा कॉलेज हैं। भारत में 700 से ज्यादा कृषि विज्ञान केंद्र हैं जो किसानों तक नई तकनीक पहुंचाने में मदद करते हैं।



प्रधानमंत्री आज दिल्ली में कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद थे। पीएम मोदी ने कार्यक्रम में दुनियाभर से आए कृषि अर्थशास्त्रियों और कृषि वैज्ञानिकों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को स्वागत किया। पीएम मोदी ने कहा, 65 साल बाद देश में इस तरह का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, इसे देखकर मैं बहुत खुश हूं। इस दुनिया के विभिन्न देशों से आप लोग यहां आए हैं। मैं देश के 12 करोड़ किसानों, तीन करोड़ भारतीय महिला किसानों और तीन करोड़ मछुआरों की तरफ से आपका स्वागत करता हूं। आज आप उस देश में हैं, जहां 55 करोड़ पशु रहते हैं। आप सभी का कृषि प्रधान और पशु प्रेमी देश में स्वागत है। उन्होंने कहा, भोजन और कृषि के बारे में हमारी परंपराएं और अनुभव हमारे देश की तरह ही प्राचीन हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, पिछली बार जब आईसीएई सम्मेलन भारत में हुआ था वो भारत की कृषि और खाद्य सुरक्षा को लेकर चुनौतीपूर्ण समय था। भारत को नई-नई आजादी मिली थी। आज भारत एक खाद्य अधिशेष वाला देश है। आज भारत दूध, दाल और मसालों का

▶10पर

### बांग्लादेश और पाकिस्तान से हो रही घुसपैठ रोकने में ढिलाई

# बीएसएफ के डीजी और स्पेशल डीजी हटाए गए

- **दोनों अधिकारियों को उनके राज्य कैडर रवाना किया गया**
- **एसएसबी के डीजी को बीएसएफ का अतिरिक्त कार्यभार**

**नई दिल्ली, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में बढ़ते घुसपैठ और आतंकी हमलों के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कड़ी कार्रवाई की है। केंद्र सरकार ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक (डीजी) नितिन अग्रवाल और उप विशेश महानिदेशक योगेश बहादुर खुरानिया को पद से हटा दिया। दोनों अफसरों को अपने-अपने होम कैडर में तत्काल रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है। सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी को बीएसएफ डीजी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।



नितिन अग्रवाल का होम कैडर केरल है और खुरानिया का ओड़ीशा कैडर है। इन दोनों अधिकारियों को नई जिम्मेदारी क्या दी गई है, इसके बारे में अभी जानकारी सामने नहीं आई है। दोनों को हटाने के संबंध में केंद्र ने 30 जुलाई 2024 को कैबिनेट की नियुक्ति समिति को आदेश जारी करने के लिए कहा था। इसके बाद डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल ट्रेनिंग की डायरेक्टर साक्षी मित्तल ने आदेश जारी कर दिया।

केंद्र सरकार की इस कार्रवाई के पीछे की मुख्य वजह जम्मू-कश्मीर में सीमा पार से होने वाले घुसपैठ में पिछले एक साल में अप्रत्याशित वृद्धि और आतंकी हमलों में

▶10पर

### दलजीत सिंह चौधरी को बीएसएफ डीजी का अतिरिक्त प्रभार

**नई दिल्ली, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** गृह मंत्रालय ने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक (डीजी) दलजीत सिंह चौधरी को अगले आदेश तक सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। यह कदम बीएसएफ डीजी नितिन अग्रवार को उनके राज्य कैडर में वापस भेजे जाने के एक दिन बाद उठाया गया। 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी दलजीत सिंह ने इस साल जनवरी में एसएसबी महानिदेशक के तौर पर पदभार संभाला था। केंद्र सरकार ने 19 जनवरी को उन्हें एसएसबी का महानिदेशक नियुक्त किया था। एसएसबी महानिदेश नियुक्त होने से पहले

▶10पर

### सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 72,730/- (प्रति 10 ग्राम)

चाँदी : 85,605/- (प्रति किलोग्राम)

### रूस-यूक्रेन के बाद एक और युद्ध की तरफ बढ़ रहा विश्व!

# प. एशिया में अमेरिकी युद्धपोत और लड़ाकू विमान तैनात

**वाशिंगटन, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन ने अपने युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को पश्चिम एशिया में तैनात किया है। इस युद्धपोत के साथ ही लड़ाकू विमानों से युक्त स्ट्राइक ग्रुप भी पश्चिम एशिया भेजा गया है। इज़राइल-हमास संघर्ष में लेबनान और ईरान के कूदने और तुर्किये द्वारा धमकिया दिए जाने के मद्देनजर एक और युद्ध की आशंका बढ़ गई है।



पश्चिम एशिया में बढ़ते इसी तनाव को देखते हुए अमेरिका ने इस क्षेत्र में अपनी सैन्य तैनाती बढ़ाने का फैसला किया है। अमेरिका ने पश्चिम एशिया में और युद्धक जहाज और लड़ाकू विमान तैनात कर दिए हैं। अमेरिका का यह फैसला ऐसे वक्त आया, जब ईरान ने इज़राइल पर सीधे हमले की धमकी दी और दोनों देशों के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। हिजबुल्ला भी अपने कमांडर की मौत के बाद से इज़राइल पर हमले की फिराक में है।

अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन की उप-सचिव सबरीना सिंह ने एक बयान में कहा कि रक्षा विभाग लगातार ऐसे कदम उठाता रहेगा, जिससे ईरान और ईरान के सहयोगियों द्वारा क्षेत्रीय तनाव बढ़ाने की संभावना को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर के हमास के हमले के बाद से रक्षा सचिव ने बार-बार कहा है

▶10पर

### इसरो-नासा का अंतरिक्ष मिशन

# अंतरिक्ष जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला

**नई दिल्ली, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय बन सकते हैं। राकेश शर्मा करीब चालीस साल पहले अंतरिक्ष में भेजे गए थे। इसरो ने इस साल अक्टूबर के बाद होने वाले इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए इसरो-नासा के पहले मिशन के लिए ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को प्राइम एस्ट्रोनॉट नॉमिनेट किया है। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला 40 साल बाद स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय बन जाएंगे।



ईसरो ने शुक्रवार को जानकारी दी कि उसकी तरफ से ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर को एक्सिओम-4 मिशन के लिए चुना गया है। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को प्राइम एस्ट्रोनॉट नॉमिनेट किया है, जिसका मतलब है कि वह इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने वाले व्यक्ति होंगे। ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर इस मिशन के लिए बैकअप हैं। अगर शुभांशु शुक्ला किसी वजह से स्पेस में नहीं जा पाते हैं तो प्रशांत बालकृष्णन नायर इस काम को संभालेंगे।

▶10पर

### कार्टून कॉर्नर




### मौसम बेंगलूरु

अधिकतम : $29^0$

न्यूनतम : $21^0$

### तमिलनाडु के मंत्री एसएस शिवशंकर की ओछी मानसिकता सामने आई

# श्री राम के अस्तित्व को लेकर अलापा बेवकूफाना राग

- **भाजपा का पलटवार, कहा- डीएमके के नेताओं की याददाश्त चली जाती है**
- **ये वही नेता हैं, जिन्होंने संसद परिसर में चोल वंश के प्रतीक सेंगोल को स्थापित करने का विरोध किया था**

**चेन्नई, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** तमिलनाडु के मंत्री एसएस शिवशंकर ने भगवान राम के अस्तित्व को लेकर विवादित बयान दिया है। इसे लेकर सियासी घमासान छिड़ने के आसार हैं। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) नेता ने कहा, 'भगवान राम के अस्तित्व को साबित करने के लिए हमारे इतिहास में किसी भी तरह का प्रमाण मौजूद नहीं है। अरियालुर में चोल वंश के राजा राजेन्द्र चोल के जन्मोत्सव के दौरान उन्होंने ये बातें कहीं।



समारोह के दौरान शिवशंकर ने कहा, हमें हमारे महान राजा राजेन्द्र चोल का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाना चाहिए। राजेन्द्र चोल का अस्तित्व साबित करने के लिए यहां उनके द्वारा बनाए गए कुंए मौजूद हैं, जिन पर उनका नाम लिखा हुआ है। हमारे इतिहास में इस बात के सबूत हैं कि राजेन्द्र चोल का अस्तित्व था। लेकिन, भगवान राम के अस्तित्व को लेकर हमारे इतिहास में कोई मजबूत प्रमाण मौजूद नहीं है। कुछ लोग कहते हैं कि राम एक अवतार थे और एक अवतार कभी जन्म नहीं ले सकता। हमारे इतिहास को छिपाकर हमसे ये बातें तोड़-मरोड़कर पेश की जाती हैं।



उधर, एसएस शिवशंकर के बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने उन पर निशाना साधा है। तमिलनाडु के भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने सोशल मीडिया मांच एक्स पर लिखा, एक सप्ताह पहले ही डीएमके के कानून मंत्री रघुपति ने घोषणा की थी कि भगवान श्री राम सामाजिक न्याय के मामले में अद्भुत व्यक्ति थे। साथ ही भगवान राम धर्मनिरपेक्षता के प्रणेता और सभी के लिए समानता की की बात करते थे। के अन्नामलाई ने आगे कहा, आज, घोटालों में फंसे हुए परिवहन मंत्री शिवशंकर भगवान राम के अस्तित्व को नकार रहे हैं। वे दावा कर रहे हैं कि यह सब चोल वंश के इतिहास को मिटाने की योजना है। यह साबित करता है कि डीएमके के नेताओं की याददाश्त चली जाती है। ये वही नेता हैं, जिन्होंने पीएम मोदी द्वारा संसद परिसर में चोल वंश के प्रतीक सेंगोल को स्थापित करने का विरोध किया था।

अन्नामलाई ने आगे

▶10पर

# आचार्य आनंदऋषि एवं उपाध्याय केवलमुनि की जयंती मनायी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ हनुमंतनगर के तत्वावधान एवं साध्वी श्री धर्मप्रन्ना जी, साध्वी स्नेह प्रभा जी के पावन सानिध्य में राष्ट्र संत आचार्य सम्राट श्री आनंद ऋषि जी की 124 वीं जन्म जयंती एवं श्रमण संघीय उपाध्याय श्री केवलमुनि जी महाराज की 111वीं जन्म-जयंती आयंबिल दिवस के रूप में तप-त्यागपूर्वक हनुमंतनगर स्थित मरुधर केसरी दरबार में विशाल जनमेदिनी की उपस्थिति में मनायी गयी।



इस अवसर पर साध्वी धर्मप्रभा जी ने आचार्य आनंदऋषिजी के संयमी जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आचार्य भगवंत का व्यक्तित्व एवं कृतित्व बहुत प्रभावशाली था। उनके संपूर्ण व्यक्तित्व में मानवता के महान गुण के दर्शन होते थे। जिन्होंने मात्र 13 वर्ष की छोटी उम्र में गुरुदेव श्री रत्न ऋषि जी के पास दीक्षा ग्रहण की और अपने जीवन में अनुशासन, सरलता, विनम्रता, विद्वता, सेवा स्वाध्याय जैसे सद्गुणों को अपने संयमी जीवन में आत्मसात् करते हुए और जैन धर्म-परंपरा के परम प्रधान पांच मुख्य पदों पर सुशोभित हुए। उनका जीवन यथा नाम तथा गुण था।

आनंद के दर्शन ही आनंद का स्त्रोत था। आचार्य श्री का जीवन समता संयम व साधना की त्रिवेणी था। महाराष्ट्र की धरती पर मात्र जैन ही नहीं बल्कि छत्तीस कोम के लोग आज भी उन्हें भगवान की तरह पूजते हैं।

साध्वी धर्मप्रभा जी ने उपाध्याय प्रवर श्री केवलमुनि जी की जीवन झांकी को प्रस्तुत करते हुए कहा कि वे एक ऐसे संत थे जिनके जीवन में नियम पालन में कठोरता, व्यवहार में मृदुता व आदमिय सिद्धान्तों के प्रति दृढ़ता उनके रोम रोम में बसी हुई थी। प्रारंभ में साध्वी स्नेह प्रभाजी ने महापुरुषों का गुणानुवाद करते हुए कहा कि आचार्य आनंदऋषिजी ने समाज के सर्वतोमुखी विकास के लिये, कुरीतियों के निवारण के लिए समाज की अनेकों हितकारी योजनाएं दी। उनकी साधना के प्रभाव से उन्हें स्पर्श लब्धि व वचन सिद्धि जैसी सिद्धियां प्राप्त की।

धर्मसभा में हस्तीमल बाफना, विजयराज सेठिया, गौतमचंद ओस्तवाल आदि स्थानीय एवं बाहरगांव के अनेक क्षेत्रों से दर्शनार्थी-गुरुभक्त गण उपस्थित थे। रेखा मेहता ने 15 उपवास के पच्चखान ग्रहण किये। कार्यक्रम का संचालन संघ मंत्री सुरेश कुमार घोका ने किया।

# बदलाव प्रकृति का नियम: मुनि



**गदग/शुभ लाभ ब्यूरो।**
श्री राजस्थान जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक संघ के तत्वावधान में पार्श्वनाथ जैन मंदिर के भवन में चातुर्मास विराजित आगमरत्न सागरजी, प्रशमरत्न सागरजी, वज्ररत्न सागरजी ने धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए कहा बदलाव प्रकृति का नियम है। समय इस संसार में जीवन में अन्य सभी वस्तुओं यहाँ तक कि, धन से भी अधिक शक्तिशाली और अमूल्य वस्तु है। यदि एकबार कीमती समय चला जाता है, तो यह हमेशा के लिए चला जाता है और लौटकर कभी भी वापस नहीं आता है। क्योंकि यह हमेशा आगे की ओर चलता है और न कि पीछे की दिशा में। यह बिल्कुल सत्य है कि, यदि कोई व्यक्ति समय की अहमियत को नहीं समझता, तो समय भी उस व्यक्ति की अहमियत को नहीं समझता है। यदि हम अपने समय को नष्ट करेंगे, समय भी हमें बहुत बुरी तरह से नष्ट करेगा। आगमरत्न सागरजी ने कहा यह सत्य है कि, समय कभी भी किसी की प्रतिक्षा नहीं करता। एक समय पर, समय केवल एक ही मौका देता है, यदि हम इसे एकबार खो देते हैं, तो इसे कभी भी वापस नहीं पा सकते हैं।

प्रशमरत्न सागरजी ने कहा यह बहुत ही आश्चर्यजनक वस्तु है, जिसकी न तो कोई शुरुआत है, न ही कोई अन्त। यह बहुत ही शक्तिशाली वस्तु है, जिसके साथ वस्तुएं जन्म लेती हैं, बढ़ती हैं, घटती हैं और नष्ट हो जाती हैं। इसकी कोई भी सीमा नहीं है, इसलिए यह अपनी ही गति से निरंतर चलता रहता है। इस संसार में सबकुछ समय के अनुसार चलता है। इस संसार में सबकुछ समय के अनुसार बदलता है क्योंकि, समय से कुछ भी स्वतंत्र नहीं है।

# सदगुणों के अनुसरण से महापुरुष बनते हैं: विपुलदर्शना

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ श्रीरामपुरम के सानिध्य में राष्ट्र संत आचार्य आनंदऋषि के 124वें जन्म दिवस के अवसर पर गतिमान सप्त दिवसीय आयोजन के 5वें दिन साध्वी विपुलदर्शना ने कहा कि जैसे फूलों की सुगंध पर एकाग्र होने से वही गंध स्वयं से निकलती हुई प्रतीत कर सकते है, सूर्य को एकाग्रता से देखने पर अंतरंग में प्रकाशित होता महसूस कर सकते है।



ठीक वैसे ही महापुरुषों के गुणों में एकाग्रचित्त होने से स्वयं को महापुरुष जैसा महसूस करेंगे। उन्होंने कहा कि जैसे एक शिल्पी अतिरिक्त पत्थरों को हटाकर एक शानदार मूर्ति का निर्माण करता है ठीक उसी तरह से स्वयं में रहे दुर्गुणों को निकालकर व सदगुणों को अपनाने से महापुरुष बना जा सकता है। उन्होंने कहा कि एक विचारधारा के साथ कार्य करना चाहिये, परतंत्रता में भी स्वतंत्र विचारधारा से क्रांति लायी जा सकती है। जैसे महात्मा गांधी की अहिंसा, विनोबा भावे की सर्वोदय, लालबहादुर शास्त्री की जय जवान-जय किसान विचारधारा से क्रांति आयी थी वैसे ही आचार्य आनंदऋषि की संप्रदाय नहीं संगठन की विचारधारा से जैन समाज में क्रांति आयी थी। साध्वी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के भीतर एक नेता मौजूद रहता है, नेतृत्व मिलना आसान है परंतु नेतृत्व करना बहुत कठिन है। सकारात्मक विचारधारा, साहस, भावनात्मकता, प्रभाव-प्रेरणा एवं जिम्मेदारी जैसे महत्वपूर्ण गुणों से ही एक अच्छा नेता बन सकते है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने आप से यह प्रश्न जरूर पूछे कि उसने घर-परिवार, समाज, धर्म एवं देश के लिये क्या किया है, स्वयं में रही हुई क्षमताओं का आंकलन करे तथा स्वयं के दूसरों को भी सम्भाले। संघ मंत्री अशोककुमार गुगलिया के अनुसार सप्त दिवसीय कार्यक्रमों के अन्तर्गत रविवार को सामूहिक दया व्रत का विशाल आयोजन श्रीरामपुरम स्थानक में किया जायेगा। शनिवार के स्वावलंबन दिवस का लाभार्थी परिवार दाकुबाई बाबुलाल पटवा परिवार रहा। संचालन संघ अध्यक्ष शांतिलाल खींवेसरा ने किया।

# श्रद्धापूर्वक साधना आराधना करना ही भाव पूजा: रूपेशमुनि

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ राजाजीनगर के तत्वावधान में उप प्रवर्तक पंकजमुनि के सानिध्य में रूपेशमुनि ने कहा कि संसार में व्यक्ति तीन प्रकार से जीवन को जीते है, पहला व्यक्ति क्रोध से जीवन जीता है जो स्वयं दुखी रहता है और औरों को भी दुखी करता है।



दूसरा व्यक्ति जीवन को बोझ की तरह जीता है, जो हमेशा रोना रोता है। वह कभी खुश नहीं रह सकता। तीसरा व्यक्ति आनंदमय जीवन जीता है। जो स्वयं भी सुखी रहता है और औरों को भी सुखी करता है। उन्होंने कहा कि यह मानव का जन्म हमे पुनवानी से मिला है। समय रहते इसका सदुपयोग कर लेना चाहिए। लेकिन इंसान इस अनमोल जीवन को यूहीं व्यर्थ गँवा रहा है। हम विषय वासनाओं में इन साँसो को खो रहे है। मानव जीवन को श्रेष्ठ बनाने के छह सूत्र महापुरुषों ने बताये है। जिसमें पहला सूत्र जिनेंद्र पूजा है। जिनेंद्र पूजा तीर्थंकर परमात्मा की आराधना है। जिन यानि जिन्होंने सबको जीत लिया और जान लिया। जिनेंद्र देव, जो आत्मज्ञान प्राप्त कर चुके हैं और मोक्ष का मार्ग दिखाते हैं। जिनेंद्र पूजा का उद्देश्य आत्मा की शुद्धि और मोक्ष प्राप्ति की दिशा में प्रेरणा प्राप्त करना है। श्रद्धापूर्वक समर्पित होकर प्रभु की साधना आराधना ही श्रेष्ठ पूजा है। पूजा दो प्रकार की है भाव पूजा और द्रव्य पूजा। दोनों प्रकार की पूजा का उद्देश्य आत्मा की शुद्धि और मोक्ष प्राप्ति है। दोनों को समान रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है। द्रव्य पूजा बाहरी प्रतीकों और अनुष्ठानों के माध्यम से भक्ति को प्रकट करती है, जबकि भाव पूजा आंतरिक श्रद्धा और ध्यान पर केंद्रित होती है। श्रद्धापूर्वक छह काय जीवों की रक्षा करना, साधना के मार्ग पर चलना और स्वयं को जानना ही भाव पूजा है। जो स्वयं को जान लेता है वह सारे जग को जान लेता है। दोनों का संतुलित रूप से पालन करके व्यक्ति आत्मिक उन्नति और मोक्ष की दिशा में अग्रसर हो सकता है। इस अवसर पर जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय प्रमुख मार्गदर्शक सुरेशचंद छल्लाणी व अन्य उपस्थित रहे। भाविक कोठारी ने 15 उपवास के प्रत्याख्यान लिए। अंत में पंकजमुनि ने मंगलपाठ प्रदान किया। अध्यक्ष प्रकाशचंद चाणोदिया ने आभार व्यक्त किया।

# पुण्य से ही लक्ष्मी और सुख सुविधाओं की प्राप्ति



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
श्री जिन कुशल सूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वी स्वर्णांजना श्री जी ने अपने प्रवचन में कहा कि परमात्मा की देशना का अंश अगर हमारे जीवन में आ जाए तो हमारा जीवन बसंत बन जाता है। एक रसना को अगर हम वश में कर लेंगे तो हमारी तपस्या निर्विघ्न सम्पन्न हो जाती है। छोटी छोटी तपस्या और नियमों से हम जीवन में अनेक पापों से बच सकते हैं। हमें मन की दूषित प्रकृतियों से दूर रहना है। हमारे पुण्य से ही हमें लक्ष्मी प्राप्त होती है। मेहनत मजदूरी तो बहुत व्यक्ति करते हैं लेकिन पुण्य से ही हमें सम्पत्ति सुख सुविधाएं प्राप्त होती है। तपस्या से हमें पुण्य की प्राप्ति होती है। पुण्य से कमाई गई सम्पत्ति को पुण्य में ही लगानी चाहिए। इससे पुण्य का ही अनुबंध होता है। जीवन में हमेशा धूप छांव आती रहती है। हमारे जीवन में किए गए सुकृत कार्यों की अनुमोदना करने के साथ जो भी दुष्कृत किए हैं उनकी निंदा गरहा करके उन पापों की आलोचना करनी है।

साध्वी वर्या ने कहा कि आज ही के दिन ओसियां तीर्थ में रत्नप्रभ सूरी जी द्वारा पशु बलि प्रथा को रोककर अहिंसा धर्म का प्रचार करके श्रावण वदी 14 को ओसवाल वंश की स्थापना हुई थी।

इसी ओसवाल वंश में अनेक आचार्य भगवन्त जिनशासन की प्रभावना कर रहे हैं। रविवार को श्री जिनदत्त कुशल सूरी जैन सेवा एवं संगीत मंडल के रजत जयंती महोत्सव कार्यक्रमों के अन्तर्गत जीवदया हेतु सामग्री एकत्रित की जाएगी और उसे अलग अलग कबूतरखानों और गौशालाओं में वितरित की जाएगी।

# आलस्य नहीं समय का सदुपयोग करें पर कार्यशाला

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार राजराजेश्वरी नगर महिला मंडल द्वारा समृद्ध राष्ट्र योजना के अंतर्गत संस्कार शाला का द्वितीय चरण शनिवार को सरकारी प्राथमिक विद्यालय बिदादी में आयोजित किया गया। कार्यशाला का विषय आलस्य नहीं समय का सदुपयोग करें था। इस विषय पर बहनों ने बच्चों को उद्बोधन दिया। बच्चों को नमस्कार महामंत्र के उच्चारण के साथ कार्यशाला का प्रारंभ सुशीला देवडा ने किया। महाप्राण ध्वनि का प्रयोग सीमा दक ने करवाया। विद्यालय के बच्चों को विषय की जानकारी देते हुए काजल जैन ने समय के सदुपयोग की महत्वता पर प्रकाश डाला। बच्चों को विषय की सूचना पिछले हफ्ते दी गई थी, जिसके आधार पर बच्चों ने कहानी के माध्यम से अपने भाव व्यक्त किये। बच्चों से पोस्टर पर लिखे हुए शब्दों को पढाया गया तथा बच्चों को मतलब और महत्व समझाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सकारात्मक पुष्टि के साथ कार्यशाला सम्पन्न हुआ। कार्यशाला में अध्यक्ष सुमन पटावरी, मंत्री पदमा महेर और संयोजिका पूनम दक का पूरा सहयोग रहा।



# मन को सेट करो नहीं तो सब कुछ अपसेट हो जाएगा: राजेशमुनि

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
शांतिनगर में लुणावत जैन स्थानक भवन में प्रातः कालीन प्रवचन में राजेश मुनि ने फरमाया कि हमें किसी भी तरह के विवाद में नहीं पड़ना चाहिए। संवाद जुड़ाव का माध्यम होता है जबकि विवाद से दूरियां पैदा होती हैं। सम्यक वाद ही संवाद है। मूर्ख लोग विवाद करते हैं जबकि धार्मिक लोग संवाद किया करते हैं। मुनि ने कहा कि यदि संस्कार देने वाले गुरु ना होते तो आज हमारी स्थिति बहुत विकट होती। गुरु समाधान देते हैं और सावधान करते हैं। अहिंसा जैसे सिद्धांतों पर आचरण के कारण आज पूरा विश्व जैन धर्म का लोहा मानता है। लोग जैन धर्म में जन्म लेना चाहते हैं। इंग्लैंड के प्रसिद्ध विचारक जॉर्ज बर्नार्ड शॉ ने कहा था कि काश मैं जैन धर्म में जन्म ले पाता। वर्तमान में सामाजिक बदलाव पर मुनि ने कहा कि आज संस्कार, व्यवहार, मेलजोल सब कुछ बदल गया है। आपसी विश्वास कमजोर हो गया है। संबंधों में पहले जैसी मधुरता नहीं रही। अहंकार हावी हो गया है। मैं बड़ा हूं, यह सोच सारी दिशा तय कर रही है।

आज लोग धन के पीछे भाग रहे हैं। धर्म के बिना धन का कोई मूल्य नहीं। धर्म के रास्ते पर चलकर अर्जित किया गया धन ही सुखद हो सकता है, हमें यह बात समझ लेनी चाहिए। साधु, संत और मुनि की व्याख्या करते हुए मुनि ने कहा कि साधु वह है जो साधना करे। जो मौन रहे वह मुनि है और जो शांत है वह संत है। जिसके मन में तेरा मेरा का भाव मिट गया वह निर्ग्रंथ है। मुनि ने इंद्रियों के सुख को क्षणभंगुर और विनाशकारी बताते हुए कहा कि पांच इंद्रियां और एक मन यदि हमारे ऊपर हावी है तो हमारा कल्याण नहीं हो सकता। मन के बस में नहीं चलना चाहिए। मन को सेट करो नहीं तो सब कुछ अपसेट हो जाएगा। मन के बस में चलोगे तो इंद्रियों की गुलामी मिलेगी। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

रविवार को प्रवचन का विषय आज का युवा कल का भविष्य रहेगा। संघ के अध्यक्ष धनरूप चंद मेहता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। संचालन मंत्री छगनमल लुणावत ने किया।

# धर्म विरोधी आंधी से लड़े आचार्य श्री रामचंद्रसूरीश्वरजी

## 33वीं स्वर्गारोहण तिथि पर भव्य गुणानुवाद सभा



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** सीमंधर शान्तिसूरि जैन संघ, वीवी पुरम के तत्वावधान में आचार्य श्री अरिहंतसागर सूरीश्वरजी ने श्री संभवनाथ भवन में शनिवार को आचार्य श्री रामचंद्रसूरीश्वरजी की 33वीं स्वर्गारोहण तिथि पर भव्य गुणानुवाद सभा के अवसर पर प्रवचन देते हुए कहा कि समुद्री लहरों के प्रवाह के साथ हर कोई तैर लेता है, लेकिन प्रवाह के विपरीत तैरना हर किसी के बस की बात नहीं है। ऐसी ही एक विरल विभूति थे आचार्य श्रीमद् विजय रामचंद्रसूरीश्वरजी, जिन्होंने तत्कालीन विपरीत परिस्थितियों से भी जिनशासन के सिद्धांतों और धर्म की व्यवस्थाओं को संरक्षित रखा। तीर्थंकरों द्वारा प्रदान किया गया मोक्षमार्ग आज हम तक सुरक्षित रूप से पहुंचा है उसमें पूर्वाचार्यों की अहम भूमिका रही है, जिन्होंने कई उतार-चढ़ाव और धर्म विरोधी आंधी के बीच भी धर्म के सिद्धांतों को अपने मूलभूत रूप में सुरक्षित रखने हेतु अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि आस्तिकता एवं धर्म के अनुकूल वातावरण में धर्म की धरोहर को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाना फिर भी आसान है, लेकिन नास्तिकता के दौर में एवं प्रतिकूल वातावरण में आचार्य श्री रामचंद्रसूरीश्वरजी ने शासन के वफादार प्रहरी की भूमिका निभाई है। उनके प्रवचनों ने न सिर्फ जैनों अजैनों को बल्कि तत्कालीन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू व सरदार वल्लभभाई पटेल समेत राजनीति के कई दिग्गजों को प्रभावित किया था। इससे पूर्व श्री संघ के पदाधिकारिओं व त्रिभुवनतारक परिवार के सदस्यों ने आचार्य श्रीमद् विजय रामचंद्रसूरीश्वरजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित किया। मीठालाल पावेचा ने संचालन करते हुए रामचंद्रसूरीश्वरजी की दीक्षा और प्रारंभिक वर्षों में संघर्षों के बीच भी सत्व के साथ की गई धर्मरक्षा की प्रवृत्तियों का परिचय दिया।

# स्कूल संरक्षण प्रोग्राम का आयोजन

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार समृद्ध राष्ट्र योजना बढ़ते कदम विकास की ओर के अंतर्गत तेरापंथ महिला मंडल राजाजीनगर ने शुक्रवार को सरकारी हाई स्कूल जुगन्नाहल्ली में स्कूल संरक्षण प्रोग्राम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत नमस्कार महामंत्र से हुई। उसके पश्चात महिला मंडल की बहनों द्वारा प्रेरणा गीत का संगान किया गया। राजाजीनगर मंडल की परामर्शिकाएं और नवयुवती बहनों ने तिलक लगाया तथा मंडल की बहनों ने स्वागत गीत के साथ सभी का स्वागत अभिनंदन किया। अध्यक्षा उषा चौधरी ने सभी बहनों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सरिता डागा ने बताया कि स्कूल संरक्षण एक बहुत ही सुंदर कार्य है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को ज्ञान कौशल और मूल्यों के साथ सशक्त बनाना है,



ताकि वह भविष्य में सफल और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। महामंत्री नीतू ओस्तवाल ने अपने विचारों की अभिव्यक्ति देते हुए कहा कि स्कूल को संरक्षण में लेकर विकास की तरफ अग्रसर करें। मधु कटारिया, माला कातरेला, अनीता बरडिया भी कार्यक्रम में उपस्थित थी। गवर्नमेंट हाई स्कूल जुगन्नाहल्ली को संरक्षण में लेकर ठंडे और गर्म पानी के डिस्पेंसर मशीन, 10 बेंच, टी-शर्ट, नोटबुक्स, स्टेशनरीज, स्पोर्ट्स आइटम्स, फर्स्ट एड किड्स, हाइजीन आइटम्स का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंत्री लता नवलखा ने किया। उपाध्यक्ष सुनीता कोठारी ने आभार प्रकट किया। संयोजिका रंजीता बोथरा और स्नेहा चौरडिया ने श्रम नियोजित किया। कार्यक्रम में तेरापंथ सभा अध्यक्ष अशोक चौधरी और तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष कमलेश चौरड़िया समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# मैसूरु चलो पदयात्रा कर्नाटक में भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने की ताकत रखती है: विजयेंद्र





## हम कांग्रेस सरकार को गिराने जा रहे

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि मैसूरु चलो पदयात्रा कर्नाटक में भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने की ताकत रखती है। वह शनिवार को केंगेरी में भाजपा-जेडीएस समन्वित मैसूरु चलो पदयात्रा के उद्घाटन पर बोल रहे थे। बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मार्च का शुभारंभ घंटा बजाकर किया गया। कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अवमानना के नारे लगाये गये। झूठे वादे कर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार ने अपना वादाखिलाफी की है। भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। उन्होंने अनुसूचित समुदाय के वाल्मीकि निगम से 187 करोड़ रुपये लूटने के लिए पिछड़े वर्ग को सामाजिक न्याय देने का वादा करने वाली सिद्धरामैया सरकार की आलोचना की। उन्होंने मैसूरु के मुडा के तहत भूखंडों में घोटाला कर गरीबों को धोखा दिया। वहां 5 हजार करोड़ का घोटाला हुआ है। मुख्यमंत्री स्वयं भ्रष्ट अधिकारियों को समर्थन और संरक्षण दे रहे हैं। उन्होंने आपत्ति जताई कि ये मुख्यमंत्री ही हैं जो भ्रष्टाचार के चरम पर पहुंचने से चिंतित हैं और अधिकारियों का समर्थन कर रहे हैं। हमने चुनाव के दौरान कहा था कि एटीएम सरकार गांधी परिवार को काला चंदा देने आ रही है। मुडा अध्यक्ष मारी गौड़ा, जिन्हें स्वयं सिद्धरामैया ने नियुक्त किया था, ने कहा कि मुडा घोटाला हुआ है। उन्होंने अनुसूचित समुदाय के साथ लगातार अन्याय किया है। कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार का दूसरा नाम है। विजयेंद्र ने ऐलान किया कि ऐसी कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंका जाएगा। कांग्रेसी भाजपा के भ्रष्टाचार की कहानी बता रहे हैं। वे हमें धमकी दे रहे हैं। हम कांग्रेस सरकार को गिराने जा रहे हैं। सिद्धरामैया का समाजवादी मुखौटा उतर गया है। हमारा संघर्ष व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं है, बल्कि भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ है। यह गरीब विरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ाई है। जेडीएस के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पापों से भरी है। अगले 10 साल छोड़ो, वह 10 महीने भी शासन नहीं कर सकते। कांग्रेस पार्टी की सरकार शासन-प्रशासन में अभूतपूर्व भ्रष्टाचार में लिप्त है। उन्होंने कहा कि क्या वाल्मीकि निगम और मुडा घोटाले पर सिद्धरामैया का ध्यान नहीं गया। कांग्रेस ने मार्च को रोकने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया है। मैं हमारी संपत्ति के बारे में कांग्रेस अध्यक्ष के सवालों का विस्तार से जवाब दूंगा। उन्होंने कहा कि वे उनकी अनियमितताओं की भी जानकारी देंगे। राजनीति में आने से पहले कितनी थी शिवकुमार की संपत्ति? उन्होंने सवाल किया कि उन्होंने इसके माध्यम से क्या किया। उन्होंने पूछा कि क्या उन्हें इससे हजारों करोड़ मिले। उन्होंने कहा कि मोदी लोगों को संविधान द्वारा दिये गये अधिकार दे रहे हैं। प्रदेश भाजपा प्रभारी राधामोहनदास अग्रवाल ने कहा कि यह घोटाला राहुल गांधी के निर्देश पर हुआ है। पैसा हाईकमान को भेज दिया गया।

उन्होंने इस पैसे का इस्तेमाल चुनावी भ्रष्टाचार के लिए किया। डीके शिवकुमार भी भ्रष्ट हैं। उन्होंने बताया कि उनका अवैध पैसा पहले मिल गया था। उन्होंने सरकार को नोटिस देने के लिए राज्यपाल को धन्यवाद दिया। भाजपा के सह-प्रभारी सुधाकर रेड्डी ने कहा कि यह जनता का मार्च है। कृष्णार्जुन की तरह विजयेंद्र-कुमारस्वामी इसका नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस की आलोचना करते हुए उसे भ्रष्ट लोगों की सरकार और झूठों की सरकार बताया। उन्होंने मांग की कि संविधान का अपमान करने वाले मुख्यमंत्री को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।

### भ्रष्टाचार कांग्रेस के डीएनए में है

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि भ्रष्टाचार कांग्रेस के डीएनए में है। कांग्रेस शासन में देश में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ। नरेंद्र मोदी के प्रशासन में भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं है। कोयला, 2जी समेत कई घोटाले हुए। अब उन्होंने ऐसे घोटाले जारी रखने के लिए सिद्धरामैया की आलोचना की। सिद्धरामैया ये कांड आपके ही हाथों हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए राज्यपाल को धमकाने का काम कर रही है और इस बात पर आपत्ति जताई कि इसमें कांग्रेस आलाकमान की भी भागीदारी है। विपक्ष के नेता आर अशोक ने कहा कि हमने स्थायी नोटिस के जरिये मुडा घोटाले का ब्योरा मांगा था। उनकी पार्टी के लोगों ने कहा है कि मुडा में 3 से 4 हजार करोड़ का घोटाला हुआ है। उन्होंने कहा कि हम विपक्ष के संघर्ष के अधिकार के लिए मार्च कर रहे हैं। उन्होंने एक दलित व्यक्ति की जमीन निगल ली है। अगर सीएम ने कुछ गलत नहीं किया है तो राज्यपाल से सवाल क्यों कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी एक ही नोटिस से कांप रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज एक टूटा हुआ घर है।

## अगर सिद्धरामैया सत्यहरिश्चंद्र हैं तो पहले इस्तीफा दें: सदानंद गौड़ा



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

पूर्व केंद्रीय मंत्री डीवी सदानंद गौड़ा ने सीएम सिद्धरामैया को चुनौती दी है कि अगर वह कहते हैं कि वह सत्यहरिश्चंद्र हैं और उनके सार्वजनिक जीवन में एक भी काला धब्बा नहीं है, तो मुडा घोटाला मामले में वह अपने पद से इस्तीफा दे दें। मुडा घोटाले में सीएम सिद्धरामैया के इस्तीफे की मांग करते हुए जेके ग्रैंड एरेना सेंटर में आयोजित एक सम्मेलन में उन्होंने सवाल उठाया कि अगर सिद्धरामैया सत्यहरिश्चंद्र हैं तो उन्हें इस्तीफे देना ही चाहिए। सिद्धरामैया सत्ता में लूटपाट कर रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि बेशर्म सरकार मांस खाने और पानी पीने के मूड में है। उन्होंने भसासुर बनकर लोगों के सिर पर हाथ रख दिया है। वे हमेशा से कहते रहे हैं कि मैं सत्य हरिश्चंद्र हूं। लेकिन आज उनका रंग सामने आ गया। हालांकि, उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि वह इस्तीफा देने के बारे में नहीं सोच रहे हैं। यह सिर्फ राज्य का घोटाला नहीं है। सीएम को राज्य की जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए। अन्यथा हम इसे इसके तार्किक अंत तक ले जाएंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि सीएम सिद्धरामैया अगले दो दिनों में इस्तीफा दे देंगे।

## पूरा मंत्रिमंडल मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के साथ: मधु बंगारप्पा

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**



कर्नाटक में मुडा मुद्दे पर राज्यपाल के कार्यालय का दुरुपयोग कर अपनी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए स्कूली शिक्षा मंत्री मधु बंगारप्पा ने कहा कि राज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री को नोटिस दिए जाने के मुद्दे पर पूरा मंत्रिमंडल मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के साथ खड़ा है। शिवनोग्गा में शनिवार को मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए मधु बंगारप्पा ने कहा कि कथित मुडा घोटाले में सिद्धरामैया की कोई भूमिका नहीं है। उनकी पत्नी को कानूनी तौर पर भूखंड आवंटित किए गए थे। उन्होंने कहा वास्तव में, आवंटन तब किया गया था जब भाजपा सत्ता में थी। तब राजीव मुडा के अध्यक्ष थे। अगर भूखंडों का कोई अवैध आवंटन हुआ था, तो वह भाजपा के शासन के दौरान हुआ था।

# शिक्षा में सीएसआर फंड लगाने के लिए जल्द ही नीति बनाई जाएगी: शिवकुमार

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**



कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने कहा कि कर्नाटक सरकार जल्द ही एक नीति बनाएगी, जिसके तहत राज्यों में कॉरपोरेट्स को अपने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) फंड को शिक्षा में लगाने के लिए अनिवार्य बनाया जाएगा। बेंगलूरु चैंबर ऑफ इंडस्ट्री एंड कॉमर्स (बीसीआईसी) की 47वीं वार्षिक आम बैठक में उद्योग प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा हम एक नीति की योजना बना रहे हैं, जिसके तहत कॉरपोरेट्स को इस साल अपने सीएसआर फंड को शिक्षा में लगाने के लिए अनिवार्य बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य रोजगार के मुद्दे को संबोधित करना है। उन्होंने कहा हम कर्नाटक मॉडल स्कूलों की भी योजना बना रहे हैं और कॉरपोरेट्स से आग्रह करते हैं कि वे आगे आएं और इन स्कूलों को अपनाएं। नौकरियां तभी पैदा की जा सकती हैं, जब रोजगार देने वाले यानी उद्योग हों। शिवकुमार ने कहा कि पूरी दुनिया बेंगलूरु और कर्नाटक की ओर देख रही है और इसलिए शहर का विकास बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा सरकार उद्योग के साथ खड़ी है और विकास के लिए सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए करावली के लिए एक नई पर्यटन नीति की योजना बना रही है, साथ ही सभी निवेशकों को परेशानी मुक्त सहायता प्रदान करने के लिए एक विशेष सेल भी बनाने की योजना है।

बीसीआईसी के अध्यक्ष विनीत वर्मा ने कहा कि व्यापार निकाय का उद्देश्य नीतिगत वृद्धि, समीक्षा और प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के संबंध में कर्नाटक के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण बनाना है, ताकि सतत उद्योग विकास सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य बेंगलूरु से आगे बढ़कर ऑटो कंपोनेंट, टेक्सटाइल, खाद्य प्रसंस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि जैसे धर्मनिरपेक्ष क्षेत्रों में विकास का विस्तार करना है।

# तेजस्वी सूर्या ने सिद्धरामैया सरकार को लंगड़ी सरकार बताया

## सीएम से इस्तीफा देने की मांग

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के खिलाफ कथित मुडा और वाल्मीकि निगम घोटालों को लेकर लगाए गए आरोपों को बहुत गंभीर बताते हुए, भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने शनिवार को सीएम से अपने पद से इस्तीफा देने का आग्रह किया। उनके बयान ऐसे समय में आए हैं जब कर्नाटक में भगवा पार्टी ने मुडा द्वारा कथित धोखाधड़ी वाले स्थलों के आवंटन के विरोध में शनिवार से 10 अगस्त तक अपने एनडीए सहयोगी जेडी(एस) के साथ बेंगलूरु से मैसूरु तक पदयात्रा निकाली है। मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) पर स्थलों के आवंटन में अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है, जिसके कारण करोड़ों रुपये की भूमि का नुकसान हुआ है। कथित तौर पर इससे सिद्धरामैया की पत्नी को लाभ हुआ है। मुडा घोटाले में, यह आरोप लगाया गया है कि सिद्धरामैया की पत्नी को मैसूरु के एक पॉश इलाके में मुआवजा देने वाली जगहें आवंटित की गईं, जिनकी संपत्ति का मूल्य उनकी जमीन की तुलना में ज्यादा था, जिसे मुडा ने अधिग्रहित किया था। भाजपा नेताओं ने दावा किया है कि मुडा घोटाला 4000 करोड़ रुपये से 5,000 करोड़ रुपये के बीच का है। दूसरी ओर, वाल्मीकि निगम घोटाले में लगभग 187.33 करोड़ रुपये शामिल हैं, जिसमें सरकारी खजाने में 40 करोड़ रुपये सहित विभिन्न खातों में रखे गए पैसे को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की एमजी रोड शाखा में भेज दिया गया। तेजस्वी सूर्या ने कहा इस मुडा घोटाले में मुख्यमंत्री और उनके परिवार के खिलाफ जिस तरह के आरोप सामने आए हैं, वे बहुत गंभीर हैं। उन्होंने दावा किया कि सीएम और उनका परिवार इन घोटालों का प्रत्यक्ष लाभार्थी रहा है। इसे खुला और बंद मामला बताते हुए, बेंगलूरु दक्षिण के सांसद ने कहा सीएम और उनके परिवार के पास छिपने के लिए कोई जगह नहीं है। आरोप बहुत गंभीर हैं। अब समय आ गया है कि वे इस्तीफा दें और कर्नाटक में एक अधिक सक्षम, पारदर्शी सरकार आने दें। कर्नाटक में कांग्रेस को लंगड़ी सरकार करार देते हुए, सूर्या ने राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी पर विकास गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए पैसे नहीं होने का आरोप लगाया। भाजपा नेता ने कहा इन मूर्खतापूर्ण लोकलुभावन नीतियों के बाद खजाने में जो भी पैसा बचा है, वह इस तरह के भ्रष्टाचार घोटालों में बरबाद हो रहा है। सूर्या ने कहा हमें उम्मीद है कि यह पदयात्रा कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के अंत की शुरुआत होगी।

# विधायक वेदव्यास कामथ ने डीके में बारिश से हुए नुकसान के लिए 300 करोड़ रुपये की मांग की

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

विधायक वेदव्यास कामथ ने मांग की कि राज्य सरकार दक्षिण कन्नड़ (डीके) को 300 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज जारी करे, क्योंकि भारी बारिश ने जिले में भारी नुकसान पहुंचाया है। यहां शनिवार को मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा दक्षिण कन्नड़ में भारी बारिश हुई है, जिससे घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जलभराव हो गया है, परिसर ढह गए हैं और लोगों की जान चली गई है। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन कोष के तहत पूरे घर के नुकसान के लिए 1.20 लाख रुपये और न्यूनतम घर के नुकसान के लिए 50,000 रुपये की घोषणा की थी, लेकिन बाढ़ के पानी के घरों में घुसने और नुकसान पहुंचाने के लिए कोई धनराशि घोषित नहीं की गई है। जिले के प्रभारी मंत्री ने अतिरिक्त धनराशि देने का वादा किया, लेकिन कामथ ने बाढ़ प्रभावित पीड़ितों को इन निधियों के प्रावधान और वितरण की समयसीमा पर सवाल उठाया। विधायक ने याद दिलाया कि बीएस येदियुरप्पा के मुख्यमंत्री बनने के तुरंत बाद, मंत्रिमंडल गठन से पहले ही, उन्होंने पूरे राज्य का हवाई सर्वेक्षण किया और पूरे घर के नुकसान के लिए 5 लाख रुपये, न्यूनतम नुकसान के लिए 2.5 लाख रुपये और बाढ़ से प्रभावित घरों के लिए 10,000 रुपये की घोषणा की। कामथ ने कहा जब आर अशोक राजस्व मंत्री थे, तो उन्होंने केंद्र सरकार की मंजूरी का इंतजार किए बिना राज्य सरकार से धन जारी कर दिया था। विधायक ने एनडीआरएफ फंड जारी करने का आग्रह किया क्योंकि सरकार दिवालिया हो गई है। उन्होंने जिले का दौरा न करने और मुडा घोटाले में व्यस्त रहने के लिए मुख्यमंत्री सिद्धरामैया की आलोचना की और दावा किया कि सरकार बारिश से हुए नुकसान के लिए कोई मुआवजा नहीं दे रही है। इस प्रकार लोगों के साथ अन्याय कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रभारी मंत्री ने जिले का दौरा किया, सर्वेक्षण किया और चले गए। हालांकि मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने पिछले साल जिला पंचायत में एक बैठक की थी और विधायकों ने कई मुद्दे उठाए थे, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। कामथ ने कई उदाहरणों का हवाला देते हुए दिखाया कि राज्य सरकार कहाँ पूरी तरह विफल रही है। कामथ ने डेंगू से निपटने में राज्य सरकार की विफलता की भी आलोचना की और कहा कि उनके नेता जिले में डेंगू के मामलों से अनजान हैं, जो गैर-जिम्मेदार प्रशासन को दर्शाता है। उन्होंने कहा मैसूरु पदयात्रा के बाद, सभी विधायक राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन करेंगे और दक्षिण कन्नड़ को धन जारी करने की मांग करेंगे। इससे पहले दक्षिण कन्नड़ जिले के प्रभारी दिनेश गुंडूराव ने शुक्रवार को जिले के बारिश प्रभावित इलाकों का दौरा किया था और अधिकारियों को निकासी और राहत प्रक्रियाओं के बारे में निर्देश दिए। मंत्री दिनेश गुंडूराव ने जिला आयुक्त मुल्लई मुहिलन के साथ बाढ़ग्रस्त खेतों का निरीक्षण करने के लिए आद्यापडी का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को पशुधन को निकालने और प्रभावित निवासियों को आवश्यक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। गुंडूराव ने जिला आयुक्त मुल्लई मुहिलन, पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल और एनएचएआई और नगर निगम के अधिकारियों के साथ कट्टिकल एनएच 169 का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एनएचएआई को जिम्मेदारी लेनी चाहिए और मिट्टी को बिना अनुमति के नहीं हटाया जाना चाहिए। वर्षा जल निकासी की कमी के कारण इस स्थान का पेशेवर मूल्यांकन किया जाना चाहिए। नगर निगम और भूविज्ञान विभाग ने इस क्षेत्र की उपेक्षा की है, जिसने 1992 में एक बड़ा भूस्खलन देखा था। सड़क निर्माण अवैज्ञानिक प्रतीत होता है और तुरंत एक वैकल्पिक मार्ग ढूंढा जाना चाहिए।



## एक तकनीकी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी चाहिए

एनएचएआई को एक तकनीकी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी चाहिए और तत्काल उपाय किए जाने चाहिए। यदि समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता है, तो अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आगे कहा आद्यापडी में पानी घरों और खेतों में घुस गया है, जिससे पीने के पानी की समस्या पैदा हो गई है। हमारा लक्ष्य इसे तुरंत हल करना है। भूस्खलन की रिपोर्ट बनाई जाएगी, क्योंकि कट्टिकल के निवासी एनएचएआई परियोजना के लिए बड़े पैमाने पर खनन के कारण यात्रा करने से डरते हैं। हमने जिला प्रशासन को इस मुद्दे को हल करने और भूविज्ञान विभाग को यह बताने का निर्देश दिया है कि वे साइट से मिट्टी निकालने की अनुमति कैसे देते हैं। सभी स्थानीय पंचायतों को किसी भी आपदा की सूचना देने और मुआवजा इकट्ठा करने का निर्देश दिया गया है।

### सिद्धरामैया के कार्यकाल का किया बचाव

# केंद्रीय भाजपा पार्टी राज्यपाल का इस्तेमाल राज्य में संकट पैदा करने के लिए कर रही: एमएलसी

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

एमएलसी इवान डिसूजा ने ईडी, सीबीआई और राज्यपाल जैसी एजेंसियों के दुरुपयोग के लिए भाजपा की आलोचना की, जबकि मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के कार्यकाल की प्रशंसा की। यहां शनिवार को मल्लिकट्टे में कांग्रेस कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए इवान डिसूजा ने कहा आज मुख्यमंत्री सिद्धरामैया का 77वां जन्मदिन है और हम उनकी सफलता की कामना करते हैं। केंद्रीय भाजपा पार्टी राज्यपाल का इस्तेमाल राज्य में संकट पैदा करने के लिए कर रही है। राज्यपाल द्वारा जारी किया गया नोटिस मूर्खतापूर्ण कार्य है और उन्होंने भाजपा एजेंट की तरह काम किया है। उन्हें तुरंत नोटिस वापस लेना चाहिए। भाजपा और जेडी(एस) मुख्यमंत्री को फंसाकर अपनी अवैध गतिविधियों को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा सिद्धरामैया पर घोटाले का आरोप लगाती है जबकि खुद की हरकतों को अनदेखा करती है। अगर वे विरोध करना चाहते हैं,




तो उन्हें कोटा श्रीनिवास पुजारी, जगदीश शेट्टर, बसवराज बोम्मई, सुधाकर और ईश्वरप्पा के खिलाफ विरोध करना चाहिए। सरकार को नोटिस का आधार स्पष्ट करना चाहिए और उसे परिषद के मंत्रियों के अनुसार काम करना चाहिए। उन्होंने कहा सिद्धरामैया का नाम नहीं लिया गया है। यह घटना मुडा और सिद्धरामैया की पत्नी से जुड़ी है और उन्हें यह जमीन भाजपा के शासनकाल में दी गई थी। भाजपा दिल्ली से मिले निर्देशों के आधार पर विरोध प्रदर्शन करती है और राज्यपाल का इस्तेमाल करती है। जब येदियुरप्पा पर खदान घोटाले का आरोप लगा था, तो उनके साथ कुछ नहीं हुआ। अगर राज्यपाल नोटिस वापस नहीं लेते हैं, तो हम बड़ा विरोध प्रदर्शन करेंगे। राज्यपाल बिना किसी सबूत के काम कर रहे हैं। अगर नोटिस देना जरूरी था, तो यह मुडा और सिद्धरामैया की पत्नी को जारी किया जाना चाहिए था। ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां लोगों को ईडी का इस्तेमाल करके मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का नाम बताने के लिए मजबूर किया गया। कर्नाटक की जनता ने सिद्धरामैया को चुना है और हम जनता को वास्तविकता से अवगत कराएंगे। यह पूछे जाने पर कि मुख्यमंत्री ने 2005 और 2013 के चुनावों में इन संपत्तियों का उल्लेख क्यों नहीं किया, इवान डिसूजा ने कहा हालांकि उन्होंने शुरुआत में वह जानकारी शामिल नहीं की थी, लेकिन बाद में उन्होंने संशोधित जानकारी प्रदान की और जमीन मुडा द्वारा जारी की गई। नए डिप्टी कमिश्नर कार्यालय के बारे में उन्होंने कहा शुरू में इसे 41 करोड़ रुपये में पूरा करने की योजना थी, लेकिन बाद में लागत बढ़ाकर 55 करोड़ रुपये कर दी गई। अब वे अतिरिक्त 20 करोड़ रुपये मांग रहे हैं, जो अब तक कुल 80 करोड़ रुपये हो गए हैं। 15 अगस्त को अतिरिक्त कमिश्नर कार्यालय और डिप्टी कमिश्नर कार्यालय को नए भवन में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

## भूस्खलन की आशंका के बीच जिला प्रभारी मंत्री ने खुदाई रोकने का दिया आदेश



**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

जिला प्रभारी मंत्री दिनेश गुंडू राव ने मानसून के मौसम में भूस्खलन के खतरे के कारण सभी मिट्टी की खुदाई गतिविधियों को अस्थायी रूप से रोकने का निर्देश दिया है।

अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में, दिनेश ने इस तरह की खुदाई के बारे में कई सार्वजनिक शिकायतों को उजागर किया और उन घटनाओं का उल्लेख किया जिनमें मजदूरों की जान चली गई है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी परिस्थिति में मानसून के दौरान खुदाई की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आह्वान किया। मेंगलूरु सिटी कॉरपोरेशन कमिश्नर आनंद ने कहा शहर में भवन निर्माण के लिए खुदाई पहले ही रोक दी गई है। बैठक में डिप्टी कमिश्नर मुल्लई मुहिलान, पुलिस कमिश्नर अनुपम अग्रवाल, जिला पंचायत के सीईओ डॉ. आनंद और अन्य अधिकारी शामिल हुए।

## विधायक के आवास वाहनों के किराये की वेतन राशि में होगी कटौती

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर ने सुझाव दिया है कि जिन विधायकों और पूर्व विधायकों ने विधायक आवास के वाहनों का उपयोग किया है, उन्हें वाहन किराये की राशि नकद में नहीं देनी चाहिए। विधायकों और पूर्व विधायकों को विधायक आवास की गाड़ियां किराये पर देने की व्यवस्था लागू है। विधानसभा सचिव एमके विशालाक्षी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि किराया राशि नकद में देने की व्यवस्था एक अगस्त से निलंबित कर दी गयी है और विधानसभा अध्यक्ष ने कैशलेस व्यवस्था लागू करने का सुझाव दिया है। विधायक आवास के वाहनों का उपयोग करने की



स्थिति में विधायकों और पूर्व विधायकों को किराये की राशि नकद भुगतान किए बिना ही वाहन की ट्रिप शीट पर हस्ताक्षर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधायकों और पूर्व विधायकों द्वारा यात्रा पत्रक पर हस्ताक्षर करने के बाद प्रयुक्त वाहन किराये की राशि, प्रतीक्षा शुल्क, जीएसटी राशि जोड़कर कुल राशि वेतन से काट ली जाएगी। उन्होंने कहा कि वह विधायकों के वेतन और पूर्व विधायकों की पेंशन, रेलवे भत्ते में किराये की रकम कम करेंगे।

### वायनाड भूस्खलन का मामला

## कर्नाटक 100 परिवारों के लिए घर बनाएगा: सीएम





**मैसूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

पड़ोसी राज्य केरल में वायनाड क्षेत्र में भूस्खलन और बाढ़ के कारण बड़े पैमाने पर तबाही मची है। मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने अपने केरल के समकक्ष पिनराई विजयन को सूचित किया है कि कर्नाटक 100 परिवारों के लिए घर बनाएगा, जिन्होंने अपना घर खो दिया है। सिद्धरामैया ने एक्स प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा हम एक साथ पुनर्निर्माण करेंगे और उम्मीद को फिर से जगाएंगे। कर्नाटक केरल के दुखों में उसके साथ एकजुटता में खड़ा है। इससे पहले सुबह मुख्यमंत्री ने मैसूरु, मदिकेरी और चामराजनगर जिले के कांग्रेस विधायकों, मंत्रियों और पार्टी नेताओं के साथ अपने आवास पर नाश्ते पर बैठक की। सिद्धरामैया ने बाद में मैसूरु के अपोलो अस्पताल का दौरा किया और हुसूर के पूर्व विधायक हुंसूर मंजूनाथ के पिता प्रेम कुमार के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# पुलिस सब-इंस्पेक्टर की मौत मामले में गृह मंत्री ने जांच के आदेश दिए

### भाजपा ने कहा पुलिसकर्मी को पैसे के लिए परेशान किया गया

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

गृह मंत्री जी परमेश्वर ने शनिवार को कहा कि उन्होंने यादगीर पुलिस सब-इंस्पेक्टर परशुराम की मौत के रहस्य और कांग्रेस विधायक से इसके संबंध की जांच के आदेश दिए हैं। विपक्षी भाजपा ने इस मुद्दे पर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि दलित अधिकारी की मौत के लिए यादगीर विधायक चन्नारेड्डी पाटिल टुन्नूर और उनके बेटे पंपना गौड़ा (सनी) ने उन पर दबाव डाला था। कथित तौर पर परशुराम की पत्नी द्वारा विधायक और उनके बेटे का नाम लेकर लिखा गया



एक पत्र वायरल हो गया है। गृह मंत्री ने कहा मैंने जांच के आदेश दिए हैं। पत्नी के आरोप की भी जांच की जाएगी। हम आरोप को खारिज नहीं करेंगे। जानकारी यह है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि स्वाभाविक मौत थी। कोई मृत्यु नोट नहीं है। इसका कारण उनका तबादला भी बताया जा रहा है। परशुराम द्वारा विधायक को 30 लाख रुपए देने के आरोप पर परमेश्वर ने कहा यह एक आरोप है, जिसकी जांच होनी चाहिए। भले ही सत्तारूढ़ पार्टी का कोई विधायक इसमें शामिल हो, मैंने अधिकारियों से एफआईआर दर्ज करने को कहा है। आईटी/बीटी मंत्री प्रियांक खड़गे, जो कलबुर्गी जिले के प्रभारी भी हैं, ने कहा कि उन्होंने परमेश्वर, परशुराम की पत्नी और स्थानीय नेताओं से बात की। सरकार जांच करेगी। कुछ लोगों का कहना है कि मौत हृदयाघात के कारण हुई। हमें पोस्टमार्टम के बाद पता चलेगा। सरकार सुनिश्चित करेगी कि किसी के साथ अन्याय न हो। परशुराम की पत्नी ने प्रियांक को बताया कि पुलिसकर्मी तनाव में था। प्रियांक ने कहा चुनावों के कारण एक साल के भीतर ही उसका तबादला कर दिया गया। वह पिछले हफ्ते मुझसे मिला था। मैंने उसे कलबुर्गी आने की सलाह दी, जहाँ स्टाफ की कमी है। उसने अपने परिवार से सलाह लेने के लिए दो दिन का समय माँगा, क्योंकि उसका तबादला हाल ही में यादगीर हुआ था। भाजपा ने परशुराम की मौत के लिए नकद-से-पोस्टिंग और हफ्ता वसूली रैकेट को जिम्मेदार ठहराया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा, इस गहरे भ्रष्टाचार ने दुर्भाग्य से एक और दलित अधिकारी की जान ले ली, जो स्थानीय कांग्रेस विधायक के अंतहीन लालच और लूट का शिकार हो गया। उन्होंने कहा दुर्भाग्य से, कांग्रेस सरकार के तहत दलित अधिकारियों का उत्पीड़न और उनकी मौतें बेरोकटोक जारी हैं, जो कांग्रेस आलाकमान के लिए एक प्रॉक्सी एटीएम के रूप में काम कर रही है।

## अगर सीएम ने पद नहीं छोड़ा, तो राज्यपाल गहलोत कार्रवाई शुरू करने के लिए मजबूर होंगे: येदियुरप्पा

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा केंद्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य, बीएस येदियुरप्पा ने शनिवार को कहा कि अगर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरामैया पद छोड़ने से इनकार करते हैं, तो राज्यपाल उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के लिए मजबूर होंगे। मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) में अनियमितताओं में उनकी संलिप्तता के आरोपों के संबंध में भाजपा सीएम के इस्तीफे की मांग कर रही है।

भाजपा और जेडी(एस) द्वारा मैसूरु चलो पदयात्रा के उद्घाटन समारोह के स्थल पर पत्रकारों से बात करते हुए, येदियुरप्पा ने कहा मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के लिए यह अंतिम अवसर है। अगर वह नैतिक जिम्मेदारी लेते हैं और इस्तीफा देते हैं तो वह अपना और पार्टी का सम्मान बचाएंगे। अगर



नहीं, तो राज्यपाल थावर चंद गहलोत को उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू करनी होगी। उन्होंने कहा उन्हें ऐसा नहीं होने देना चाहिए। अगर वह स्वेच्छा से अपना इस्तीफा दे दें तो यह अच्छा होगा। मैं सुझाव दूंगा कि वह अपने पद से इस्तीफा दे दें। बेंगलूरु से मैसूरु तक पदयात्रा के बारे में बात करते हुए येदियुरप्पा ने कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र में 8,000 से 10,000 पार्टी कार्यकर्ता पदयात्रा में शामिल होंगे। येदियुरप्पा के बयानों का महत्व राज्यपाल द्वारा सीएम को कारण बताओ नोटिस जारी करने की पृष्ठभूमि में बढ़ गया है, जिसमें उनसे पूछा गया है कि उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की सहमति क्यों नहीं दी जानी चाहिए, क्योंकि आरोप प्रथम दृष्टया प्रकृति के हैं और कर्नाटक लोकायुक्त के पास पहले ही शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है। नोटिस का जवाब देने के लिए सीएम सिद्धरामैया को दी गई सात दिनों की समय सीमा समाप्त हो गई है।

## भाजपा-जेडीएस पदयात्रा के कारण केंगेरी से होते हुए मैसूरु रोड पर भारी यातायात जाम

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

दक्षिण-पश्चिमी बेंगलूरु के केंगेरी से शुरू हुई भाजपा पदयात्रा के कारण शनिवार की सुबह भारी यातायात जाम हो गया। मैसूरु जाने वाली पदयात्रा केंगेरी से शुरू हुई और बिदादी तथा रामनगर से होते हुए 10 अगस्त को मैसूरु पहुँचेगी।

भाजपा-जद(एस) गठबंधन महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम में करोड़ों



रुपये के गबन तथा मुडा घोटाले में राज्य सरकार की संलिप्तता के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा है। शनिवार की सुबह मैसूरु रोड पर नाइस रोड टोल प्लाजा के पास भारी यातायात जाम देखा गया। सबसे अधिक प्रभावित आउटबाउंड यातायात रहा, जिसमें केंगेरी केएसआरटीसी बस स्टेशन तथा चलघट्टा मेट्रो स्टेशन से यातायात नाइस रोड टोल प्लाजा से होते हुए आगे बढ़ा। इसका नाइस रोड के पूर्वी भाग, हेमिगेपुरा से मैसूरु रोड की ओर आने वाले यातायात पर प्रभाव पड़ा।

## मैसूरु चलो पदयात्रा से पहले विजयेंद्र ने चामुंडी पहाड़ी पर विशेष पूजा की

**मैसूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कथित मुडा घोटाले के खिलाफ बेंगलूरु से मैसूरु तक मैसूरु चलो पदयात्रा शुरू करने से पहले, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने शनिवार सुबह मैसूरु में चामुंडी पहाड़ी के ऊपर श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में विशेष पूजा की। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा हमने पदयात्रा की सफलता के लिए प्रार्थना की है। बी एस येदियुरप्पा, एच डी



कुमारस्वामी ने केंगेरी के पास पदयात्रा शुरू की। पदयात्रा को छोटा करने का कोई सवाल ही नहीं है। हम भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रहे हैं, कांग्रेस अहिंदा के नाम पर सत्ता में आई, लेकिन उनके साथ अन्याय किया। उन्होंने कहा इस सरकार में भ्रष्टाचार ने सारी हदें पार कर दी हैं। अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगों के लिए आवंटित धन उन तक पहुंचना चाहिए। कांग्रेस द्वारा आयोजित जनांदोलन सम्मेलन लोगों से किए गए अपने वादों को पूरा न कर पाने के अफसोस के कारण आयोजित किया गया कार्यक्रम है। इस मौके पर एल नागेन्द्र, एम राजेन्द्र, रघु कौटिल्य सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद थे।

सेना के जवान ने की थी चार साथियों की हत्या

# कोर्ट मार्शल में मिली उम्र कैद की सजा

**बठिंडा, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** अप्रैल 2023 में बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में 80 मीडियम रेजिमेंट ऑफ आर्टिलरी के चार जवानों की हत्या करने वाले सेना के एक जवान को शनिवार को जनरल कोर्ट मार्शल ने उम्रकैद और सेवा से बर्खास्त करने की सजा सुनाई।



जीसीएम इस साल जनवरी से बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में आयोजित की गई थी। अपनी रेजिमेंट के चार जवानों की हत्या के अलावा आरोपी जवान को सेना की एक चौकी से हथियार और गोला-बारूद चोरी करने का भी दोषी ठहराया गया है। जवान पर आईपीसी की धारा के 302 के उलट सेना अधिनियम 69 के तहत चार आरोप और हथियार और गोला-बारूद चोरी करने के लिए सेना अधिनियम धारा 52 ए के तहत दो आरोप लगाए गए थे।

कर्नल एस दुसेजा की अध्यक्षता वाली जीसीएम ने उसे हत्या के चार मामलों और सरकारी संपत्ति की चोरी के दो मामलों में दोषी पाते हुए उम्रकैद और सेवा से बर्खास्त करने की सजा सुनाई। बठिंडा पुलिस ने पिछले साल 13 अप्रैल को बठिंडा मिलिट्री स्टेशन पर चार साथी सैनिकों की हत्या के आरोप में जवान को गिरफ्तार किया था। जवान ने झूठा बयान दिया था कि उसने 12 अप्रैल की सुबह हत्या करने के बाद कुर्ता पजामा पहने दो नकाबपोश लोगों को पास के जंगल में भागते देखा था।

उस समय पुलिस अधिकारियों ने कहा था कि आरोपी ने कबूल किया है कि चार जवानों ने पिछले कुछ समय में उसका बार-बार यौन शोषण किया था। इसकी वजह उसने उनसे बदला लेने के लिए यह कदम उठाया। शुरुआती जांच के बाद आंध्र प्रदेश के रहने वाले जवान ने दावा किया कि चारों जवान उसके मोबाइल से उसकी मंगेतर से बात करते थे और उसकी अश्लील तस्वीरें लेते थे और उसका मजाक उड़ाते थे। सेना ने सेना अधिनियम की धारा 125 के तहत सिविल कोर्ट से मामले को अपने हाथ में ले लिया था, ताकि आरोपी के खिलाफ कोर्ट मार्शल के जरिये मुकदमा चलाया जा सके। कोर्ट मार्शल में जवान की तरफ से दो वकील राजेश शर्मा और नवजिंदर सिंह पेश हुए थे। इस मामले में आरोपी ने पुलिस और सैन्य अधिकारियों के कहने पर झूठा फंसाए जाने का दावा किया और पुलिस या सेना के अधिकारियों के सामने कोई इकबालिया बयान देने से इनकार किया। लेकिन जीसीएम ने उसके दावे को निराधार और बाद में दिया गया बयान बताकर खारिज कर दिया है। बयानों और रिकार्ड पर मौजूद सबूत के आधार पर उसे सभी छह आरोपों में दोषी ठहराया।

# रांची में पुलिस सब-इंस्पेक्टर की गोली मार कर हत्या

**रांची, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** झारखंड की राजधानी रांची में एक पुलिस सब-इंस्पेक्टर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना बीती रात रांची के कानके इलाके की है। पुलिस अधिकारी को गोली मारने वाले व्यक्ति का अभी पता नहीं चल सका है। मारे गए सब इंस्पेक्टर 2018 बैच के अधिकारी थे और फिलहाल छुट्टी पर थे। घटना की जांच चल रही है। एसपी ग्रामीण सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में अपराध की जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी गई है।

रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि स्पेशल ब्रांच मुख्यालय में तैनात सब-इंस्पेक्टर अनूप कच्छप की बीती रात हत्या कर दी गई। मृतक पुलिस अधिकारी के सहयोगी और बैचमेट पवन कुमार ने बताया है कि वे लोग खाना खाने के लिए लाइन होटल गए थे। डिनर के बाद बाकी लोग कानके लौट आए, लेकिन सब इंस्पेक्टर दूसरे रास्ते से निकले।

ऐसे में इस बात की जांच की जा रही है कि वह दूसरे रास्ते से क्यों गए और क्या हुआ? इसकी एसआईटी द्वारा जांच की जा रही है। ऐसा लगा रहा है कि नजदीक से गोली मारी गई है। एसपी ग्रामीण सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में अपराध की जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी गई है और अन्य अधिकारियों को भी इस मामले की जांच में लगाया गया है।

पुलिस सब इंस्पेक्टर की हत्या में शक की सुई उनके ही पुलिसकर्मी दोस्तों की तरफ घूम रही है। दरअसल गोली लगने के बाद दोस्त ही पुलिस सब इंस्पेक्टर अनूप कच्छप के शव को लेकर रिम्स अस्पताल पहुंचे थे और दूसरे ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस को सूचना दिए बगैर ही शव को अस्पताल ले जाने को लेकर दोनों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस अधिकारी की पीठ में गोली मारी गई। गौरतलब है कि झारखंड के नए डीजीपी अनुराग गुप्ता शनिवार को जिले के तमाम बड़े पदाधिकारियों के साथ एसएसपी कार्यालय में बैठक करेंगे। उससे पहले ही राजधानी रांची में पुलिस अधिकारी की हत्या से ही सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ गए हैं। हाल के समय में रांची में अपराधियों ने कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया है।

केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने बोले विरोध के स्वर

# आरक्षण में क्रीमी लेयर का प्रावधान न लाया जाए

**मुंबई, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** एससी-एसटी आरक्षण से क्रीमी लेयर को लेकर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि एससी-एसटी वर्ग की जातियों का उप वर्गीकरण किया जाना चाहिए। इससे समूह में पिछड़ी जातियों को लाभ मिलेगा। लेकिन एससी-एसटीन आरक्षण में क्रीमी लेयर का प्रावधान न लाया जाए। अगर ऐसा किया गया तो हमारी पार्टी इसका विरोध करेगी।



रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) के प्रमुख और सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने ओबीसी और सामान्य श्रेणी के सदस्यों के लिए भी समान उप-वर्गीकरण की मांग की। अठावले ने कहा कि एससी-एसटी के लिए आरक्षण जाति पर आधारित है। एससी और एसटी के आरक्षण में क्रीमी लेयर के प्रावधान लागू करने के किसी भी कदम का आरपीआई (ए) कड़ा विरोध करेगी।

अठावले ने कहा कि देश में 1,200 अनुसूचित जातियां हैं। इनमें से 59 महाराष्ट्र में हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत महाराष्ट्र सरकार को अनुसूचित जातियों का अध्ययन करने और उन्हें ए, बी, सी, डी में उप-वर्गीकृत करने के लिए एक आयोग बनाना चाहिए। इससे एससी में आने वाली सभी जातियों को न्याय मिलेगा।

उच्चतम न्यायालय के सात न्यायधीशों की संविधान पीठ ने अपने फैसले में कहा है कि राज्य को सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने के लिए अनुसूचित जातियों का उप-वर्गीकरण करने का अधिकार है। फैसले का मतलब है कि राज्य एससी श्रेणियों के बीच अधिक पिछड़े लोगों की पहचान कर सकते हैं और कोटे के भीतर अलग कोटा के लिए उन्हें उप-वर्गीकृत कर सकते हैं। यह फैसला भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय संविधान पीठ ने सुनाया है। पीठ ने इस मामले पर तीन दिनों तक सुनवाई की थी और बाद 8 फरवरी, 2024 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सर्वोच्च अदालत की संविधान पीठ ने 6:1 के बहुमत से सुनाए ऐतिहासिक फैसले में हिस्सा रहे जस्टिस गवई ने कहा कि राज्यों को एससी, एसटी में क्रीमी लेयर की पहचान करनी चाहिए।

# सत्ता में आने के 8 महीने बाद भी नौकरी नहीं दे पाई कांग्रेस

## बीआरएस विधायक और नागरिकों ने कहा, कांग्रेस की यही हकीकत है

**हैदराबाद, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** नौकरियों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधने वाली कांग्रेस तेलंगाना में नौकरी के अपने वादे को पूरा नहीं कर रही है। हैदराबाद के बीआरएस विधायक हरीश राव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने चुनाव से पहले कहा था कि हम एक साल में 2 लाख नौकरियां देंगे। अब सत्ता में आने के 8 माह के बाद भी नौकरियां नहीं दी गई हैं।

सत्ता में आने के 8 माह के बाद नौकरी कैलेंडर कांग्रेस सरकार दिया गया है, लेकिन यह नौकरी कैलेंडर एक मजाक बनकर रह गया है। बीआरएस विधायक ने कहा कि इतने दिन के बाद जारी किए गए कैलेंडर में न तो तारीख बताई गई और न ही ये बताया गया कि वे कितनी नौकरियां देंगे। बीआरएस विधायक के इस बयान पर सोशल मीडिया पर आम लोगों ने भी अपनी नाराजगी व्यक्त की है। रूपेश नाम के यूजर ने कहा कि राहुल गांधी की यही सच्चाई है। यूजर ने ये भी कहा कि हिंदुओं को बांटना हिंदू विरोधी कांग्रेस पार्टी का एकमात्र एजेंडा है।

## कुछ लोग हैदराबाद को नुकसान पहुंचा रहे हैं : रेवंत



**हैदराबाद, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार को बदनाम करने की कोशिश हो रही है। कुछ लोग हैदराबाद की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने नौकरी नहीं देने के आरोपों पर चुप्पी साध ली।

# कोचिंग संस्थान के खिलाफ छात्रों का प्रदर्शन जारी, पढ़ाई के साथ शिफ्ट में कर रहे आंदोलन

**नई दिल्ली, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** कोचिंग सेंटर में तीन छात्रों की मौत को लेकर राजेंद्र नगर में सातवें दिन भी प्रदर्शन जारी रहा। छात्रों का ये आंदोलन पहले के मुकाबले अब थोड़ा फीका पड़ गया है। शाम के समय जरूर छात्रों का जमावड़ा हो जाता है। लेकिन सुबह और दिन में चुनिंदा छात्र ही आंदोलन को आगे बढ़ा रहे हैं। हालांकि, प्रदर्शन के बीच लोक सेवा की परीक्षा की तैयारी पर असर ना पड़े, इसके लिए छात्रों ने एक टीम बनाई है, जिसमें कुछ छात्र दिन में प्रदर्शन करेंगे और कुछ रात में।




इस बीच, छात्रों की शिकायत है कि कई कोचिंग संस्थान और लाइब्रेरी बंद होने से उनकी पढ़ाई पर असर पड़ा है और कुछ अन्य लाइब्रेरी इसका फायदा उठा रही हैं। कुछ लाइब्रेरी ने अपना किराया बढ़ा दिया है, कुछ ने दोगुना तक भी कर दिया है।

छात्रों का कहना है कि लाइब्रेरी का किराया बढ़ाने की शिकायत एमसीडी में कर चुके हैं। दिल्ली पुलिस से भी शिकायत हुई है और ऐसी लाइब्रेरी की वे सूची तैयार कर रहे हैं, जो एमसीडी और दिल्ली पुलिस दोनों को दी जाएगी। छात्रों का कहना है कि आंदोलन को जारी रखने के लिए 60 प्रदर्शनकारियों की टीम भी बनाई गई है।

इनमें से 30 दिन में और 30 रात में घटनास्थल के आगे बैठकर प्रदर्शन करेंगे। कम से कम ये छात्र प्रदर्शन स्थल पर रहेंगे और इनके अलावा बाकी छात्र भी रोज धरना तब तक देंगे, जब तक उनकी मांगों पर सख्त कार्रवाई ना हो।

छात्रों की मांग है कि उन्हें लिखित आश्वासन दिया जाए। वहीं, राव स्टडी सेंटर में मारे गए तीन छात्रों के परिवारों को कम से कम एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए। कोचिंग संस्थान, लाइब्रेरी से लेकर ब्रोकरेज और पीजी हाउस, रेंट को लेकर रेगुलेशन लाएं, क्योंकि ओल्ड राजेंद्र नगर से लेकर मुखर्जी नगर, पटेल नगर, लक्ष्मी नगर समेत सभी ऐसी जगह, जहां कोचिंग संस्थान चल रहे हैं, वहां पर मनमाने और बेतहाशा फीस/किराया पर रोक लग सके। छात्र लगातार कोचिंग सेंटर्स और लाइब्रेरी में सुरक्षा के मसले के साथ-साथ ओल्ड राजेंद्र नगर के ड्रेनेज सिस्टम, तारों के जंजाल, महंगे और मनमाने पीजी हाउस के मामले को भी उठा रहे हैं।

# अनिल देशमुख के पीए के जरिए जाती थी रकम

## पूर्व पुलिस अफसर सचिन वाजे का दावा

**मुंबई, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र में एक बार फिर सियासी गलियारों में हलचल मच गई है। राज्य के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने हाल ही में उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर आरोप लगाया था कि भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस के एक बिचौलिये ने उन्हें मुकदमेबाजी में फंसने से बचने के लिए (तत्कालीन) महा विकास आघाडी सरकार के बड़े नेताओं के खिलाफ हलफनामा देने को कहा था। हालांकि, इन आरोपों को फडणवीस ने नकार दिया। अब इस मामले में मुंबई पुलिस के बर्खास्त अधिकारी और 100 करोड़ रुपए की जबरन वसूली मामले में आरोपी सचिन वाजे ने प्रतिक्रिया दी। वाजे ने कहा कि जो भी कुछ होगा, उसका सबूत वहीं है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि वह नार्को टेस्ट के लिए भी तैयार हैं। सचिन वाजे ने यह भी बताया कि पैसे अनिल देशमुख के पीए के माध्यम से जाता था।

सचिन वाजे ने कहा, जो कुछ भी हुआ, उसका सबूत मौजूद है। पैसा अनिल देशमुख के पीए के माध्यम से जाता था। सीबीआई के पास सबूत है और मैंने देवेंद्र फडणवीस को एक चिट्ठी भी लिखी। मैंने सबूत जमा कर दिया है। मैं नार्को टेस्ट के लिए तैयार हूं। मैंने चिट्ठी में जयंत पाटिल का भी नाम शामिल किया है। बता दें कि सचिन वाजे 2021 एंटीलिया बम कांड और मनसुख हिरेन हत्या मामले में भी आरोपी हैं।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के नेता देशमुख ने अप्रैल, 2021 में गृहमंत्री के पद इस्तीफा दे दिया था क्योंकि मुंबई के तत्कालीन पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह ने उनपर आरोप लगाया था कि वह पुलिस को शहर के होटल एवं बार मालिकों से वसूली करने को कहते हैं। एनसीपीएसपी के नेता ने समाचार चैनलों से बातचीत में कहा कि (तब विपक्ष में रहे) फडणवीस द्वारा कथित रूप से भेजे गए एक व्यक्ति ने उनसे मुलाकात की थी और उसके पास तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, उनके बेटे और कैबिनेट मंत्री आदित्य ठाकरे, तत्कालीन वित्त मंत्री अजित पवार और तत्कालीन परिवहन मंत्री अनिल परब को फंसाने वाले कई हलफनामे थे।

संघर्ष विराम निगरानी बोर्ड के अध्यक्ष बोले

# किसी भी नगा समूह को लोगों को धमकाने की छूट नहीं देता

**कोहिमा, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** किसी भी तरह के नगा समूह को संघर्ष विराम के नियमों के उल्लंघन करने या गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने की छूट नहीं मिलेगी। संघर्ष विराम निगरानी बोर्ड के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल अमरजीत सिंह बेदी ने शनिवार को यह बात कही।

केंद्र ने पांच नगा समूहों के साथ संघर्ष विराम समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इनमें 1997 में एनएससीएन (आईएम), 2012 में एनएससीएन (यूनिफिकेशन), 2015 में एनएससीएन (रिफ्फ्रोर्मेशन), 2019 में एनएससीएन-के (खांगो) और 2021 में एनएससीएन-के (निक्की) के साथ समझौते शामिल हैं। कुल 24 नगा भूमिगत समूहों में से केवल इन पांच ने केंद्र के साथ समझौता किया है।

लेफ्टिनेंट जनरल बेदी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, शांति बहाल करने के लिए संघर्ष विराम समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं, ताकि नगा मुद्दे के समाधान के लिए राजनीतिक चर्चा, आपसी भरोसे, सम्मान और शांतिपूर्ण स्थिति के माहौल को आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि केंद्र के साथ संघर्ष विराम समझौतों पर हस्ताक्षर करने वाले सभी नगा समूहों ने संघर्ष विराम के नियमों का पालन करने की प्रतिबद्धता जताई है।

उन्होंने कहा कि नगा समूहों शिविर, संघर्ष विराम पहचान पत्र और संघर्ष विराम कार्यालयों सहित कुछ सहायता प्रदान की गई है, जो पूरी तरह से प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए है, ताकि संघर्ष विराम से जुड़े कार्य किए जा सकें और संघर्ष विराम का सुचारू रूप से जारी रहना सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने आगे कहा, बहरहाल, इन सुविधाओं का मकसद किसी भी तरह से आम जनता को असुविधा पहुंचाना नहीं है और किसी भी तरह के समूह को संघर्ष विराम के नियमों के उल्लंघन या गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने की छूट नहीं मिलेगी।

बेदी ने कहा, संघर्ष विराम तंत्र की प्रभावशीलता का आकलन नगा समुदाय के लोगों द्वारा वर्षों से शांतिपूर्ण माहौल के साथ-साथ राजनीतिक मुद्दे को हल करने के लिए राजनीति वार्ताओं की निरंतरता से किया जा सकता है।

# मराठा आरक्षण को लेकर सीएम एकनाथ शिंदे और शरद पवार की मुलाकात

**मुंबई , 03 अगस्त (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र में शनिवार के दिन राज्य के दोनों नेताओं के बीच हुई मुलाकात पर महाराष्ट्र मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ्फ से कहा गया कि शरद पवार ने सीएम शिंदे से वर्षा बंगले पर मुलाकात की और मराठा आरक्षण समेत कई अहम मुद्दों पर इस दौरान चर्चा की गई।





राज्य में मराठा आरक्षण को लेकर चल राजनीतिक ताने-बाने के बीच दो मराठा नेताओं की इस मुलाकात को काफ्फी अहम माना जा रहा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एससीपी) प्रमुख शरद पवार महा विकास अघाड़ी के एकमात्र नेता हैं जो महायुति के साथ, खासकर सीएम शिंदे के साथ बातचीत जारी रखते हैं।

2024 के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी 2019 के लोकसभा चुनावों में 23 के मुकाबले महाराष्ट्र में नौ सीटों पर सिमट गई। जिसका वोट शेयर 26.18 प्रतिशत रहा। 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव इस साल के अंत में होने वाले हैं और मौजूदा राज्य विधानसभा का कार्यकाल 2024 में समाप्त होगा। हालांकि, चुनाव आयोग ने अभी तारीखों की घोषणा नहीं की है।

वहीं महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने भी आज मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की है। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार दोनों नेताओं के बीच बम्बई विकास विभाग चॉल के पुनर्विकास, पुलिस हाउसिंग कॉलोनी का पुनर्विकास और कुछ अन्य आवास परियोजनाओं को लेकर चर्चा की गई है।

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में महायुति से अलग चुनाव लड़ेगी। इसे लेकर राज ठाकरे ने एलान किया था कि उनकी पार्टी 200-250 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जबकि इससे पहले लोकसभा चुनाव में मनसे ने भाजपा नेतृत्व के एनडीए को समर्थन दिया था।

### अयोध्या सामूहिक दुष्कर्म का मामला

# बलात्कारी सपा नेता की बेकरी पर चला बुलडोजर

## पीड़िता को धमकाने वाले एक अन्य सपा नेता पर एफआईआर

**अयोध्या, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** अयोध्या के भदरसा कस्बे में नाबालिग बच्ची के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म को लेकर अब योगी सरकार पूरे एक्शन में आ गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कड़े फरमान के बाद जिला प्रशासन ने घटना के मुख्य आरोपी सपा नेता मोईद खान के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए उसकी बेकरी में सैम्पलिंग कराकर खाद्य पदार्थ के पांच नमूने सील किए, जिन्हें जांच के लिए भेजा जा रहा है। उधर तहसील प्रशासन की जांच मे आरोपी की बेकरी तालाब की भूमि पर पाए जाने के बाद तहसील प्रशासन ने बेकरी निर्माण इकाई पर बुलडोजर चलवाकर उसे ध्वस्त करा दिया। 10 बजे बेकरी पर खाद्य विभाग की टीम ने छापेमारी की। टीम ने खाद्य पदार्थों के पांच सैंपल लिए और ए-वन नाम की बेकरी को सील कर दिया। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा प्रशासन मानिक चन्द्र सिंह ने बताया कि सेम्पल की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



अयोध्या के भदरसा में हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले की पीड़िता को धमकाने के मामले में पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर एक अन्य सपा नेता राशिद खान समेत तीन लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। मिली जानकारी के अनुसार रात लगभग 11 बजे तीन लोग महिला अस्पताल पहुंचे थे। इनमें भदरसा नगर पंचायत के चेयरमैन मोहम्मद राशिद, सपा नेता जय सिंह राणा और एक अन्य व्यक्ति शामिल था। परिजनों के अनुसार पहले उन लोगों ने सुलह समझौते का दबाव बनाया। इन्कार करने पर निपट लेने की धमकी देकर चले गए। पिपरी गांव निवासी राम सेवक दास की ओर से भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत विभिन्न धाराओं में दर्ज कराई गई एफआईआर मे यह कहा गया है कि पीड़िता की हत्या के इरादे से ये लोग अस्पताल पहुंचे थे।

उत्तर प्रदेश के मत्स्य पालन मंत्री डॉ संजय निषाद शनिवार को अयोध्या जिला महिला अस्पताल पहुंचे। वहां उन्होंने पीड़ित नाबालिग बच्ची से मुलाकात कर उसे हर प्रकार से सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर संजय निषाद ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अखिलेश का पीडीए प्रेम झूठा साबित हो रहा है। लगता है कि इन अपराधियों के सहारे इनकी जीत हुई है। इसी कारण ये अपराधी को बचा रहे हैं। घटना पर उनका मुंह नहीं खुल रहा है। मैंने पीड़िता के लिए सदन में आवाज उठाई। जब तक आरोपी को फांसी पर नहीं लटकवा देते, तब तक पीड़िता के लिए लड़ाई लड़ेंगे तो हम सपा कार्यालय के सामने धरना करेंगे। उन्होंने कहा मोईद खान भदरसा से सपा का नगर अध्यक्ष है। वह सपा सांसद अवधेश प्रसाद का करीबी भी है। मोईद की भदरसा में कई प्रॉपर्टी हैं। मेन रोड पर उसकी बेकरी शॉप है। उसके एक मकान में बैंक भी संचालित हो रहा है। इसके अलावा कई दुकानें भी हैं, जो किराए पर दे रखी हैं, जिस चौकी पर पीड़िता की मां शिकायत करने पहुंची थी। वह मोईद खान के घर में ही चल रही थी।

बलात्कार पीड़िता को धमकाने वाले नगर पंचायत अध्यक्ष राशिद खान के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कर ली गई है। अयोध्या के कोतवाली थाने में दर्ज मुकदमे में कहा गया है कि भरतकुंड भदरसा के नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद राशिद खान ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर रेप पीड़िता की हत्या करने की कोशिश की। शिकायत में कहा गया है कि इससे पहले भी राशिद ने पीड़िता के घर में घुसकर धमकी दी थी। राशिद भी समाजवादी पार्टी का नेता है। पुलिस को दी गई शिकायत में कहा गया है कि मोहम्मद राशिद खान ने पीड़िता के घर घुसकर उस पर सुलह करने का दबाव डाला था। उसने धमकी देते हुए कहा था, सुलह नहीं करोगी तो जान से जाओगी। इसको लेकर शिकायतकर्ता ने पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। कोतवाली थाना के प्रभारी अश्विनी कुमार पांडेय ने मोहम्मद राशिद खान एवं जय सिंह तथा एक अज्ञात व्यक्ति पर भारतीय न्याय संहिता 2023 (बीएनएस) की धारा 333 (जबरदस्ती किसी के घर में घुसने) और बीएनएस की धारा 351(3) (आपराधिक धमकी देने) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच सब इंस्पेक्टर उमेश वर्मा को दी गई है।

गैंगरेप पीड़ित नाबालिग लड़की की मां और उसके पिता ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। पूराकलंदर थाना अध्यक्ष रतनलाल शर्मा और भदरसा चौकी इंचार्ज अखिलेश गुप्ता को सस्पेंड कर दिया गया है। दोनों ने रेप का मुकदमा दर्ज करने में आनाकानी की थी। इसके अलावा, मुख्य आरोपी मोईद खान की संपत्तियों की भी जांच के आदेश दिए गए हैं। आरोप है कि मोईद खान ने तालाब और सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा किया हुआ है। इतना ही नहीं, मोईद खान पर यह भी आरोप है कि उसने कई दलित परिवार की जमीनों पर कब्जा कर रखा है। बजरंग दल ने जिलाधिकारी को लिखे गए एक पत्र में कहा है कि भदरसा भाहर में मोईद की बेकरी भी दलित समाज के व्यक्ति जानकी प्रसाद की जमीन पर बनी है, जिसका गाटा संख्या 1675 और 1676 है।

मोईद खान की संपत्तियों की जांच के आदेश के बाद राजस्व विभाग ने शुक्रवार (2 अगस्त 2024) को उसकी जमीन की पैमाइश शुरू कर दी। सपा नेता मोईद खान की बेकरी समेत उसकी कई अवैध प्रॉपर्टी पर बुलडोजर की कार्रवाई शुरू हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी ने गुरुवार को सदन में इस घटना का जिक्र करते हुए कहा था, ये अपराधी समाज के सबसे बड़े कलंक हैं, कोढ़ हैं और इस कोढ़ को जब तक हटाएंगे नहीं, तब तक उत्तर प्रदेश की स्थिति को ठीक करने में कठिनाई होगी। विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के सदस्यों को जवाब देते हुए सीएम योगी ने कहा, ऐसे अपराधियों को क्या माला पहनाएंगे?

## मायावती ने योगी सरकार की कार्रवाई को सराहा



**लखनऊ, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने अयोध्या में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में योगी सरकार की कार्रवाई का समर्थन किया है। वहीं उन्होंने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के आरोपियों के डीएनए जांच की मांग पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने पूछा है कि समाजवादी पार्टी को बताना चाहिए कि उनके समय में कितने ऐसे आरोपियों के खिलाफ डीएनए टेस्ट कराए गए थे। मायावती ने कहा कि यूपी सरकार द्वारा अयोध्या गैंगरेप केस में आरोपी के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्रवाई उचित है, लेकिन सपा द्वारा यह कहना कि आरोपी का डीएनए टेस्ट होना चाहिए, इसे क्या समझा जाए। जबकि सपा को यह भी बताना चाहिए कि उनकी सरकार में ऐसे आरोपियों के खिलाफ कितने डीएनए टेस्ट हुए हैं।

अयोध्या गैंगरेप कांड के मुख्य आरोपी और सपा नेता मोईद खान के खिलाफ यूपी सरकार द्वारा किया गया एक्शन समाजवादी पार्टी को रास नहीं आया है। आरोपी सपा सांसद अवधेश प्रसाद का करीबी बताया जाता है और अवधेश ने सरकार की कार्रवाई पर सवाल उठाए। दूसरी सपा मुखिया अखिलेश यादव ने मांग की है कि इस मामले में डीएनए टेस्ट कराया जाए, जिस पर पूर्व सीएम मायावती ने हैरानी जताई और सीएम योगी के बुलडोजर एक्शन का समर्थन कर दिया। अयोध्या गैंगरेप केस को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि जिन पर भी आरोप लगा है, उनका डीएनए टेस्ट होना चाहिए और इंसाफ किया जाना चाहिए। अखिलेश ने कहा कि इस केस में सिर्फ सियासत नहीं होनी चाहिए, जो दोषी हैं उन्हें कानून के हिसाब से सजा दी जाए। इसको लेकर बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने पूछ दिया कि सपा सरकार में ऐसे कितने डीएनए टेस्ट हुए हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि अगर डीएनए टेस्ट में आरोप झूठे साबित हों तो आरोपियों को बख्शा न जाए, क्योंकि यही असली न्याय है। अखिलेश के बयान पर बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने भी करारा जवाब दिया और कहा कि यूपी सरकार द्वारा अयोध्या गैंगरेप केस में आरोपी के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्रवाई उचित है, लेकिन सपा द्वारा यह कहना कि आरोपी का डीएनए टेस्ट होना चाहिए, इसे क्या समझा जाए। सपा को यह भी बताना चाहिए कि उनकी सरकार में ऐसे आरोपियों के खिलाफ कितने डीएनए टेस्ट हुए थे। मायावती ने कहा कि यूपी में अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था में भी ख़ासकर महिला सुरक्षा व उत्पीड़न आदि को लेकर बढ़ती चिन्ताओं के बीच अयोध्या व लखनऊ आदि की घटनाएं अति-दुखद व चिन्तित करने वाली। सरकार इनके निवारण के लिए जाति-बिरादरी एवं राजनीति से ऊपर उठकर सख़्त कदम उठाए तो बेहतर।

वहीं इस मामले में अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि ये शर्मनाक घटना है। एक जघन्य घटना है और उसमे कानूनी तौर पर सख़्त से सख़्त कार्रवाई की जाए लेकिन किसी निर्दोष को न फंसाया जाए। सपा सांसद ने कहा कि पीड़ित परिवार के साथ समाजवादी पार्टी पूरी तरह से खड़ी है और हम मांग करते हैं कि डीएनए टेस्ट भी होना चाहिए और पीड़ित परिवार की सहायता सरकार को करनी चाहिए। ये राजनीतिक मुद्दा नहीं है। भाजपा को इसमें राजनीति नहीं करनी चाहिए।

अयोध्या के समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद के करीबी पार्टी नेता मोईद खान द्वारा एक नाबालिग अति पिछड़ी जाति बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के मामले में कार्रवाई जारी है। प्रदेश की योगी सरकार ने थाना प्रभारी रतनलाल शर्मा और चौकी इंचार्ज अखिलेश गुप्ता को सस्पेंड कर दिया है। वहीं, मोईद खान की संपत्ति की जांच हो रही है।

# रॉबर्ट्सगंज में बनेगा नया पर्यटन भवन

## चित्रकूट के मड़फा किले का होगा विकास

**लखनऊ, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में तमाम प्रकार की परियोजनाओं को गति देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में पर्यटन विकास की विभिन्न परियोजनाओं को लेकर सीएम योगी के विजन अनुसार एक विस्तृत कार्ययोजना बनी थी। इसी कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए योगी सरकार ने सोनभद्र जिले के राबर्ट्सगंज में नए जिला पर्यटन भवन की इमारत के निर्माण तथा चित्रकूट के मड़फा फोर्ट को इको-टूरिज्म हब के तौर पर विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस क्रम में, सीएम योगी की मंशा अनुसार उत्तर प्रदेश कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) को जिम्मा सौंपा गया है जिसने शॉर्ट नोटिस के माध्यम से दोनों ही परियोजनाओं को पूरा करने के लिए आवेदन मांगे हैं। इस प्रक्रिया के जरिए एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन के कार्यों को पूरा किया जाएगा। वर्षा ऋतु के अतिरिक्त रॉबर्ट्सगंज में नए पर्यटन भवन के निर्माण कार्य को 2.54 करोड़ रुपए की लागत से 18 महीनों में जबकि चित्रकूट के मड़फा किले में होने वाले विकास कार्यों को 76 लाख रुपए की लागत से 6 महीने की समयावधि के अंदर पूरा किया जाएगा।

इन दोनों ही कार्यों को पूरा करने के लिए निर्धारण प्रक्रिया में विशेषतौर पर विदेशों में कार्यों को पूरा करने का अुभव रखने वाली एजेंसियों को वरीयता दी जाएगी।

परियोजना के अंतर्गत कार्यावंटन प्राप्त करने वाली एजेंसियों को सभी निर्माण व विकास कार्यों को निर्धारित समयावधि के अंतर्गत उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करना होगा। नए पर्यटन भवन को आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया जाएगा और उसे भविष्य की जरूरतों के हिसाब से विकसित किया जाएगा। वहीं, दूसरी ओर मड़फा फोर्ट को इको-टूरिज्म के हब के तौर पर विकसित करने के लिए तमाम पर्यटन विकास की प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी। इन सभी कार्यों को पूरा करने के लिए कार्यावंटन प्राप्त करने वाली एजेंसी को डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनानी होगी जिस पर मंजूरी मिलने के बाद सभी निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा।

### यूपी में कट्टरपंथी सपा नेताओं और मुल्लों ने बेशर्मी की हद कर दी

# बुजुर्ग भाजपाई की मौत पर नहीं पढ़ने दी जनाजे की नमाज

**मुरादाबाद, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** राजनीतिक विरोध को लेकर इस्लामिक कट्टरपंथी समाज में जहर के बीज बोने से भी बाज नहीं आ रहे। यूपी के संभल मुरादाबाद में भाजपा समर्थक बुजुर्ग अलीदाद खान की मौत पर इमाम को नमाज नहीं पढ़ने दी। जांच में शिकायत सही पाए जाने के बाद पुलिस ने इस मामले में सपा के पूर्व चेयरमैन सलीम और इमाम राशिद सहित पांच के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।




पुलिस के मुताबिक, भाजपा का समर्थक की मौत पर नमाज नहीं पढ़ने देने की घटना मुरादाबाद की कुंदरकी नगर पंचायत में सामने आई है। कुंदरकी कस्बे में कायस्थान मोहल्ला के रहने वाले पीड़ित दिलनवाज खान ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की थी और जिले पुलिस-प्रशासनिक अफसरों को जानकारी दी थी। दिलनाज ने शिकायत में था कि उनके पिता अलीदाद खान की 23 जुलाई को हार्ट अटैक के चलते मौत हो गई थी। जब वह इमाम राशिद के पास जनाजे की नमाज के लिए कहने गए तो इमाम ने यह कहकर नमाज पढ़ने से मना कर दिया कि तुम भाजपा को वोट देते हो।

दिलनवाज के अनुसार, उसके मोहल्ले के सपा नेता पूर्व चेयरमैन असलम, शमीम, सराफत, मतीन ने उसे धमकाया कि भाजपा को समर्थन और वोट देने का खामियाजा तो भुगतना पड़ेगा। दो जान से मारने की धमकी भी दी गई। शिकायत को गंभीरता से लेकर जिलाधिकारी अनुज सिंह ने तत्काल एसीएम बिलारी विनय सिंह और एसपी देहात को मामले की जांच के आदेश दिए। जांच में आरोप सही पाए गए। जिसके इमाम राशिद व पूर्व सपा चेयरमैन सलीम सहित पांच लोगों के खिलाफ थाना कुंदरकी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

कुंदरकी में मृतक अलीदाद के परिवार के लोग काफी दिनों से भाजपा से जुड़े रहे हैं। वर्ष 2022 में हुए नगर पंचायत चुनाव हुए अलीदाद के भतीजे रिजवान वार्ड सदस्य का चुनाव भी भाजपा से लड़ा था। बुजुर्ग अलीदाद पार्टी की बैठकों में भी देखे जाते थे। बेटे दिलनवाज कहते हैं कि भाजपा को वोट देने की वजह से ही उनके पिता की मौत पर इमाम ने जनाजे की नमाज पढ़ने से इनकार किया। इसके बाद दूसरे इमाम से जनाजे की नमाज पढ़वाई गई। कट्टरपंथियों से उनके परिवार की जान को खतरा बताया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल ने मीडिया को बताया कि अलीदाद का परिवार भाजपा से जुड़ा रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा को वोट देने पर परिवार के साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है। मामला सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बना है। एसपी देहात संदीप मीणा ने पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# अब विधेयक के बहाने योगी विरोधी हो रहे एकजुट

### केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक पका रहे खिचड़ी

**लखनऊ, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश में एकजुट मोर्चा बनाने की एक और कोशिश में भाजपा ने यह सुनिश्चित किया कि इस सप्ताह विधानसभा के मानसून सत्र की शुरुआत से पहले बुलाई गई विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ राज्य के दोनों उपमुख्यमंत्री भी मौजूद रहें। लेकिन उसके कुछ दिनों बाद उस मोर्चे पर फिर दरारें दिखाई देने लगी हैं।

सबसे पहले आदित्यनाथ सरकार के उत्तर प्रदेश नजूल संपत्ति विधेयक पर विधानसभा में भाजपा के ही नेताओं ने आपत्ति जताई। जिसमें सिटी वेस्ट प्रयागराज के विधायक और पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह और प्रयागराज के विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी ने विधेयक पर आशंकाएं व्यक्त कीं। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने भी हस्तक्षेप किया, जबकि बाजपेयी अपील कर रहे थे, आप समझ नहीं रहे हो। पहले पढ़ तो लो।

इसके बाद भाजपा की सहयोगी निषाद पार्टी के अनिल त्रिपाठी ने भी सिंह और बाजपेयी के साथ मिलकर अपनी आशंकाएं व्यक्त कीं। फिर, विधानसभा से बिल पास होने के एक दिन बाद विधान परिषद ने इसे आगे की जांच के लिए एक प्रवर समिति को भेज दिया। यह मांग सबसे पहले यूपी भाजपा प्रमुख और एमएलसी भूपेंद्र चौधरी ने की थी और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इसका समर्थन किया था, जिन्होंने आदित्यनाथ के खिलाफ गुप्त विद्रोह शुरू कर रखा है। सीएम के तौर पर आदित्यनाथ विधानसभा में भाजपा के नेता हैं, जबकि मौर्य विधान परिषद में भाजपा के नेता हैं। भाजपा और उसके सहयोगियों को दोनों सदनों में स्पष्ट बहुमत प्राप्त है, जिसका मतलब है कि किसी विधेयक को प्रवर समिति के पास भेजना है। वह भी सत्ता पक्ष की मांग पर।

नजूल भूमि वह भूमि है जिसे औपनिवेशिक काल (ब्रिटिश काल) के दौरान सार्वजनिक उपयोगिताओं, प्रशासनिक कार्यों या विस्थापित व्यक्तियों के बसने जैसे विशिष्ट उद्देश्यों के लिए अधिग्रहित किया गया था। समय के साथ, इस भूमि का उपयोग या पट्टे पर विभिन्न सार्वजनिक और निजी उद्देश्यों के लिए किया गया है।

प्रस्तावित विधेयक के अनुसार, राज्य में नजूल भूमि अब सार्वजनिक उद्देश्यों के लिए आरक्षित और उपयोग की जाएगी। नजूल भूमि के स्वामित्व को निजी व्यक्तियों या संस्थाओं को हस्तांतरित करने का अनुरोध करने वाली कोई भी अदालती कार्यवाही या आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे और स्वतः ही खारिज हो जाएंगे। यदि ऐसे स्वामित्व परिवर्तन की प्रत्याशा में भुगतान किया गया है, तो राशि वापस की जानी है।

सरकार नजूल भूमि के वर्तमान पट्टाधारकों के पट्टे को बढ़ाने का विकल्प चुन सकती है, बशर्ते कि उनकी स्थिति अच्छी हो, वे नियमित रूप से किराया दे रहे हों, तथा उन्होंने पट्टे की शर्तों का उल्लंघन न किया हो। जबकि भाजपा नेताओं के साथ-साथ विपक्ष का कहना है कि उन्होंने जनहित में विधेयक पर आपत्ति जताई है, वास्तव में यह विधेयक उस अध्यादेश की जगह लेता है, जो इस साल मार्च से लागू है।

## 21.60 लाख युवाओं को पीएमकेवीवाई के तहत मिला प्रशिक्षण

**लखनऊ, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** युवाओं का कौशल निखारकर उनकी योग्यतानुसार उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जुलाई 2015 में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) की शुरुआत की थी। उत्तर प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस योजना के अंतर्गत 9 वर्षों में अब तक 21 लाख से ज्यादा युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जिसमें से करीब 17 लाख युवाओं ने अपना सर्टिफिकेशन भी प्राप्त कर लिया है। उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत देश में अब तक 1.50 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। योजना के अंतर्गत तीन माह, 6 माह और एक साल के लिए रजिस्ट्रेशन होता है। कोर्स पूरा करने के बाद सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है। यह प्रमाणपत्र पूरे देश में मान्य होता है।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उधमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में युवाओं के कौशल को निखारने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

# बुरे नहीं होते कंप्यूटर हैकर

सभी कंप्यूटर हैकर अपने कौशल का गलत इस्तेमाल नहीं करते। सिक्योरिटी सिस्टम की कमियों का पता लगाने के लिए इन कंप्यूटर एक्सपर्ट्स की सेवाएं बड़े कार्पोरेट हाउस और सरकारें भी लेती हैं...



**कंप्यूटर** और इंटरनैट ने सूचना टैक्नोलॉजी को नए आयाम दिए हैं, लेकिन हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। एक तरफ आई.टी. क्रांति के औजारों (कंप्यूटर तथा इंटरनैट) के साकारात्मक प्रयोग से बड़ी तादाद में कार्यकुशल लोग मानवता के कल्याण में दिन-रात लगे हुए हैं, वहीं कुछ लोग तुच्छ स्वार्थों के लिए इस वरदान का दुरुपयोग भी बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। 'कंप्यूटर हैकर' उपरोक्त दोनों प्रकार के लोगों में शुमार हैं।

**कंप्यूटर हैकर व हैकिंग**

अगर कंप्यूटर हैकिंग के अर्थों को व्यापक स्तर पर लिया जाए, तो इसका अभिप्राय कंप्यूटर बनाने वाले के उद्देश्यों से बाहर जाते हुए कंप्यूटर हार्डवेयर तथा सॉफ्टवेयर में अपनी मनमर्जी मुताबिक मॉडिफिकेशन करने को कंप्यूटर हैकिंग कहा जाता है और जो लोग इस काम को अंजाम देते हैं- 'कंप्यूटर हैकर्स' कहलाते हैं। कंप्यूटर हैकिंग और कंप्यूटर हैकर आज के जमाने का सत्य है। ये ऐसे लोग होते हैं, जो कंप्यूटर सिस्टम की कमजोरियां ढूंढ़ते हैं और गैर-कानूनी ढंग से किसी दूसरे व्यक्ति के कंप्यूटर में घुस कर जरूरी जानकारियां चुरा लेते हैं, उनके सिस्टम को क्रप्ट कर देते हैं, अपनी मर्जी मुताबिक डाटा चेंज कर कर देते हैं, सिक्योरिटी कोड ब्रेक करते हैं और इस सब की बदौलत तबाहकून गतिविधियों को अंजाम देते हैं।

**हैकर बनाम क्रैकर**

हैकर अपने ज्ञान का यथासंभव पॉजिटिव इस्तेमाल करने का प्रयास करते हैं, जबकि क्रैकर हैकरों की दुनिया के काले पक्ष का प्रतिनिधित्व करते हैं। जो लोग अपने फन का पॉजिटिव प्रयोग करते हैं, हैकर कहलाते हैं, मगर नैगेटिव इस्तेमाल करने वालों को क्रैकर की संज्ञा दी जाती है। मौटे तौर पर कहें, तो हैकर बनाता है, क्रैकर तोड़ता है।

**हैकर्स के प्रकार**

व्हाइट हैट हैकर- ये जानकारी और स्किल को अच्छे कामों में प्रयोग करते हैं, इसलिए इन्हें फ्रैंडली हैकर भी कहा जाता है। अपनी कार्यकुशलता का लोहा मनवाकर ये बड़ी-बड़ी कंपनियों में नैटवर्क एडमिनिस्ट्रेटर, प्रोग्रामर और सिक्योरिटी सलाहकारों के पदों पर हाई सैलरी पैकेजिस पर काम करते हैं। जब कभी सॉफ्टवेयर में कोई प्रॉबलम आ जाती है, तो व्हाइट हैट हैकर रात-दिन एक करके उस स्मस्या का समाधान ढूंढने में लग जाते हैं और कंपनियों को नुकसान से बचा लेते हैं।

**ग्रे हैट हैकर**- इस प्रकार के हैकर अच्छाई से थोड़ा दूर, लेकिन बुराई के ज्यादा करीब भी नहीं होते। ये कई बार साधारण इंटरनैट यूजर्स के लिए प्रॉब्लम पैदा कर देते हैं और नुकसानदायक गतिविधियों में संलिप्त हो जाते हैं। ऐसी गतिविधियां उन्हें जेल भी पहुंचा सकती हैं।

**ब्लैक हैट हैकर** - इनको क्रैकर की संज्ञा भी दी जाती है। ये वायरस भेजते हैं, डाटा तबाह कर देते हैं, डिफैंस वेबसाइट्स में घुसपैठ करते हैं, गैरकानूनी गतिविधियां अंजाम देते हैं और कई बार एक ही वक्त में कई देशों के कंप्यूटरों का सिर दर्द बन जाते हैं। ये बदनाम किस्म के हैकर होते हैं। इनके पकड़े जाने पर इन्हें कई साल की कैद हो जाती है। डेविड स्मिथ ऐसा ही हैकर था जिसने मार्च 1999 में मेलिसा वायरस फै लाया। यह वायरस 1.2 मिलियन कंप्यूटरों में पहुंच गया था और इसने अमेरिका और यूरोप में 80 मिलियन डॉलर का आर्थिक नुकसान किया था। दोषी पाए जाने पर स्मिथ को 40 साल की जेल हुई **थी।**


## साइकोलॉजिकल एटीट्यूड

हैकर्स के दिमाग में क्या चलता है या क्या सोच कर कोई इंटैलिजंट व्यक्ति हैकर बनता है- यह जानने की कई बार कोशिश की गई। पकड़े गए बदनाम हैकर्स और व्हाइट हैट हैकर्स के विभिन्न साक्षात्कारों से यही नतीजा निकलता है कि वे सोचते हैं कि इस संसार में बहुत-सी दिलचस्प समस्याएं हैं, जो हल का इंतजार कर रही हैं, कोई भी समस्या दो बार हल नहीं होती, बोर्डम्म और स्टीरियोटाइप जिंदगी एक बुराई है, हर प्रकार की आजादी ही अच्छाई है।

**मजेदार किस्से**

- 23 वर्षीय कोर्निल यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी रॉबर्ट मॉरिस ने 1988 में पहला इंटरनैट वायरस छोड़ा था। उसने 99 कोड लाइंस इंटरनैट में भेजीं, जिसने सभी मशीनों को संक्रमित कर दिया। इस कारण अमेरिका और आसपास के देशों के कई कंप्यूटर खराब हो गए। उसको 1990 में सजा सुनाई गई।
- कंप्यूटर हैकर्स के भगवान माने जाने वाले केविन मिटनिक ने 1990 में नोकिया फजितषि, मोटोरोला और सन माइक्रो सिस्टम जैसी विश्व स्तरीय कंपनियों के कंप्यूटर सिस्टम में सेंध लगा दी।
- उसे 1995 में गिरफ्तार किया गया। उसने कभी भीअपने काम को हैकिंग नहीं कहा। वह इसे सोशल इंजीनियरिंग की संज्ञा देता था।
- रूसी कंप्यूटर जीनियस व्लादीमिर लेविन ने पहली बार किसी बैंक का सिक्योरिटी कोड तोड़ा और 1995 में सिटी बैंक से 10 मिलियन डॉलर अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए।

## कितने झोल-झाल




## चट्टू-मट्टू

कविता

चट्टू-मट्टू, कितने रट्टू।
इतना पढ़ते, फिर भी टट्टू।
अच्वी-गच्वी, बोली चच्वी।
बात करो तुम हरदम सच्ची।
अक्का-बक्का, मारो छक्का।
खेल जरूरी, कहते कक्का।
आटा-पाटा, झूम झपाटा।
कल की छुट्टी, टा-टा-टा-टा।
इल्ली-गिल्ली, बड़ी मुटल्ली।
मेरे घर की भूरी बिल्ली।
अटकन-बटकन, दहीचटोकन।
मेरी गुड़िया, बड़ी मटोकन।
इडली-डोसा, गरम समोसा।
लेकर आए मेरे मौसा।
अड़की-गड़की, बिजली कड़की।
घर में भागी, छोटी लड़की।



## ज्यादा टीवी देखना ठीक नहीं




**यह** बात शायद आपको कुछ अजीब सी लगे कि टीवी देखने से बच्चों की बोलने और समझने की शक्ति पर खराब असर पड़ता है। यदि आपका लाड़ला याद किए शब्दों को भूल जाता है तो सबसे पहले उसकी टीवी से चिपके रहने की आदत से निजात दिलाएं। ब्रिटेन के एक स्पीच थेरैपिस्ट वाल्सन ने अपने अध्ययन से इस आशय का निष्कर्ष निकाला है। वाल्सन के अनुसार लगातार कई घंटों तक टीवी देखने से बच्चों की वाक शक्ति पर काफी नकारात्मक असर पड़ता है। इस कारण बच्चा हकला सकता है या फिर वह अपने विचारों को दूसरों के सामने अच्छी तरह संप्रेषित नहीं कर सकता है। वाल्सन की सलाह है कि अभिभावक स्वयं टीवी से चिपके रहने की आदत से बाज आकर बच्चों के समक्ष एक उदाहरण पेश करें। साथ ही बच्चों के लिए वक्त निकाल कर उनसे प्रेमपूर्ण बातें करनी चाहिए।

## शेर को मिली सजा

**एक** अय्यर ब्राह्मण घने वन से गुजर रहे थे। तभी उनकी नजर पिंजरे पर पड़ी। पिंजरे में एक शेर बंद था। शेर ने ब्राह्मण से विनती की-'आप मुझे पिंजरे से निकाल दें। भूख-प्यास से मेरी जान जा रही है। मैं कुछ खा-पीकर पुनः पिंजरे में लौट आऊँगा।' ब्राह्मण महाशय परेशान हो गए। यदि पिंजरा खोलते हैं तो शेर उन्हें खा सकता है। यदि नहीं खोलते हैं तो बेचारा पशु मारा जाएगा।

अंत में उनकी दयालुता की जीत हुई। उन्होंने पिंजरे का दरवाजा खोल दिया। शेर बाहर आते ही गरजकर बोला-'मूर्ख मनुष्य, तूने गलती की है। मैं तुझे ही खाऊँगा।' ब्राह्मण भय के कारण थर-थर काँपने लगा। परंतु मन-ही-मन वह बचने का उपाय भी सोच रहा था। जैसे ही शेर ने झपट्टा मारने की कोशिश की, ब्राह्मण ने हिम्मत बटोरकर काँपते स्वर में कहा- मुझे खाने से पहले चार लोगों से सलाह ले लो। यदि वे कहेंगे तो तुम मुझे खा लेना।



अब जंगल में चार लोग कहाँ से आते? चार जंगली जीवों से राय लेने का निश्चय हुआ। एक बूढ़ा-सा ऊँट सामने से गुजरा तो उससे राय पूछी गई। वह मुँह बिचकाकर बोला-'अरे ये इंसान कहीं दया के योग्य होते हैं? मेरे मालिक को ही देखो, मैं जवान था तो खूब काम करता था। अब शरीर में ताकत नहीं है तो वह मुझे डंडों से मारता है।' शेर की आँखें खुशी से चमकनें लगीं।

किंतु अभी तीन जजों की सलाह और लेनी थी। पास में ही बरगद का विशाल वृक्ष था। लंबी बाँहें फैलकर बोला-'मनुष्य बहुत लोभी होता है। सूरज की तपती धूप से मैं इसकी रक्षा करता हूँ। सारी दोपहर मेरी छाँव में बिताकर यह शाम को मेरी टहनियाँ काटकर ले जाता है। मेरी राय में तो सभी मनुष्यों को जान से मार देना चाहिए।' यह उत्तर सुनकर ब्राह्मण की आँखों के आगे अँधेरा छाने लगा। तभी ढेंचू-ढेंचू की आवाज सुनाई दी। ब्राह्मण को कुछ आशा बँधी। एक लँगड़ा गधा रेंकता हुआ उसी ओर आ रहा था। शेर ने उनसे भी प्रश्न किया। गधेराम तो पहले से ही जले-भुने बैठे थे। गुस्से से भरकर बोले- 'देखो न, मैं दिन-भर मालिक का बोझा ढोता हूँ। मैं उफ तक नहीं करता। जो भी रूखा-मूखा मिल जाता है, वह खुशी से खा लेता हूँ पर आज....। कहकर वह रोने लगा।'

शेर को गधे से क्या लेना-देना था? उसने अपना प्रश्न दुहराया, 'क्या ब्राह्मण को खा लूँ?' गधे ने आँसू पोंछकर कहा- 'अवश्य मेरे मित्र, इसे बिलकुल मत छोड़ना। इन मनुष्यों ने हमारी नाक में दम कर रखा है।'

अब एक ही पशु की राय और लेनी थी। एक लोमड़ी वहीं खड़ी होकर सब कुछ देख रही थी। वह पास आई और बोली-'फैसला तो मैं कर दूँगी पर पहले अपने-अपने स्थान पर खड़े हो जाओ। मुझे तो विश्वास ही नहीं होता कि इतना बड़ा शेर पिंजरे में कैसे समा गया? शेर ने जोश में आकर छलाँग लगाई और पिंजरे में जा पहुँचा। लोमड़ी ने झट से दरवाजा बंद कर दिया और ब्राह्मण से बोली, 'आप अपने घर जाएँ और जंगली पशुओं से बचकर रहें। इस शेर की हरकतों से तंग आकर ही इसे बंद किया गया था। आगे से बिना सोचे कोई काम मत करना।' ऐसा कहकर लोमड़ी जंगल में लौट गई। दुष्ट शेर ने पिंजरे में ही भूख-प्यास से दम तोड़ दिया। उसे उसके किए की सजा मिल गई थी।

## गलत सलाह

**किसी** जंगल में बरगद का एक पेड़ था। उस पर बगुलों के अनेक परिवार रहते थे। पास ही नदी बहती थी। बगुले जब चाहते नदी पर चले जाते। वहां वे खूब मछलियां व केकड़े पकड़ते और खाते। बरगद का तना अंदर से खोखला था। उस खोखल में एक भयानक सांप रहता था। बगुले जब नदी पर चले जाते, तब उनके जिन बच्चों के पंख नहीं होते, सांप उन्हें मारकर खा जाता। इस तरह सांप खूब मजे में था।


एक दिन एक बगुला नदी किनारे बैठा रो रहा था। उसे रोते हुए देखकर एक केकड़े ने पूछा, 'मामा, इस तरह क्यों रो रहे हो?'

बगुले ने उसे सांप के बारे में बताया।

तब केकड़ा बोला, 'एक उपाय है, मामा। नदी से ढेर सारी मछलियां पकड़ो। एक मरी मछली किसी नेवले के बिल के पास रख दो। थोड़ी दूर दूसरी रख दो। इस तरह बरगद से खोखल तक ढेर सारी मछलियां रख दो। जब नेवला मछलियां खाता हुआ खोखल तक पहुंचेगा, तो वहां सांप को देखकर उसे मार देगा।

बगुले को केकड़े की सलाह अच्छी लगी। दूसरे दिन सब बगुलों ने मिलकर ढेरों मछलियां पकड़ीं और उन्हें नेवले के बिल से लेकर बरगद तक बिछा दिया। जब नेवला बाहर निकला, तो सामने मछली पड़ी थी। थोड़ी दूर पर दूसरी और फिर तीसरी। नेवला मछलियां खाता हुआ बरगद तक पहुंचा। वहां सांप को देखकर वह उस पर झपट पड़ा। दोनों में लड़ाई हुई और सांप मारा गया। तभी नेवले को कुछ आवाजें सुनाई दीं। उसने ऊपर देखा, वहां बहुत से बगुले थे। उन्हें देखकर नेवला उसी पेड़ की खोखल में रहने लगा। मौका पाकर वह पेड़ पर चढ़ जाता और बगुलों के बच्चों को खा जाता।

इसलिए बिना सोचे, जल्दी में कोई काम न करो। पहले देख लो कि उसमें कोई खतरा तो नहीं है। नहीं तो अंत में तुम्हारी ही हानि होगी।



## जापान ने बनाया सबसे तेज कंप्यूटर

**टोक्यो।** एक जापानी सुपर कंप्यूटर ने एक सेकंड में 10 हजार खरब कैलकुलेशन कर दुनिया की सबसे तेज मशीन का दर्जा पा लिया है। के कंप्यूटर ने अक्टूबर में बने अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। तब यह एक सेकंड में 8 हजार खरब की गणना एक सेकंड में करता था।

फूजित्सु की कंपनी रिकेन ने यह सुपर कंप्यूटर बनाया है। कंपनी के निदेशक योंजी नोयोरी ने बताया कि के कंप्यूटर में 88 हजार से ज्यादा प्रोसेसिंग यूनिट लगे हुए हैं। सामान्य कंप्यूटर में सिर्फ 4 प्रोसेसर लगते हैं। इस वजह से सुपर कंप्यूटर सामान्य कंप्यूटर से 10 हजार गुना तेजी से काम करता है। भूकंपीय तरंगों और सुनामी लहरों के इमारतों पर प्रभाव जांचने के लिए इनका इस्तेमाल किया जाता है।

## रंग भरो



शुभ लाभ — खबरें जो सोच बदल दे — हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने यूक्रेन के 75 ड्रोन को मार गिराया

मास्को, 03 अगस्त (एजेंसियां)। रूस ने यूक्रेन के 75 ड्रोनों को मार गिराने का दावा किया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने कई क्षेत्रों में रात भर में 75 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट कर दिया है।

मंत्रालय ने कहा, रूसी शासन द्वारा रात में रूसी संघ के क्षेत्र में मानव रहित हवाई वाहनों का उपयोग करके आतंकवादी हमले को अंजाम देने के प्रयास किया गया। इस दौरान ड्यूटी पर मौजूद वायु रक्षा प्रणालियों ने रोस्तोव क्षेत्र में 36 विमान-प्रकार के यूएवी को नष्ट कर दिया। वहीं, कुर्स्क क्षेत्र में आठ, बेलगोरोड क्षेत्र में नौ, ओर्योल क्षेत्र में 17, रियाज़ान क्षेत्र में दो और वोरोनिश क्षेत्र, आज़ोव सागर और क्रास्नोडार क्षेत्र में क्रमश: एक-एक यूएवी को मार गिराया गया।क्षेत्रीय गवर्नर एंड्री क्लिचकोव ने टेलीग्राम पर लिखा कि ओर्योल शहर के बोल्खोव्स्की जिले में अपार्टमेंट ब्लॉक पर दो यूएवी द्वारा किए गए हमले के कारण एक व्यक्ति घायल हो गया है।इस बीच रोस्तोव क्षेत्र के कमेंस्की जिले में एक और ड्रोन हमले के कारण ईंधन के टैंकों में आग लग गयी। यह जानकारी जिला प्रशासन के प्रमुख व्लादिमीर सविन ने शनिवार को टेलीग्राम पर दी। उन्होंने कहा कि आपातकालीन सेवाएं ने आग पर काबू पा लिया है। उन्होंने कहा कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उल्लेखनीय है कि रूस 24 फरवरी, 2022 से यूक्रेन में अपना सैन्य अभियान चला रहा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि इस अभियान का उद्देश्य आठ वर्षों से यूक्रेन शासन के अधीन नरसंहार का शिकार हो रहे लोगों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि अभियान का अंतिम लक्ष्य डोनबास को पूरी तरह से मुक्त करना और ऐसी स्थितियाँ बनाना है, जो रूस की सुरक्षा की गारंटी दें।

# पीटीआई नेता 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**इस्लामाबाद, 03 अगस्त (एजेंसियां)।**

पाकिस्तान की संघीय राजधानी इस्लामाबाद की एक आतंकवाद विरोधी अदालत (एटीसी) ने शनिवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सूचना सचिव रऊफ हसन को आतंकवाद से संबंधित एक मामले में 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

जियो न्यूज' की रिपोर्ट के अनुसार, पीटीआई के सूचना सचिव को पीटीआई के अंतरराष्ट्रीय मीडिया समन्वयक अहमद जांजुआ के एक बयान के आलोक में 31 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था, जिन्होंने दावा किया था कि जांजुआ ने आतंक भड़काने के लिए पैसे दिए थे।

मीडिया रिपोर्टों के अवुसार, एटीसी जज ताहिर अब्बास सुप्रा ने हसन की सात दिनों की न्यायिक हिरासत की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। पीटीआई नेता के वकील अली बुखारी अदालत में पेश हुए और अपनी दलीलें पेश कीं। उन्होंने अपने मुवक्किल की गिरफ्तारी के बाद जमानत की अपील भी दायर की, जिस पर कोर्ट ने छह अगस्त के लिए नोटिस जारी किया है। बुखारी ने कहा कि वह पिछली सुनवाई के फैसले पर अदालत के ध्यान में कुछ लाना चाहते थे कि हसन के बैंक खातों का विवरण ऑनलाइन भी जांचा जा सकता है। न्यायाधीश ने कहा कि उन्हें इस फैसले पर एटीसी में नहीं बल्कि उच्च न्यायालय में आपत्ति दर्ज करनी चाहिए थी। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या पीटीआई नेता के कॉल डेटा, बैंक हस्तांतरण या बैठक का विवरण प्राप्त किया गया था।

## न्यूज ब्रीफ

### ऐसी क्या सुविधा दे रहा कनाडा, भारतीय छात्रों की पहली पसंद बना



**ओटावा।** कनाडा में हालिया समय में घटते रोजगार और घरों की कमी की समस्या तेजी से बढ़ी है। इन समस्याओं के हल के लिए कनाडा सरकार ने कई नियमों में भी बदलाव किया है, जिससे विदेशियों की संख्या को कम किया जा सके। मौजूदा साल में कनाडा में भारतीय छात्रों के नामांकन में गिरावट भी देखी गई है। इसके बावजूद अभी भी जिस देश में सबसे ज्यादा भारतीय छात्र हैं, वहां कनाडा है। भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से बताया गया है कि देश के कुल 13,35,878 भारतीय छात्र वर्तमान में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में पढ़ रहे हैं। भारतीय छात्रों की सबसे ज्यादा संख्या कनाडा में है। कनाडा में 4,27,000 भारतीय छात्र हैं। कनाडा के बाद अमेरिका में 3,37,630 छात्र हैं। भारत के 1,85,000 छात्र यूके, 122,202 छात्र ऑस्ट्रेलिया और 42,997 छात्र जर्मनी में पढ़ रहे हैं। दरअसल कनाडा ने बीते कुछ समय में स्टडी वीजा और नागरिकता के नियमों में बदलाव किए हैं। इसकारण कनाडा भारतीय छात्रों का पसंदीदा बनाता जा रहा है। कनाडा में हालिया समय में पढ़ाई के खर्चे बढ़े हैं। इसके बावजूद अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों से कनाडा में पढ़ाई सस्ती है। कनाडा में छात्रों को पढ़ाई के साथ नौकरी मिलना आसान होता है और स्कॉलरशिप की भी कई स्कीम कनाडा में हैं, जो छात्रों के लिए चीजें आसान कर देती हैं। कनाडा में पढ़ाई के बाद नौकरी और नागरिकता भी दूसरे देशों के मुकाबले आसानी से मिलती रही है। इन कारणों के अलावा कनाडा में भारतीयों, खासतौर से पंजाबियों की बड़ी संख्या है। कनाडा में पंजाबी अहम पदों पर भी काम कर रहे हैं। ये भी भारतीयों को एक किस्म की सहजता देती है।

### किम के स्वास्थ्य को लेकर चर्चा उत्तराधिकारी की दौड़ में बेटी और बहन



**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया की सत्ता पर साल 2011 से किम जोंग उन काबिज हैं। यह सत्ता में किम ही सर्वेसर्वा हैं, लेकिन हालिया समय में उनके स्वास्थ्य को लेकर कई चर्चा सामने आई हैं। किम को हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटिज है। किम का परिवार दिल की बीमारियों से भी पीड़ित रहा है। किम के पिता की 2011 और दादा की 1994 में दिल का दौरा पड़ने से मौत हुई थी। इसके बाद उत्तर कोरिया के सत्ता गलियारों में ये बहस भी शुरू हो गई है कि किम की विरासत को कौन संभालेगा। इसमें किम की बेटी, बहन और बेटा का नाम चल रहा है। किम अपनी बेटी किम जूए को अपने उत्तराधिकारी के रूप में ट्रेनिंग दे रहे हैं, जिसकी उम्र 10 से 12 वर्ष के बीच है। किम परिवार की बहन और बेटा भी दौड़ में शामिल हैं। खासतौर से किम की बहन के नाम ने पश्चिम के देशों में हलचल बढ़ाई है, जिसे काफी क्रूर बताया जाता है। हालांकि दक्षिण कोरिया के जासूसों का मानना है कि किम जूए को सत्ता मिलने की ज्यादा संभावना है। इसकी वजह ये है किम खुद उस सत्ता संभालने के तौर तरीके बता रहे हैं। किम की पसंदीदा संतान के रूप में किम जूए को अपने पिता के साथ देखा गया है।

### मोसाद का सीक्रेट प्लान, 2 माह पहले ही कमरे में छुपाया गया विस्फोट

**वाशिंगटन।** हमास के राजनीतिक प्रमुख इस्माइल हानिया को लेकर नया खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में एक





अधिकारियों के हवाले से बताया कि हानियेह की तेहरान गेस्टहाउस में गुप्त रूप से तस्करी कर लाए गए एक विस्फोटक उपकरण से हत्या कर दी गई, जहां वे ठहरे हुए थे। उनके प्रवास में करीब दो महीने पहले यहां बम छुपाया गया था। हनियेह ने राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियान के उद्घाटन के लिए ईरान की राजधानी की यात्रा की थी। उन्हें इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स द्वारा संचालित और संरक्षित एक गेस्टहाउस में रखा गया था। तेहरान दौरे के दौरान वह अक्सर गेस्टहाउस में रुकते थे। अधिकारियों ने बताया कि जैसे ही यह पुष्टि हुई कि वह गेस्टहाउस में अपने कमरे के अंदर था, बम को दूर से विस्फोट कर दिया गया, जिससे उसकी और एक अंगरक्षक की मौत हो गई। विस्फोट से इमारत हिल गई, कुछ खिड़कियां टूट गईं और बाहरी दीवार आंशिक रूप से ढह गई। इज़राइल ने सार्वजनिक रूप से हत्या की ज़िम्मेदारी नहीं ली है इजराइली खुफिया अधिकारियों ने अमेरिका और अन्य पश्चिमी सरकारों को ऑपरेशन के विवरण के बारे में जानकारी दी। हालाँकि, राज्य सचिव एंटनी ब्लिंकन के अनुसार, अमेरिका ने हत्या की साजिश के बारे में पहले से जानकारी मिलने से इंकार किया है। हनियेह के लिए एक सार्वजनिक अंतिम संस्कार समारोह तेहरान में आयोजित किया गया, जिसमें शोक मनाने वालों की भीड़ ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## लीडो बीच पर बम ब्लास्ट, बंदूकधारियों ने चलाईं ताबड़तोड़ गोलियां

# सोमालिया में आत्मघाती हमले में 32 लोगों की मौत, 63 घायल

**मोगादिशु, 03 अगस्त (एजेंसियां)।**

सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में समुद्र तट के निकट एक होटल में शुक्रवार देर रात एक आत्मघाती हमले और गोलीबारी में कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई और 63 लोग घायल हो गए। पुलिस और चश्मदीद लोगों के मुताबिक आत्मघाती हमलावर ने लीडो बीच पर बम विस्फोट किया, जिसके बाद बंदूकधारी हमलावरों ने इलाके में गोलीबारी शुरू कर दी। यह समुद्र तट व्यापारियों और अन्य लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है। यहां पहले भी हमले हो चुके हैं।



पुलिस के अनुसार इनमें से कई घायलों की हालत अत्यंत गंभीर है। वीडियो फुटेज में मोगादिशु के अब्दियाजीज जिले में कई शव और घायल लोग दिखाई दे रहे हैं। चश्मदीद लोगों के मुताबिक वे काफी दहशत में थे, क्योंकि विस्फोट के तुरंत बाद गोलीबारी शुरू हो गई। कुछ लोगों ने किसी तरह अपनी जान बचाने की कोशिश की जबकि अन्य ने वहां से भागने की कोशिश की।

एक चश्मदीद ने बताया कि उसने समुद्र तट पर घायल लोगों को देखा। लोग दहशत में चिल्ला रहे थे और यह पता लगाना मुश्किल था कि कौन मर चुका है और कौन अभी भी जीवित है। हमले में कम-से-कम पांच लोग शामिल थे, क्योंकि एक हमलावर ने खुद को उड़ा लिया जबकि तीन अन्य मारे गए। पुलिस प्रवक्ता ने मोगादिशु में पत्रकारों को बताया कि एक हमलावर को जिंदा पकड़ लिया गया।



स्थानीय मीडिया का कहना है कि यह हमला अल-शबाब आतंकवादियों द्वारा किया गया था, जिन्होंने दक्षिणी और मध्य सोमालिया के बड़े हिस्से को नियंत्रित किया था। यह समूह अल-कायदा से जुड़ा है और सोमालिया में संयुक्त राष्ट्र समर्थित सरकार के खिलाफ लगभग 20 वर्षों से क्रूर विद्रोह कर रहा है।

चरमपंथी संगठनों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखने वाले एसआईटीईई खुफिया समूह के अनुसार अल-शबाब ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि वे सोमालियाई कर्मचारियों और अधिकारियों को निशाना बना रहे थे।

यूएस अफ्रीका कमांड ने पिछले साल कहा था कि अल-शबाब दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सक्रिय अल-कायदा नेटवर्क है। इसे 2008 में अमेरिका द्वारा और 2010 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समिति द्वारा आतंकवादी समूह के रूप में नामित किया गया था।

युगांडा के अधिकारियों के अनुसार पिछले साल इसने सोमालिया में अफ्रीकी संघ के एक सैन्य अड्डे पर घातक हमला किया था, जिसमें युगांडा के कम से कम 54 सैनिक मारे गए थे।

# नॉन अल्कोहलिक बीयर की खपत में चौंकाने वाली वृद्धि



**बर्लिन, 03 अगस्त (एजेंसियां)।**

यूरोप के सबसे ताकतवर देशों में से एक जर्मनी को लेकर चौंकाने वाली रिपोर्ट आई है। जर्मनी की खुद की एजेंसी ने नॉन अल्कोहलिक बीयर की खपत में पिछले 10 वर्षों में चौंकाने वाली वृद्धि होने की बात कही है। नई रिपोर्ट की मानें तो पिछले 10 वर्षों में नॉन अल्कोहलिक बीयर का प्रोडक्शन दोगुने से भी ज्यादा हो गया है।

खपत बढ़ने के बाद बीयर के प्रोडक्शन में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है। इससे नॉन अल्कोहलिक बीयर मार्केट में भी बूम आया है। दूसरी तरफ, अल्कोहलिक बीयर में धड़ल्ले से बिक रही है। जर्मनी की फेडरल स्टैटिस्टिकल ऑफिस डेस्टेटिस ने बीयर के कंजप्शन को लेकर रिपोर्ट जारी की है। डिपार्टमेंट का कहना है कि नॉन अल्कोहलिक बीयर की बिक्री में वृद्धि को देखते हुए इसके प्रोडक्शन में दोगुने से भी ज्यादा का इजाफा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अल्कोहल का सेवन करने वाले अधिकांश लोगों का रुझान अब अल्कोहल फ्री वेरायटी की तरफ हो रहा है। इस वजह से नॉन अल्कोहलिक बीयर के उपभोग में दोगुनी वृद्धि दर्ज की गई है। बता दें कि यूरोपीय देशों में

### अल्कोहलिक बीयर भी बिक रही है धड़ल्ले से

वाइन का प्रचलन ज्यादा रहता है।स्टैटिस्टिकल एजेंसी डेस्टेटिस की रिपोर्ट की मानें तो साल 2023 में जर्मनी के लोगों ने 556 मिलियन लीटर (556455532 लीटर) बीयर गटक गए।

विशेषज्ञों ने बताया कि इस तरह जर्मनी में लोग रुपए 49386805500 मूल्य के नॉन अल्कोहलिक बीयर गटक गए। बता दें कि यह रिपोर्ट इंटरनेशनल बीयर डे (2 अगस्त) से कुछ दिनों पहले ही रिलीज किया गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि लो अल्कोहल बीयर (जैसे रेडलर, लेमोनेड आदि) का प्रोडक्शन भी साल 2013 के मुकाबले साल 2023 में 36 करोड़ लीटर को क्रॉस कर गया है। जर्मनी की फेडरल एजेंसी की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि नॉन अल्कोहलिक बीयर की खपत में वृद्धि का यह मतलब नहीं है कि अल्कोहलिक बीयर के प्रोडक्शन और उसके उपभोग पर कोई असर पड़ा है। जर्मनी में अभी भी इस कैटेगरी के बीयर का उत्पादन नॉन अल्कोहलिक बीयर के मुकाबले ज्यदा हो रहा है।

# बांग्लादेश आरक्षण आंदोलन में 10000 से ज्यादा छात्र और विपक्षी नेता गिरफ्तार

### आंदोलनकारियों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज





**ढाका, 03 अगस्त (एजेंसियां)।**

बांग्लादेश में आरक्षण को लेकर भारी हिंसा फैल गई है। रोजाना हजारों की संख्या में छात्र, विपक्षी दल के नेता और कार्यकर्ता सड़कों पर आकर प्रदर्शन कर रहे हैं। 18 जुलाई से ढाका और बांग्लादेश के विभिन्न जिलों में यह प्रदर्शन बड़े पैमाने पर हो रहे हैं।

पिछले तीन दिनों में आंदोलन हिंसक हो गया है। पुलिस को प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए आंसू गैस और लाठी चार्ज करके प्रदर्शन कारियों को निर्यंत्रित करना पड़ रहा है। पिछले तीन दिनों में बांग्लादेश की पुलिस ने 10000 के आसपास प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर उन्हें जेलों में भेज दिया गया है। प्रदर्शनकारियों पर गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज किये गये हैं।

18 जुलाई से बांग्लादेश के सभी शैक्षणिक संस्थान बंद है। बांग्लादेश के मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और जमाते इस्लामी के नेताओं, कार्यकर्ताओं, छात्रों को बड़ी संख्या में पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज रही है।

बांग्लादेश के शिक्षा मंत्री मोहबिल हसन चौधरी का कहना है। वर्तमान हालात को देखते हुए सरकार शिक्षण संस्थानों को अभी बंद रखेगी। आरक्षण आंदोलन के कारण बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था और कानून व्यवस्था की हालत बुरी तरह से प्रभावित हुई है।

# फिलीपींस में आया 6.8 तीव्रता का भूकंप धरती हिली तो लोग डरकर घर से निकले

**मनीला, 03 अगस्त (एजेंसियां)।**

फिलीपींस में शनिवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। फिलीपींस के दक्षिणी हिस्से में शनिवार सुबह 6.8 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि घरों में मौजूद लोग बाहर निकल आए। हालांकि, भूकंप के कारण किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

फिलीपींस इंस्टीट्यूट ऑफ वॉलकैनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी के हवाले से बताया कि भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार सुबह 6.22 बजे लगे। जो 9 किलोमीटर की गहराई पर था और तटीय शहर लिंगिग से लगभग 66 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में था। भूकंप के झटके मिंडानाओ क्षेत्र के कई प्रांतों में भी महसूस किए गए। इनमें अगुसन डेल सुर, दावो डे ओरो, दावो सिटी, दावो ऑक्सिडेंटल और मध्य फिलीपींस के कुछ इलाके भी शामिल हैं। संस्थान ने कहा कि टेक्टोनिक भूकंप के बाद



आफ्टर शॉक्स महसूस किए जाएंगे, लेकिन इससे कोई नुकसान नहीं होगा।बता दें कि फिलीपींस प्रशांत महासागर के रिंग ऑफ फायर पर स्थित है। इसी कारण यहां आए दिन भूकंप के झटके लगते रहते हैं। इससे पहले 11 जुलाई को फिलीपींस के दक्षिणी हिस्से सुल्तान कुदारत प्रांत में 7.0 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 10.13 बजे आया। यह 722 किलोमीटर की गहराई पर था और तटीय शहर पालेमबांग से लगभग 133 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में था।

## अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव : इलेक्शन की रणनीति के लिए तैयार हुई आतंरिक टीम

# प्रेसीडेंट पद के लिए डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनने पर गौरवांवित हूं : कमला हैरिस

**वाशिंगटन, 03 अगस्त (एजेंसियां)।**

भारतीय मूल की अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि पार्टी की तरफ से इस अवसर के लिए वे स्वयं को गौरवांवित और रोमांचित महसूस कर रही हैं।

कमला हैरिस ने इस संबंध में एक्स पर जारी एक पोस्ट में लिखा, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनने पर गौरवान्वित हूं। मैं अगले सप्ताह आधिकारिक रूप से नामांकन स्वीकार करूंगी। यह अभियान लोगों के एक साथ आने, देश के प्रति प्रेम से प्रेरित होकर, हम जो हैं उसके लिए सर्वश्रेष्ठ संघर्ष करने के बारे में है।

वहीं अमेरिका के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के लिए जीवन की सबसे बड़ी लड़ाई के मैदान में उतरने के लिए कमला हैरिस ने कमर कस ली है। जानकारों के मुताबिक राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की संभावित प्रत्याशी के रूप में कमला हैरिस की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। समाचारों के मुताबिक कमला ने पूरी डेमोक्रेटिक पार्टी को अपनी तरफ कर लिया है। वहीं कमला ने चुनाव के लिए एक टीम बनाई है, इस टीम में कमला के करीबियों और जो बाइडन का चुनाव अभियान देख रहे डेलीगेशन को शामिल किया गया है। इन्हें एक ऑपरेशन दिया गया है। इसका मकसद उन लोगों को साधना है जो राष्ट्रपति उम्मीदवार का चयन करने वाले थे। टीम में कई अश्वेत महिलाएं हैं जो दशकों से डेमोक्रेटिक राजनीति में शामिल रही हैं।

वहीं टीम 5 नवंबर के चुनाव से पहले तीन महीने के चुनाव अभियान के लिए तैयार हैं। कैलिफोर्निया की अमेरिकी सीनेटर लाफोंजा बटलर ने कमला पर लैंगिक भेदभाव और नस्लवादी हमलों की बौछार का सामना करने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर जवाब दिया है। उन्होंने कहा, हम इस तरह की चीजें देखते आ रहे हैं। राजनीति में नए नहीं हैं। सलाहकारों का यह ग्रुप कमला के प्रति काफी वफादार है और उनके करियर के प्रति भावुक है। उन्होंने कहा, इनमें से कई सलाहकार 2017 में सीनेट में शामिल होने के बाद से ही उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं।



वहीं कमला हैरिस के चुनावी मैदान में जाने से पहले उनके परखे हुए लोगों के एक समूह के साथ तैयारी में जुट गई हैं। जिनमें से कई अश्वेत महिलाएं हैं जो दशकों से डेमोक्रेटिक राजनीति में शामिल रही हैं, क्योंकि वह 5 नवंबर के चुनाव से पहले तीन महीने के कठिन अभियान के लिए तैयार हैं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने 2 अगस्त को डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के लिए नामांकन प्राप्त किया, जिससे नवंबर में रिपब्लिकन डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ़ मुकाबले में पार्टी के मानक वाहक के रूप में उनकी उल्लेखनीय वृद्धि की पुष्टि हुई। हैरिस लगभग 4,000 पार्टी सम्मेलन प्रतिनिधियों के पांच दिवसीय इलेक्ट्रॉनिक वोट के लिए मतपत्र पर एकमात्र उम्मीदवार थीं। इस महीने के अंत में शिकागो सम्मेलन में उन्हें आधिकारिक रूप से उम्मीदवार बनायाताज पहनाया जाएगा। 59 वर्षीय हैरिस ने मैराथन वोट के दूसरे दिन पर्याप्त वोट हासिल करने के बाद पार्टी समारोह में फोन पर कहा, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए संभावित डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनकर सम्मानित महसूस कर रही हूं।

राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा अपने पुनर्निर्वाचन अभियान को समाप्त करने के बाद से दो सप्ताह में हैरिस ने पार्टी पर पूर्ण नियंत्रण हासिल कर लिया है। किसी अन्य डेमोक्रेट ने टिकट के शीर्ष पर उनके उत्थान को चुनौती देने के लिए आगे कदम नहीं बढ़ाया, जिससे किसी प्रमुख पार्टी के नामांकन को सुरक्षित करने वाली पहली अश्वेत और दक्षिण एशियाई महिला के रूप में उनकी पुष्टि एक औपचारिकता बन गई।

### उपराष्ट्रपति हैरिस ने सभी सम्मेलन प्रतिनिधियों से बहुमत से अधिक वोट हासिल किए

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में कमला हैरिस डेमोक्रेटिक पार्टी की कैंडिडेट होंगी। इस बात का आधिकारिक तौर पर ऐलान हो चुका है। हैरिस पहली भारतीय-अफ्रीकी मूल की महिला हैं जिन्हें राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार बनाया गया है। डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी के अध्यक्ष जैमे हैरिसन ने देश भर में निर्वाचित प्रतिनिधियों के मतों की ऑनलाइन गिनती समाप्त होने के बाद नतीजों का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि मुझे यह बताते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि उपराष्ट्रपति हैरिस ने सभी सम्मेलन प्रतिनिधियों से बहुमत से अधिक वोट हासिल किए हैं।



# केंद्र और राज्य सरकारें देती हैं ओलंपिक में मेडल विजेता खिलाड़ियों को इनाम

**नई दिल्ली, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** पेरिस ओलंपिक पर वर्तमान में पूरी दुनिया की नजर है। खेलों के इस महाकुंभ में तमाम बड़े एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। सबकी नजर ओलंपिक में गोल्ड मेडल हासिल करने पर टिकी है। भारत ने अब तक पेरिस ओलंपिक में 3 मेडल जीते हैं। तीनों ही निशानेबाजी में मिले हैं। मुंबई के निशानेबाज स्वप्निल को महाराष्ट्र सरकार की ओर से इनामी राशि देने की घोषणा की गई है। इसके बाद आपके मन में सवाल उठा रहा होगा कि एक खिलाड़ी को कितना इनाम मिलता है।

ओलंपिक में खेलना और देश के लिए मेडल जीतने का सपना हर खिलाड़ी का होता है। इस ओलंपिक में भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने ओलंपिक में इतिहास रच दिया है। एक ओलंपिक में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय हैं। 10 मीटर एयर पिस्टल और फिर इसी के मिक्सड इवेंट में सरबजोत सिंह के साथ उन्होंने भारत के लिए कांस्य पदक जीता। आपको जानकर हैरानी होगी कि ओलंपिक में मेडल जीतने वाले एथलीट को इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी की तरफ से नकद इनाम नहीं दिया जाता है। भारतीय ओलंपिक संघ भी अपने खिलाड़ियों को ओलंपिक पदक जीतने पर इनाम में पैसे नहीं देता है। ओलंपिक में मेडल विजेता खिलाड़ियों के लिए भारत सरकार ने इनामी राशि की घोषणा की है। गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ी को 75 लाख दिए जाते हैं। सिल्वर मेडल लाने वाले खिलाड़ी को सरकार की तरफ से 50 लाख जबकि देश के लिए ब्रॉन्ज मेडल लाने वाले एथलीट को 30 लाख रुपये का इनाम दिया जाता है। इसके अलावा राज्य सरकार अपने खिलाड़ियों को देने वाले इनाम की घोषणा करती है।

### खिलाड़ी झाझरिया राजनीति में आजमाएंगे हाथ

**नई दिल्ली।** पद्मभूषण से सम्मानित जैवलिन थ्रोअर देवेंद्र झाझरिया रविवार को देहरादून में होने वाले अमर उजाला संवाद कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। वह पैरालंपिक में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय हैं। झाझरिया फिलहाल पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष हैं। खेल के अलावा झाझरिया राजनीति में भी सक्रिय हैं। लोक सभा चुनाव 2024 में उन्हें भाजपा ने चुरू से मैदान में उतारा था। हालांकि, उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। देवेंद्र पद्मभूषण पुरस्कार पाने वाले देश के पहले पैरा एथलीट हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### गोल्ड जीतते ही साथी खिलाड़ी ने अपनी मित्र को दिया शादी प्रस्ताव



**पेरिस।** खेलों के महाकुंभ ओलंपिक में भाग लेकर अपने देश के लिए गोल्ड मेडल जीतना हर खिलाड़ी का सपना होता है। स्वर्ण पदक जीतने के बाद अपनी खुशी का ठिकाना नहीं रहता और इसके कुछ मिनट बाद ही आपको शादी का प्रपोजल मिल जाए खुशी दोगुनी हो जाती है। पेरिस ओलंपिक में हर दिन एक से बढ़कर एक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। इसी कड़ी में चीनी महिला खिलाड़ी ने मिक्स्ड डबल्स में गोल्ड जीता और इसके कुछ ही पल के बाद साथी खिलाड़ी की ओर से शादी का प्रस्ताव मिला, इस प्रस्ताव को वहां ना नहीं कर सकी। चीन की बैडमिंटन खिलाड़ी हुआंग या कियोंग ने पेरिस ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता जिसके बाद साथी खिलाड़ी के शादी का प्रस्ताव ठुकरा नहीं सकीं। हुआंग ने झेंग सिवेई के साथ मिलकर मिश्रित युगल स्पर्धा में दक्षिण कोरिया की किम वोन हो और जियोंग ना युन को 21-8 21-11 से हराकर अपना अजेय अभियान जारी रखा। अपने गले में स्वर्ण पदक पहने हुआंग ने चीन की बैडमिंटन टीम के एक अन्य साथी लि युचेन का शादी का प्रस्ताव स्वीकार लिया। उन्होंने कहा, यह प्रस्ताव मेरे लिए हैरानी भरा था क्योंकि मैं खेलों की तैयारियों में जुटी थी। मैं ओलंपिक चैम्पियन हूं और मुझे शादी का प्रस्ताव मिला जिसकी मुझे उम्मीद नहीं थी।

### कैंची धाम पहुंचे रिंकू बाबा नीब करौरी की पूजा-अर्चना कर लिया आर्शीवाद



**नैनीताल।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह शनिवार को नैनीताल स्थित कैंची धाम पहुंचे। रिंकू सिंह ने यहां बाबा नीब करौरी महाराज की पूजा-अर्चना कर आर्शीवाद लिया। रिंकू उत्तराखंड मूल के क्रिकेटर आर्यन जुयाल के साथ कैंची धाम पहुंचे और यहां आधे घंटे तक मंदिर में रहने के बाद लौट गये। कैंची धाम पहुंचने पर मंदिर समिति के प्रबंधक प्रदीप साह और ग्राम प्रधान पंकज निगल्टिया ने उन्हें बाबा से जुड़े चमत्कारों और रोमांचक किस्सों से अवगत कराया। रिंकू सिंह ने कहा कि बाबा के प्रति आस्था उन्हें कैंची धाम ले आई। यहां आकर उन्हें बहुत अच्छा लगा। इस दौरान रिंकू सिंह को अपने बीच देख कैंची धाम में मौजूद उनके प्रशंसक खुश हो गए और उन्होंने उनके साथ फोटो और सेल्फी ली।

### सात्विक-चिराग के कोच मैथियास बो ने कहा, 'कोचिंग के दिन यहीं खत्म'




**नई दिल्ली।** मैथियस बो, जिन्होंने पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को कोचिंग दी थी, ने कहा है कि उनके कोचिंग के दिन खत्म हो गए हैं और वे कम से कम अभी के लिए कहीं और कोचिंग जारी नहीं रखेंगे। लंदन ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले बो ने टोक्यो ओलंपिक से पहले भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी के साथ अपना कार्यकाल शुरू किया था। डेनमार्क के इस खिलाड़ी ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर सात्विक-चिराग को एक भावपूर्ण संदेश लिखा, जब दोनों पेरिस 2024 ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में हार गए, साथ ही उन्होंने कोचिंग से संन्यास की घोषणा भी की। बो ने लिखा, मैं खुद भी इस भावना को अच्छी तरह से समझता हूँ। हर दिन खुद को सीमा तक धकेलना, अपने जीवन के सर्वश्रेष्ठ आकार में रहना, और फिर चीजें वैसी नहीं होतीं जैसी आपने उम्मीद की होती हैं। मुझे पता है कि आप लोग निराश हैं, मुझे पता है कि आप भारत के लिए पदक जीतना कितना चाहते थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हो सका। लेकिन आपके पास गर्व करने के लिए सब कुछ है, आपने इस ओलंपिक शिविर में कितनी मेहनत की है, चोटों से जूझते हुए, दर्द कम करने के लिए इंजेक्शन भी लिए हैं, यह समर्पण है, यह जुनून है और यह बहुत बड़ा दिल है। 43 वर्षीय बो ने लिखा, फमेरे लिए, मेरे कोचिंग के दिन यहीं समाप्त हो जाते हैं, मैं भारत या कहीं और नहीं जा रहा हूँ, कम से कम अभी के लिए। मैंने बैडमिंटन हॉल में बहुत अधिक समय बिताया है और कोच बनना भी काफी तनावपूर्ण है, मैं एक थका हुआ बूढ़ा आदमी हूँ। बो ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और भारतीय बैडमिंटन संघ (बाई) को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

## पेरिस ओलंपिक-2024

# फुटबॉल में अर्जेंटीना को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा फ्रांस

**पेरिस, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** फ्रांस अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर पेरिस ओलंपिक के पुरुष फुटबॉल सेमीफाइनल में पहुंच गया। रिपोर्ट के मुताबिक, पांचवें मिनट में माइकल ओलिसे के कॉर्नर किक के बाद फ्रांसीसी स्ट्राइकर जीन-फिलिप माटेटा ने हेडर से जोरदार हमला किया, जो मैच का एकमात्र गोल साबित हुआ। अर्जेंटीना के लिए सबसे अच्छा मौका 36वें मिनट में आया जब एक क्रॉस पर गेंद गोल के सामने अनमार्क सौंगौटौ मगासा को मिली, लेकिन डिफेंडर का क्लोज-रेंज हेडर बार के ऊपर से निकल गया।



अब सेमीफाइनल में फ्रांस का मुकाबला मिस्त्र से होगा, मिस्त्र ने पेनल्टी में पराग्वे को हराने में कड़ी मेहनत की। ओवरटाइम में दोनों पक्षों ने 1-1 की बराबरी हासिल की, जिससे खेल शूट-आउट में चला गया।

मिस्त्र ने पेनल्टी किक में 5-4 से जीत हासिल की जब उसके गोलकीपर अला हमजा ने मार्सेलो पेरेज़ के प्रयास को मौके से बचा लिया। 71वें मिनट में डिएगो गोमेज़ के गोल के बाद पराग्वे को 1-0 से बढ़त मिलने के बाद पराग्वे को एक बेहतर मौका मिलता दिख रहा था। मिस्त्र ने धैर्य रखाकर 88वें मिनट में एडेल इब्राहिम ने जिजो की सहायता से गोल करके बराबरी कर ली।

दूसरे सेमीफाइनल में स्पेन का मुकाबला मोरक्को से होगा। फ़र्मिन लोपेज़ के दो गोल और एबेल रुइज के गोल की बदौलत स्पेन ने जापान को हराया। जापान ने दो बार पोस्ट को हिट किया और खेल के दौरान एक गोल अस्वीकार कर दिया गया। मोरक्को ने अमेरिका को 4-0 से हरा दिया। अफ़्रीकी टीम ने खेल पर कड़ा नियंत्रण रखा और पूरे मैच में अमेरिकी टीम के एक शॉट के मुकाबले गोल पर आठ शॉट लगाने में सफल रही।

### महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल शूटिंग फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं मनु भाकर

शनिवार को चल रहे पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर ऐतिहासिक तीसरा ओलंपिक पदक जीतने से चूक गईं, वह महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल फाइनल में 28 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहीं। वह पहले विश्व रिकॉर्ड धारक (25 मीटर पिस्टल) हंगरी की वेरोनिका मेजर के साथ तीसरे स्थान पर थीं, लेकिन शूट-ऑफ सीरीज में दो अंक गंवाने के बाद हंगरी की वेरोनिका पोडियम पर पहुंच गईं। दक्षिण कोरिया की यांग जिन ने 37 अंकों (शूट-ऑफ - 4-1 के माध्यम से) के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि फ्रांसीसी निशानेबाज कैमिली जेड्रेजेवस्की को रजत मिला। शुक्रवार को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल शूटिंग क्वालीफिकेशन में दूसरे स्थान पर रहने के बाद मनु ने चल रहे ग्रीष्मकालीन खेलों में अपने तीसरे फाइनल में प्रवेश किया था। कोई भी अन्य भारतीय निशानेबाज एक ओलंपिक में एक से अधिक फाइनल में नहीं पहुंचा है, और केवल अभिनव बिंद्रा ने तीन खेलों में भारत के लिए तीन ओलंपिक शूटिंग फाइनल में जगह बनाई है। पेरिस 2024 में दो बार पदक जीत चुकी मनु ने कुल 590 अंक हासिल किए। 22 वर्षीय मनु ने अब तक पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में दो कांस्य पदक जीते हैं। उन्होंने प्रिसिशन राउंड में 294 और रैपिड राउंड में 296 अंक हासिल किए।



### मनु ने आपने पहले ही खेल में विरासत स्थापित कर ली है : बिंद्रा

**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने चल रहे पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल निशानेबाजी स्पर्धा में चौथा स्थान हासिल किया, जिसके बाद ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने 22 वर्षीय खिलाड़ी की सराहना की। मनु भाकर शनिवार को चल रहे पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं। अभिनव बिंद्रा ने कहा कि मनु भाकर ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है, साथ ही उन्होंने उनकी अविश्वसनीय उपलब्धि की सराहना की है। बिंद्रा ने एक्स पर लिखा, मनु, आपने पूरे देश को अपनी असाधारण उपलब्धि के लिए खड़ा होने और तालियाँ बजाने पर मजबूर कर दिया है। तीसरा ओलंपिक पदक जीतना एक असाधारण उपलब्धि होती, लेकिन पेरिस में आपने जो हासिल किया है, वह वास्तव में यादगार है। आपकी यात्रा अथक परिश्रम और समर्पण का प्रमाण है।

# पेरिस ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हुईं दीपिका कुमारी



**पेरिस, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** भारतीय तीरंदाज दीपिका कुमारी को शनिवार को चल रहे पेरिस ओलंपिक में व्यक्तिगत महिला तीरंदाजी स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल मैच में दक्षिण कोरिया की सुहयोन नाम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। दीपिका को लेस इनवैलिड्स में क्वार्टर फाइनल मैच में अपने दक्षिण कोरियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 4-6 (2-0, 0-2, 2-0, 0-2, 0-2) से हार का सामना करना पड़ा। पहले सेट में दीपिका कुमारी ने शानदार शुरुआत की और इसे 28-26 से जीत लिया। भारतीय के तीन हिट 9, 10 और 9 थे। दीपिका ने दूसरे सेट की शुरुआत 10 के स्कोर के साथ की, लेकिन बाद में वह निरंतरता बनाए रखने में असफल रहीं और अपने दूसरे प्रयास में 6 का स्कोर किया। भारतीय तीरंदाज दूसरा सेट 25-28 से हार गईं।

महत्वपूर्ण तीसरे सेट में, दोनों तीरंदाजों ने 10 लगाकर शुरुआत की। हालांकि, दीपिका के पास आखिरी प्रयास था क्योंकि उन्होंने अपने आखिरी प्रयास में 10 मारकर तीसरा सेट 29-28 से जीत लिया।

दीपिका ने चौथे सेट की अच्छी शुरुआत करते हुए 10 का स्कोर किया लेकिन अपने दूसरे प्रयास में उन्हें 7 पॉइंटर से संतोष करना पड़ा। हालांकि भारतीय तीरंदाज ने तीसरे प्रयास में 10 का स्कोर किया, लेकिन वह कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ 27-29 से सेट हार गईं। पांचवें सेट की शुरुआत से पहले दोनों तीरंदाज 5-5 की बराबरी पर थे। दीपिका ने अपने तीन प्रयासों में 9 हिट की हैट्रिक बनाई और अंतिम सेट 27-29 से हार गईं। इससे पहले दिन में, दीपिका राउंड 16 बाउट में जर्मनी की मिशेल क्रोपेन को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं। दीपिका ने लेस इनवैलिड्स में राउंड ऑफ 16 मैच में अपने जर्मन प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 6-4 (2-0, 1-1, 2-0, 0-2, 1-1) से जीत हासिल की थी।

### तजिंदरपाल सिंह तूर का पेरिस ओलंपिक में अभियान समाप्त

**पेरिस।** तजिंदरपाल सिंह तूर के क्वालीफिकेशन राउंड से बाहर होने के बाद चल रहे पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की शॉटपुट स्पर्धा में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। दो बार के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता, जिन्होंने 21.77 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ के साथ शॉटपुट में अपनी क्षमता का दावा किया, अपने खेल से दूर दिखे। शॉटपुट में अक्सर अग्रणी माने जाने वाले तूर ग्रुप ए में 15वें स्थान पर खिसक गए, उन्होंने तीन प्रयासों में 18.05 मीटर का अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया।

# मेडल की दौड़ में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, प्रदेश टीम में बनाएंगे जगह

**कानपुर, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन और द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) के संयुक्त तत्वावधान में राज्यस्तरीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप 2024 का आगाज शनिवार को टीएसएच में हो गया। चैम्पियनशिप के उद्घाटन के बाद से खिलाड़ियों ने अलग-अलग वर्ग की प्रतियोगिता में मेडल के लिये जोर आजमाइश शुरु कर दी। इसी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता से प्रदेश की टीम में जगह बनाने का रास्ता तय होगा।

प्रतियोगिता का उद्घाटन शनिवार को टीएसएच के डायरेक्टर्स प्रणव अग्रवाल एवं दिव्यांशी अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो कमेटी के महासचिव व इंडिया ताइक्वांडो के कोषाध्यक्ष रजत आदित्य दीक्षित प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके बाद शुरु हुए पहले दिन के मुकाबलों में 18 किलोग्राम भार वर्ग में नोएडा के सलार सैय्यद खां ने गोल्ड अपने नाम किया। 21 किलोग्राम भार वर्ग में आगरा के अविनाश ने गोल्ड, फर्रूखाबाद के प्रिंस ने सिल्वर, जौनपुर के श्रेयांश और नोएडा के नक्श ने कांस्य पदक जीता। 23 किलोग्राम भार वर्ग में कौशांबी के उत्कर्ष ने गोल्ड, गोंडा के अयांश ने सिल्वर, कानपुर के प्रतीक और गाजियाबाद के मेहुल ने कांस्य पदक जीता। 25 किलोग्राम भार वर्ग में आगरा के मो.सैय्यद ने गोल्ड,



गाजियाबाद के रिधान रस्तोगी ने रजत, बरेली के अरिहंत और मथुरा के आदित्य ने कांस्य पदक पर कब्जा किया।

27 किलोग्राम भार वर्ग में आगरा के हिमांशू ने गोल्ड, एटा के माधव ने सिल्वर, लखनऊ के मृत्युंजय और आरव ने कांस्य पर कब्जा किया। 29 किलोग्राम भार वर्ग में कानपुर के मोहित ने गोल्ड, गाजीपुर के यश ने रजत, कानपुर के शिखर और मेरठ के दार्शिक ने कांस्य पदक जीता। 35 किलोग्राम भार वर्ग में मुरादाबाद के भानू ने गोल्ड, गाजियाबाद के वेदांत ने रजत, गाजियाबाद के अथर्व और बरेली के निशंक ने कांस्य जीता। 41 किलोग्राम भार वर्ग में नोएडा के अनुज कनौजिया ने गोल्ड, रायबरेली के अब्दुल्ला ने सिल्वर, कानपुर के अरनव दुबे और कौशाम्बी के अरनव राव ने कांस्य पदक पर अपना कब्जा किया।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वेस्टइंडीज के घरेलू टेस्ट मैचों के लिए रोच की वापसी, अल्जारी को आराम

**नई दिल्ली, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** केमार रोच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं। काउंटी चैंपियनशिप के दौरान घुटने में लगी चोट के कारण रोच को वेस्टइंडीज के हाल ही में संपन्न इंग्लैंड दौरे से बाहर होना पड़ा था। इस बीच, साथी तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ को आराम दिया गया है, जबकि विकेटकीपर-बल्लेबाज जोशुआ दा सिल्वा उप-कप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगे।

मुख्य कोच आंद्रे कोली ने सीडब्ल्यूआई प्रेस विज्ञप्ति में कहा, हमने इस श्रृंखला के लिए अपने उप-कप्तान अल्जारी जोसेफ को आराम देने का फैसला किया है। अल्जारी पर हाल ही में काफी काम का बोझ रहा है, और यह ब्रेक उसे स्वस्थ होने और शीर्ष प्रदर्शन पर लौटने का मौका देगा।



ऑफ स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर केविन सिंक्लेयर टीम का हिस्सा नहीं हैं, क्योंकि वे अभी तक बाएं हाथ की हड्डी में हुए फ्रैक्चर से उबर नहीं पाए हैं। उन्हें इंग्लैंड दौरे के दौरान नॉटिंघम में मार्क वुड की गेंद पर चोट लगी थी। अनकैप्ड ऑफ स्पिनर ब्रायन चार्ल्स, तेज गेंदबाज ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स और बाएं हाथ के स्पिनर जोमेल वारिकन, जो इंग्लैंड दौरे का हिस्सा नहीं थे, को 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली है।

सीडब्ल्यूआई के क्रिकेट निदेशक माइल्स बैसकॉम्ब ने कहा, इस टीम के लिए चयन प्रक्रिया का नेतृत्व हमारे मुख्य कोच आंद्रे कोली ने किया था, हमारी नई चयन प्रक्रिया के कार्यान्वयन के लिए लंबित है, जिसे आने वाले दिनों में लागू किया जाएगा और जल्द ही सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया जाएगा।

वेस्टइंडीज की टीम इंग्लैंड में तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला 3-0 से हारी थी और वर्तमान में सात मैचों में एक जीत के साथ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में सबसे नीचे है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट पोर्ट-ऑफ-स्पेन, त्रिनिदाद में 7 से 11 अगस्त तक और प्रोविडेंस, गुयाना में 15 से 19 अगस्त तक खेले जाएंगे।

#### वेस्टइंडीज की टीम

क्रेग ब्रैथवेट (कप्तान), जोशुआ दा सिल्वा (उप-कप्तान), एलिक अथानाज़े, कीसी कार्टी, ब्रायन चार्ल्स, जस्टिन ग्रीव्स, जेसन होल्डर, कावेम हॉज, टेविन इमलाच, शमर जोसेफ, मिकाइल लुइस, गुडाकेश मोटी, केमर रोच, जेडन सील्स, जोमेल वारिकन।

## पेरिस ओलंपिक : यूएसए ने मिश्रित 4×400 मीटर में बनाया विश्व रिकॉर्ड

# चेप्टेगी ने 10,000 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण

**पेरिस, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** युगांडा के जोशुआ चेप्टेगी, जो तीन बार विश्व 10,000 मीटर चैंपियन हैं, स्टेड डी फ्रांस में चल रहे पेरिस 2024 खेलों के पहले ट्रैक और फील्ड फाइनल में ओलंपिक 10,000 मीटर चैंपियन बने।

जोशुआ चेप्टेगी ने 26.43.14 का ओलंपिक रिकॉर्ड बनाया। सबसे तेज फिनिश करने वाले इथियोपिया के बेरिहू आरेगावी ने 26.43.44 के समय के साथ रजत जीता, जबकि यूएसए के ग्रांट फिशर ने अपनी फॉर्म को बरकरार रखते हुए 26.43.46 के समय के साथ कांस्य पदक जीता।



मिश्रित 4×400 मीटर हीट में वर्नोन नोरवुड, शमीर लिटिल, ब्राइस डेडमॉन और केलीन ब्राउन की अमेरिकी चौकड़ी ने स्वर्ण पदक जीता। अमेरिकी चौकड़ी ने 3.07.41 का समय लेकर एक सेकंड से अधिक अंतर से पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया - जो पिछले वर्ष बुडापेस्ट में अमेरिका द्वारा विश्व खिताब जीतने के समय बनाया गया था।

नॉरवुड ने 44.47 सेकंड में दौड़कर अमेरिकी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई, फिर लिटिल ने दूसरे चरण में 49.32 सेकंड में दौड़कर बढ़त को बढ़ाया, जो प्रारंभिक दौर में किसी भी महिला का सबसे तेज़ लैप था। डेडमॉन ने तीसरे चरण में 44.17 सेकंड लिया और फिर ब्राउन ने 49.45 सेकंड लेकर अमेरिकी टीम को जीत दिलाई।

ब्राउन ने फ्रांस से तीन सेकंड से अधिक समय पहले रेखा पार की, जिसने 3.10.60 का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। बेल्जियम 3.10.74 के साथ तीसरे स्थान पर रहा, जो एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।

### जोकोविच फाइनल में, स्वर्ण के लिए अल्काराज से होगा सामना

**पेरिस।** सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने इटली के लोरेंजो मुसेट्टी को 6-4, 6-2 से हराकर शुक्रवार देर रात को अपने पहले ओलंपिक फाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच अब स्वर्ण पदक मुकाबले में कार्लोस अल्काराज का सामना करेंगे। 37 वर्षीय खिलाड़ी को उच्च गुणवत्ता वाले मैच में लोरेंजो मुसेट्टी से कोर्ट फिलिप चैटियर पर कड़ी टक्कर मिली इस दौरान जोकोविच ने कई बार अपना परेशान भी हुए, लेकिन निर्णायक क्षणों में उन्होंने कड़ी मेहनत करके जीत हासिल की। शीर्ष वरीयता प्राप्त जोकोविच अपने पिछले तीन ओलंपिक एकल सेमीफाइनल हार गए थे और स्वर्ण पदक उनके करियर का एकमात्र बड़ा मिल का पत्थर साबित होगा। रविवार को स्वर्ण पदक मुकाबले में जोकोविच का सामना स्पेन के अल्काराज से होगा, जबकि 11वीं वरीयता प्राप्त मुसेट्टी का सामना कांस्य पदक के लिए कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिम से होगा।






# वित्त मंत्रालय ने सरकारी बीमा कंपनियों को वायनाड भूस्खलन पीड़ितों के दावों को तुरंत निपटाने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली,03 अगस्त (एजेंसियां)।** सरकार ने केरल के वायनाड में दुर्भाग्यपूर्ण भूस्खलन की घटना और भारी बारिश के मद्देनजर सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों को आपदा पीड़ितों को हर संभव मदद मुहैया कराने का निर्देश दिया है, ताकि बीमा दावों का तेजी से निपटान और भुगतान किया जा सके।

वित्त मंत्रालय ने शनिवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों (पीएसआईसी) भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), नेशनल इंश्योरेंस, न्यू इंडिया एश्योरेंस, ओरिएंटल इंश्योरेंस और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस को यह निर्देश दिया गया है।

सरकार ने पीएसआईसी को आपदा के पीड़ितों को हर संभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है, ताकि बीमा दावों को शीघ्रता से संसाधित और भुगतान किया जा सके।

मंत्रालय ने कहा कि बीमा कंपनियों ने केरल के वायनाड, पलक्कड़, कोझीकोड, मलप्पुरम और त्रिशूर जिलों में सहायता के लिए संपर्क विवरण प्रदान करने के लिए विभिन्न चैनलों (स्थानीय समाचार पत्र, सोशल मीडिया, कंपनी की वेबसाइट, एसएमएस, आदि) के माध्यम से अपने पॉलिसीधारकों तक पहुंचने के प्रयास शुरू किए हैं, जहां बड़ी संख्या में दावे दर्ज किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार और वित्त मंत्रालय इस आपदा के पीड़ितों की सहायता करने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि उन्हें बिना किसी देरी और परेशानी के आवश्यक सहायता मिले। वित्त मंत्रालय के मुताबिक एलआईसी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत पॉलिसीधारकों के संबंध में दावा राशि का शीघ्र वितरण करने के लिए कहा गया है। वहीं, दावों के प्रसंस्करण के लिए आवश्यक दस्तावेजीकरण में व्यापक रूप से ढील भी दी गई है, ताकि दावा राशि का शीघ्र वितरण सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा सामान्य बीमा परिषद बीमा कंपनियों के साथ समन्वय करेगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दावों का प्रसंस्करण और भुगतान शीघ्रता से हो और सभी बीमा कंपनियों के लिए एक पोर्टल होस्ट किया जाएगा, जिसमें प्रतिदिन दावे की स्थिति की रिपोर्ट की जाएगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### सोने की कीमतों में तेजी जारी, दिल्ली में 10 ग्राम सोना 70,850 रुपए पहुंचा



**नई दिल्ली।** देश में सोने की कीमत में शनिवार को भी बढ़ोतरी देखने को मिली है। राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 70,850 रुपए हो गई है। मुंबई और कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 70,700 रुपए प्रति 10 ग्राम और चेन्नई में 70,480 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। वहीं चांदी का भाव भी बढ़कर 87,300 रुपए प्रति किलोग्राम हो गया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) हर शनिवार और रविवार को बंद रहता है। शुक्रवार को एमसीएक्स सोने का वायदा भाव 69,792 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 82,549 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ। देश के अन्य प्रमुख शहरों में सोने की कीमत इस प्रकार है- चेन्नई में 22 कैरेट सोना 64,610 ओर 24 कैरेट 70,480 रुपए, कोलकाता में 22 कैरेट 64,810, 24 कैरेट 70,700, गुरुग्राम में 22 कैरेट सोना 64,960, 24 कैरेट 70,850, लखनऊ 22 कैरेट 64,960, 24 कैरेट 70,850, बेंगलुरु में 22 कैरेट 64,810, 24 कैरेट 70,700, जयपुर में 22 कैरेट 64,960, 24 कैरेट 70,850, पटना 22 कैरेट 64,860, 24 कैरेट 70,750, भुवनेश्वर 22 कैरेट, 64,810, 24 कैरेट 70,700 और हैदराबाद में 22 कैरेट सोना 64,810 और 24 कैरेट सोना

### स्टेट बैंक को पहली तिमाही में 17035 करोड़ रुपए का हुआ मुनाफा




**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। अप्रैल-जून तिमाही में एसबीआई का मुनाफा सालाना आधार पर एक फीसदी उछलकर 17,035.16 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक को 16,884 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। एसबीआई ने शनिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि 30 जून, 2024 को समाप्त अप्रैल-जून तिमाही में एकल आधार पर उसका शुद्ध लाभ 17,035 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक को 16,884 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। बैंक के मुताबिक उसकी कुल आमदनी जून तिमाही में बढ़कर 1,22,688 करोड़ रुपये हो गई है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 1,08,039 करोड़ रुपये रही थी। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक एसबीआई ने बताया कि पहली तिमाही में बैंक की ब्याज से आमदनी बढ़कर 1,11,526 करोड़ रुपये हो गई है, जो पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में 95,975 करोड़ रुपये थी। बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) कुल अग्रिमों में से पहली तिमाही में घटकर 2.21 फीसदी रह गईं, जो पिछले साल जून के अंत में 2.76 फीसदी थी। इसी तरह एसबीआई का शुद्ध एनपीए भी जून, 2024 में घटकर 0.57 फीसदी रह गया, जो एक साल पहले 0.71 फीसदी था।

### नेटवर्क नहीं आया तो अब कंपनी होगी जिम्मेदार, मिलेगा मुआवजा!




**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने नए नियमों के तहत प्रत्येक गुणवत्ता मानक को पूरा करने में विफल रहने पर दंडात्मक राशि को 50,000 रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया है। नियामक ने संशोधित नियमों पहुंच (वायरलाइन और वायरलेस) और ब्रॉडबैंड (वायरलाइन और वायरलेस) सेवा गुणवत्ता मानक विनियम, 2024 के तहत नियम उल्लंघन के विभिन्न पैमानों के लिए एक लाख रुपये, दो लाख रुपये, पांच लाख रुपये और 10 लाख रुपये की श्रेणीबद्ध जुर्माना प्रणाली शुरू की है। नए मानदंड तीन अलग-अलग विनियमों बेसिक तथा सेल्युलर मोबाइल सेवाओं, ब्रॉडबैंड सेवाओं, और ब्रॉडबैंड वायरलेस सेवाओं के लिए सेवा की गुणवत्ता का स्थान लेते हैं। नए नियमों के मुताबिक, किसी जिले में नेटवर्क बाधित होने की स्थिति में दूरसंचार परिचालकों को पोस्टपेड ग्राहकों के लिए किराए में छूट देनी होगी जबकि प्रीपेड ग्राहकों के लिए कनेक्शन की वैधता बढ़ानी होगी। ट्राई ने कहा कि यदि कोई ऐसी नेटवर्क गतिरोध 24 घंटे से अधिक समय तक जारी रहता है, तो सेवा प्रदाता अगले बिल में उसे जिले के पंजीकृत ग्राहकों को छूट देगा। नियामक किराये में छूट या वैधता के विस्तार की गणना के लिए कैलेंडर दिवस में 12 घंटे से अधिक की नेटवर्क बाधा अवधि को एक पूर्ण दिन के रूप में गिनेगा। हालांकि प्राकृतिक आपदा के कारण दूरसंचार सेवाएं बाधित होने की स्थिति में यह राहत नहीं मिलेगी।

## जागीरोड में सेमीकंडक्टर निर्माण व परीक्षण संयंत्र का भूमि पूजन हुआ

# 27,000 करोड़ में बनेगा भारत का पहला स्वदेशी सेमीकंडक्टर संयंत्र

**सीएम सरमा बोले-असम के औद्योगिक परिदृश्य को बदलेगा और वृद्धि के एक नए युग की शुरुआत होगी**

**13 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए रखी थी इस संयंत्र की आधारशिला**



**नई दिल्ली,03 अगस्त (एजेंसियां)।**

**असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और टाटा संस लिमिटेड के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने शनिवार को मोरीगांव जिले के जागीरोड में 27,000 करोड़ रुपये के सेमीकंडक्टर निर्माण और परीक्षण संयंत्र का भूमि पूजन किया। जागीरोड में टाटा सेमीकंडक्टर संयंत्र, भारत का पहला स्वदेशी सेमीकंडक्टर निर्माण और परीक्षण संयंत्र है।**

सरमा और चंद्रशेखरन, दोनों ने देश के विभिन्न हिस्सों से आए पुजारियों के मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सेमीकंडक्टर संयंत्र के 3-डी मॉडल का अनावरण किया गया। सरमा ने इससे पहले एक्स पर पोस्ट में लिखा था, 'जल्द ही जागीरोड आने और संयंत्र का भूमि पूजन करके सेमीकंडक्टर संयंत्र का काम शुरू करने के लिए उत्सुक हूं।'

मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा, आज असम के लिए एक ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि हिमंत बिस्वा सरमा जागीरोड में टाटा सेमीकंडक्टर निर्माण और परीक्षण संयंत्र का भूमि पूजन करेंगे।

पोस्ट में आगे कहा गया कि संयंत्र चालू होने के बाद यह असम के औद्योगिक परिदृश्य को बदल देगा और वृद्धि के एक नए युग की शुरुआत होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस साल 13 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इस संयंत्र की आधारशिला रखी थी।

जागीरोड में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की अत्याधुनिक परियोजना में 27,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा और इससे 30,000 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। संयंत्र का पहला चरण 2025 के मध्य तक चालू होने की उम्मीद है।

कंपनी ने कहा कि प्रस्तावित संयंत्र एआई, औद्योगिक और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे प्रमुख बाजार क्षेत्रों में बढ़ती वैश्विक मांगों को पूरा करेगा। यह परियोजना पूर्वोत्तर भारत में औद्योगीकरण को बढ़ावा देगी।

असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट किया,'असम अगला वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक हब बनने के लिए तैयार है। मां कामाख्या, श्रीमंत शंकरदेव और हमारे लोगों के आशीर्वाद से, मैंने टाटा संस के अध्यक्ष श्री एन चंद्रशेखरन के साथ जागीरोड में टाटा सेमीकंडक्टर सुविधा का भूमि पूजन किया। इस 27,000 करोड़ के संयंत्र में 27,000 से अधिक नौकरियों की रोजगार क्षमता है और यह एक विश्व स्तरीय औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को आकर्षित करेगा जो नए युग की तकनीक में वैश्विक नेता बनने के लिए भारत की खोज को प्रेरित करेगा।

हमारी सरकार में विश्वास जताने वाले हमारे लोगों को भी बधाई, जो हमें सपनों का पीछा करने, नए मानदंड स्थापित करने और लगातार बेहतर करने के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करती रहती है।'

## विश्व बैंक की रिपोर्ट में दावा

# भारत को अमेरिका की प्रति व्यक्ति आय के चौथे हिस्से तक पहुंचने में लगेंगे 75 साल

**नई दिल्ली,03 अगस्त (एजेंसियां)।** विश्व बैंक की 'विश्व विकास रिपोर्ट 2024: द मिडिल इनकम ट्रैप' के अनुसार, चीन को प्रति व्यक्ति अमेरिकी आय के एक-चौथाई तक पहुंचने में 10 वर्षों से अधिक का समय लगेगा। इस उपलब्धि को हासिल करने में इंडोनेशिया को लगभग 70 साल लगेंगे।




विश्व बैंक की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले कुछ दशकों में भारत समेत 100 से ज्यादा देशों को उच्च आय वाला देश बनने में गंभीर बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत को प्रति व्यक्ति अमेरिकी आय की एक चौथाई तक ही पहुंचने में करीब 75 साल लग सकते हैं।

विश्व विकास रिपोर्ट 2024: द मिडिल इनकम ट्रैप के अनुसार, चीन को प्रति व्यक्ति अमेरिकी आय के एक-चौथाई तक पहुंचने में 10 साल से अधिक का समय लगेगा। जबकि इंडोनेशिया को यह उपलब्धि हासिल करने में लगभग 70 साल लगेंगे।

पिछले 50 साल के अनुभव के आधार पर रिपोर्ट में कहा गया है कि देश जैसे-जैसे अमीर होते जाते हैं, वे आमतौर पर प्रति व्यक्ति सालाना अमेरिकी जीडीपी के करीब 10 फीसदी पर 'एक जाल' में फंस जाते हैं, जो कि वर्तमान समय में करीब 8,000 डॉलर के बराबर है। विश्व बैंक मध्यम आय वाले देशों को जिस राशि के आधार पर वर्गीकृत करता है, यह उसके ठीक मध्य की राशि है।

वर्ष 2023 के अंत में 108 देशों को मध्यम आय के रूप में वर्गीकृत किया गया था, जिनकी प्रति व्यक्ति वार्षिक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) 1,136 अमेरिकी डॉलर से 13,845 अमेरिकी डॉलर के बीच थी। इन देशों में छह अरब लोग रहते हैं - जो वैश्विक आबादी का 75 प्रतिशत - और इन देशों में हर तीन में से दो लोग अत्यधिक गरीबी में रहते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि तेजी से बढ़ती आबादी और बढ़ता कर्ज, भयंकर भूराजनीतिक और व्यापार घर्षण और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना आर्थिक प्रगति को गति देने की बढ़ती कठिनाई की तुलना में आगे का रास्ता और भी कठिन चुनौतियां हैं।

रिपोर्ट के अनुसार फिर भी कई मध्यम आय वाले देश अभी भी पिछली शताब्दी से एक प्लेबुक का उपयोग करते हैं, मुख्य रूप से निवेश का विस्तार करने के लिए डिजाइन की गई नीतियों पर भरोसा करते हैं। यह कार को सिर्फ पहले गियर में चलाने और इसे तेज करने की कोशिश करने जैसा है।

विश्व बैंक समूह के मुख्य अर्थशास्त्री और विकास अर्थशास्त्र के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंदरमित गिल ने कहा कि अगर वे पुरानी प्लेबुक के साथ चिपके रहते हैं, तो अधिकांश विकासशील देश इस सदी के मध्य तक यथोचित समृद्ध समाज बनाने की दौड़ में स्थिति खो देंगे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### यूपी के सीमाई ...

है। सीमा की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने भी रोहिंग्या घुसपैठ को गंभीर समस्या बताते हुए कहा था कि भारत में रोहिंग्या घुसपैठ काफी बढ़ गई है और जनसांख्यिकी में बदलाव आने का खतरा वास्तविक और गंभीर है। सरमा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रोहिंग्या लगातार भारत-बांग्लादेश सीमा का इस्तेमाल करके भारत में आ रहे हैं और कई राज्य जनसांख्यिकीय बदलाव की समस्या का सामना कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि असम, भारत-बांग्लादेश सीमा के केवल एक हिस्से की पहरेदारी कर रहा है, लेकिन एक बड़ा क्षेत्र अभी भी खुला है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल और झारखंड सरकारें इन घुसपैठियों के प्रति नरम रुख अपना रही हैं और इसे रोकने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की है। सरमा ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री (ममता बनर्जी) ने बयान दिया था कि राज्य बांग्लादेश से आने वालों को शरण देगा, जिसका पड़ोसी देश की सरकार ने भी समर्थन नहीं किया।सरमा ने कहा कि असम और त्रिपुरा सरकारों ने इस मामले में कड़े कदम उठाए हैं और दोनों राज्यों की पुलिस ने कई मौकों पर कई रोहिंग्या घुसपैठियों को गिरफ्तार किया है। असम अब रोहिंग्या के लिए सुरक्षित पनाहगाह नहीं रहा, क्योंकि हम नरम नीति नहीं अपनाते। हमारी स्थिति पश्चिम बंगाल और झारखंड से बेहतर है। असम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार के सत्ता में आने के बाद से स्थिति खराब नहीं हुई है। असम में सख्ती के कारण रोहिंग्याओं ने अब अपना रूट बदला है और उत्तर प्रदेश के सीमाई जिलों को अड्डा बना रहे हैं।

### आज भारत...

सबसे बड़ा उत्पादक है। इसके अलावा, भारत खाद्यान्न, फल, सब्जी, कपास, चीनी और चाय का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक भी बन गया है। एक दौर था, जब भारत की खाद्य सुरक्षा दुनिया के लिए चिंता का सबब थी। अब, भारत वैश्विक खाद्य और पोषण सुरक्षा के लिए समाधान प्रदान करने की दिशा में काम कर रहा है। पीएम मोदी ने बताया कि भारत पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल करने की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने पिछले 10 वर्षों में जलवायु परिवर्तन के प्रति कम संवेदनशील फसलों की 1,900 नयी प्रजातियां प्रदान की हैं।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में कृषि के क्षेत्र में भारत का विकास दर दुनिया में शीर्ष पर है। उत्पादन बढ़ाना चाहिए, लेकिन भारत हमेशा सुरक्षित उत्पादन को लेकर चिंतित रहा है। मानव शरीर, पृथ्वी के स्वास्थ्य और मिट्टी के लिए भारत जैविक खेती पर ध्यान दे रहा है।

### बीएसएफ के डीजी ...

खुरानिया का ओड़ीशा कैडर है। इन दोनों अधिकारियों को नई जिम्मेदारी क्या दी गई है, इसके बारे में अभी जानकारी सामने नहीं आई है। दोनों को हटाने के संबंध में केंद्र ने 30 जुलाई 2024 को कैबिनेट की नियुक्ति समिति को आदेश जारी करने के लिए कहा था। इसके बाद डिपार्टमेंट ऑफ पर्सनल ट्रेनिंग की डायरेक्टर साक्षी मित्तल ने आदेश जारी कर दिया।

केंद्र सरकार की इस कार्रवाई के पीछे की मुख्य वजह जम्मू-कश्मीर में सीमा पार से होने वाले घुसपैठ में पिछले एक साल में अप्रत्याशित वृद्धि और आतंकी हमलों में

तेजी है। इस मामले में केंद्र सरकार का अब तक का यह सबसे बड़ा प्रशासनिक फैसला है, जिसमें प्रमुख सुरक्षा बल के दो शीर्ष वरिष्ठ अधिकारियों पर गाज गिरी है। खुरानिया पाकिस्तान सीमा पर तैनात बल का नेतृत्व कर रहे थे।

नितिन अग्रवाल 1989 बैच के केरल कैडर के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी हैं। वे बीएसएफ के पहले डीजी हैं, जिन्हें अपना कार्यकाल पूरा करने नहीं दिया गया। इससे पहले बीएसएफ के जितने भी डायरेक्टर जनरल थे, सभी ने अपना कार्यकाल पूरा किया था। नितिन अग्रवाल ने पिछले साल जून में डीजी का पदभार ग्रहण किया था। उनका कार्यकाल 2026 में पूरा होने वाला था। डिप्टी स्पेशल डायरेक्टर जनरल योगेश बहादुर खुरानिया 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वे स्पेशल डीजी (वेस्ट) के रूप में पाकिस्तान बॉर्डर पर सिक्योरिटी इंचार्ज थे। बीएसएफ में आने से पहले वे ओड़ीशा पुलिस के बड़े पदों पर जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

सरकार के इस कठोर कदम के पीछे जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से जुड़े आंकड़े गवाही दे रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार, इस साल 21 जुलाई तक जम्मू-कश्मीर में 11 आतंकी हमले और 24 एनकाउंटर हो चुके हैं। इनमें 14 सुरक्षाकर्मियों और 14 नागरिकों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा, बांग्लादेश सीमा पर भी घुसपैठ पर लगाम कसने में नाकामी को दूसरी प्रमुख वजह बताई जा रही है। लगभग 2.65 लाख कर्मियों वाला सुरक्षाबल बीएसएफ, पाकिस्तान और बांग्लादेश की सीमा पर सुरक्षा का काम देखती है। बीएसएफ जम्मू, पंजाब, गुजरात, राजस्थान से लगी 2290 किलोमीटर लंबी सीमा रेखा की निगरानी करती है। इनमें सीमा से सटे कई इलाके बेहद संवेदनशील हैं। जम्मू का क्षेत्र तो जंगलों और पहाड़ी इलाकों से घिरा हुआ है। वहीं, गुजरात का इलाका समुद्र से घिरा है।

### दलजीत सिंह चौधरी को...

कैडर में वापस भेजे जाने के एक दिन बाद उठाया गया। 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी दलजीत सिंह ने इस साल जनवरी में एसएसबी महानिदेशक के तौर पर पदभार संभाला था। केंद्र सरकार ने 19 जनवरी को उन्हें एसएसबी का महानिदेशक नियुक्त किया था। एसएसबी महानिदेश नियुक्त होने से पहले

वह सीआरपीएफ के विशेष महानिदेशक पद पर तैनात थे। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक (डीजी) नितिन अग्रवाल और उनके डिप्टी विशेष डीजी (पश्चिम) वाईबी खुरानिया को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया है।

### प. एशिया में ...

अपनी सैन्य तैनाती बढ़ाने का फैसला किया है। अमेरिका ने पश्चिम एशिया में और युद्धक जहाज और लड़ाकू विमान तैनात कर दिए हैं। अमेरिका का यह फैसला ऐसे वक्त आया, जब ईरान ने इज़राइल पर सीधे हमले की धमकी दी और दोनों देशों के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। हिजबुल्ला भी अपने कमांडर की मौत के बाद से इज़राइल पर हमले की फिराक में है।

अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन की उप-सचिव सबरीना सिंह ने एक बयान में कहा कि रक्षा विभाग लगातार ऐसे कदम उठाता रहेगा, जिससे ईरान और ईरान के सहयोगियों द्वारा क्षेत्रीय तनाव बढ़ाने की संभावना को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर के हमास के हमले के बाद से रक्षा सचिव ने बार-बार कहा है

कि अमेरिका पश्चिम एशिया में अपने हितों की सुरक्षा करेगा और साथ ही इज़राइल की सुरक्षा का अपना पक्का वादा भी निभाएगा।

पेंटागन ने पश्चिम एशिया में मौजूद अपने युद्धपोत यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट की जगह लेने के लिए अपने युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को भेजा है। यह युद्धपोत के साथ ही लड़ाकू विमानों से युक्त स्ट्राइक ग्रुप भी पश्चिम एशिया भेजा गया है। साथ ही अमेरिका के रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने बैलिस्टिक मिसाइल से लैस क्रूजर और विध्वंसक जहाज भी यूरोपीय कमांड के अंतर्गत पश्चिम एशिया भेजने का आदेश दिया है। साथ ही लड़ाकू विमानों की एक स्क्वॉड्रन भी भेजी जा रही है।

गौरतलब है कि बीते दिनों इज़राइल के गोलन हाइट्स वाले इलाके में हुए एक रॉकेट हमले में 12 इज़राइली किशोरों और बच्चों की मौत हो गई थी। इसके जवाब में हाल ही में इज़राइल ने बेरूत में हमला कर हिजबुल्ला के कमांडर फौद शुक्र को ढेर कर दिया था। इसके कुछ ही घंटों बाद ईरान में एक इमारत को निशाना बनाकर किए गए हमले में हमास के शीर्ष नेता इस्माइल हानिया की मौत हो गई थी। इसका आरोप भी इज़राइल पर लगा है। इस घटना के बाद ईरान ने इज़राइल को हमले की धमकी दी है। वहीं हिजबुल्ला भी बदला लेने की फिराक में है। यही वजह है कि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ा हुआ है और इज़राइल हमास युद्ध के अब पूरे क्षेत्र में फैलने का खतरा पैदा हो गया है।

### अंतरिक्ष जाने वाले....

बालकृष्णन नायर को एक्सिओम-4 मिशन के लिए चुना गया है। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को प्राइम एस्ट्रोनॉट नॉमिनेट किया है, जिसका मतलब है कि वह इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने वाले व्यक्ति होंगे। ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर इस मिशन के लिए बैकअप हैं। अगर शुभांशु शुक्ला किसी वजह से स्पेस में नहीं जा पाते हैं तो प्रशांत बालकृष्णन नायर इस काम को संभालेंगे।

### अभी तक सिर्फ राकेश

शर्मा अंतरिक्ष में गए हैं। वह साल 1984 में सोवियत स्पेस क्रॉफ्ट में सवार होकर स्पेस मिशन पर गए थे। उस समय राकेश शर्मा विंग कमांडर थे। इसरो द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, शुभांशु शुक्ला और प्रशांत बालकृष्णन नायर भारत के पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए चुने गए भारतीय वायुसेना के अअफसर हैं। गंगनयान अगले साल अंतरिक्ष में जा सकता है। गगनयान के लिए चुने गए चारों अधिकारियों ने मिशन के लिए कठिन ट्रेनिंग ली है।एक्सिओम-4 प्राइवेट स्पेस कंपनी एक्सिओम स्पेस का नासा के साथ चौथा मिशन है। इस मिशन के तहत स्पेसक्रॉफ्ट स्पेस एक्स रॉकेट के जरिए लॉन्च किया जाएगा। शुभांशु शुक्ला के अलावा जो तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री मिशन पर जा रहे हैं, वे पोलैंड, हंगरी और अमेरिका के हैं। ये तीनों ही इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन की यात्रा करेंगे। इस मिशन में भारत की साझेदारी पिछले साल पीएम नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान नई दिल्ली और वाशिंगटन का हिस्सा है। एक्सिओम-4 स्पेस कॉफ्ट इंटरनेशन स्पेस स्टेशन के साथ 14 डॉक पर रहेगा। यह स्पेस कॉफ्ट अंतरिक्ष यात्रियों के अलावा इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए कार्गो और सप्लाई भी ले जाएगा। हालांकि अभी तक इसकी वास्तविक लॉन्च डेट की जानकारी नहीं मिली है। नासा ने कहा है कि यह मिशन अक्टूबर 2024 से पहले निर्धारित नहीं किया गया है। पोलैंड की स्पेस एजेंसी पोलसा के अनुसार, यह मिशन अगले साल स्पेस में जाएगा।

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला (39) यूपी के लखनऊ से संबंध रखते हैं। वह 2006 से भारतीय वायुसेना में काम कर रहे हैं और उनके पास 2000 घंटों से ज्यादा का फ्लाईंग एक्सपीरियंस है। उन्होंने सुखोई-30, मिग-21, जगुआर, हॉक, डोर्नियर और एएन-32 जैसे कई एयरक्रॉफ्ट उड़ाए हैं।

प्रशांत बालकृष्णन नायर एयरफोर्स अकादमी में स्वॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित होने का गौरव प्राप्त अफसर हैं। उन्हें 1998 में भारतीय वायुसेना में कमीशन दिया गया था। वे श्रेणी-ए के फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और टेस्ट पायलट हैं, जिन्हें 3000 घंटे से ज़्यादा उड़ान का अनुभव है। वे यूनाइटेड स्टेट्स स्टाफ कॉलेज के भी पूर्व छात्र हैं और सुखोई-30 स्क्वाड्रन की कमान संभाल चुके हैं।

### श्री राम के अस्तित्व....

घोषणा की थी कि भगवान श्री राम सामाजिक न्याय के मामले में अद्भुत व्यक्ति थे। साथ ही भगवान राम धर्मनिरपेक्षता के प्रणेता और सभी के लिए समानता की की बात करते थे। के अन्नामलाई ने आगे कहा, आज, घोटालों में फंसे हुए परिवहन मंत्री शिवशंकर भगवान राम के अस्तित्व को नकार रहे हैं। वे दावा कर रहे हैं कि यह सब चोल वंश के इतिहास को मिटाने की योजना है। यह साबित करता है कि डीएमके के नेताओं की याददाश्त चली जाती है। ये वही नेता हैं, जिन्होंने पीएम मोदी द्वारा संसद परिसर में चोल वंश के प्रतीक सेंगोल को स्थापित करने का विरोध किया था।

अन्नामलाई ने आगे

कहा, अब डीएमके नेता रघुपति और शिव शंकर को एक जगह बैठकर आपस में बहस करनी चाहिए। उन्हें भगवान राम को लेकर आम सहमति बनानी चाहिए। हमें विश्वास है कि शिव शंकर अपने सहयोगी रघुपति से भगवान राम के बारे में एक-दो बातें सीखेंगे।

# नाग पंचमी पर इस समय खुलेंगे उज्जैन के नागचंद्रेश्वर के कपाट

## विश्व में और कहीं नहीं है ऐसी मूर्ति



वैदिक पंचांग के अनुसार, हर साल सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर नाग पंचमी का पर्व मनाया जाता है। ऐसे में इस साल नाग पंचमी शुक्रवार, 09 अगस्त को मनाई जाएगी। यह तिथि भगवान शिव के आराधना के साथ-साथ नाग देवता की पूजा के लिए भी समर्पित मानी जाती है। ऐसे में आज हम आपको एक ऐसे खास मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं, जो पूरे वर्ष में केवल नाग पंचमी के अवसर पर ही खुलता है।

### कब खुलेगा मंदिर

इस बार नाग पंचमी के अवसर पर नागचंद्रेश्वर के पट 08 अगस्त की रात 12 बजे खोले जाएंगे, जो 09 अगस्त की रात 12 बजे तक खुले रहेंगे। ऐसे में भक्त 24 घंटों तक भगवान नागचंद्रेश्वर के दर्शन कर सकेंगे। ऐसा माना जाता है कि जो भी भक्त इस मंदिर के दर्शन करता है उसे सर्प दोष से मुक्ति मिल जाती है। यही कारण है कि मंदिर के खुलने पर भक्तों की भारी भीड़ यहां उमड़ती है।

### क्या है मंदिर की खासियत

नागचंद्रेश्वर, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के शिखर पर विराजमान हैं। यहां पर नाग देवता की एक अद्भुत प्रतिमा स्थापित है, जो 11वीं शताब्दी की बताई जाती है। साथ ही यह भी कहा जाता है क यह प्रतिमा नेपाल से भारत लाई गई थी। इस प्रतिमा में नाग देवता ने अपने फन फैलाए हुए हैं और उसके ऊपर शिव-पार्वती विराजमान हैं। यह एकलौता ऐसा मंदिर हैं जहां विष्णु भगवान की बजाय भगवान भोलेनाथ सर्प शय्या पर विराजमान हैं। पूरे साल में इस मंदिर के पट केवल 24 घंटे के लिए ही खोले जाते हैं। नागपंचमी पर भगवान नागचंद्रेश्वर की त्रिकाल पूजा की जाती है।

### केवल एक ही बार क्यों खुलता है मंदिर

पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार सर्पों के राजा तक्षक ने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए कठोर तपस्या की। इस तपस्या से भोलेनाथ प्रसन्न हुए और उन्होंने सर्पराज तक्षक को अमरत्व का वरदान दिया। इसके बाद से तक्षक नाग ने भगवान शिव के सान्निध्य में ही वास करने लगे। लेकिन महाकाल वन में वास करने से पहले सर्पराज तक्षक चाहते थे कि उनके एकांत में कोई विघ्न न आए। यही वजह है कि केवल नाग पंचमी के अवसर पर उनके दर्शन होते हैं।

# प्रीति योग में मनाई जाएगी पुत्रदा एकादशी, लक्ष्मीनारायण के पूजन से मिलेंगे शुभ फल



हिंदू धर्म में सावन का विशेष महत्व है। भगवान शिव की पूजा के लिहाज से यह माह उत्तम माना गया है। इस माह कई व्रत-त्योहार भी आते हैं, जिसका अलग-अलग महत्व बताया गया है। ऐसा ही व्रत पुत्रदा एकादशी है। महिलाएं इस दिन पुत्र प्राप्ति के लिए व्रत रखती है। प्रत्येक वर्ष सावन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को पुत्रदा एकादशी मनाई जाती है। इस दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी के पूजन का विधान है। साथ ही उनके निमित्त व्रत भी रखा जाता है। हिंदू मान्यता के अनुसार इन दिन व्रत रखने से सौभाग्य में भी वृद्धि होती है।

**कब है पुत्रदा एकादशी–** हिंदू पंचांग के अनुसार सावन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी की शुरुआत 15 अगस्त को सुबह 10 बजकर 26 मिनट पर होगी, जबकि इसका समापन 16 अगस्त को सुबह 09 बजकर 39 मिनट पर होगा। उदया तिथि के अनुसार, पुत्रदा एकादशी 16 अगस्त मनाई जाएगी।

**कब करें पारण–** पुत्रदा एकादशी का व्रत 16 अगस्त को रखा जाएगा। व्रती अगले दिन यानी 17 अगस्त को पारण कर सकते हैं।

**बन रहा प्रीति योग–** ज्योतिष के अनुसार, इस तिथि पर प्रीति योग का निर्माण भी हो रहा है। यह योग 16 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 12 मिनट से शुरू होगा और 17 अगस्त को सुबह 10 बजकर 48 मिनट पर समाप्त होगा।

# वेदवती कैसे बनी रावण के विनाश का कारण, सीता के रूप में हुआ अवतार



रामायण और श्रीरामचरित मानस में भगवान राम से संबंधित कथा मिलती है। आज हम आपको अन्य पुराणों में वर्णित एक ऐसी कथा के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें यह बताया गया है कि माता सीता किसका अवतार थीं और वह किस तरह रावण के विनाश का कारण बनीं।

### ब्रह्मवैवर्त पुराण में मिलती है कथा

ब्रह्मवैवर्त पुराण में माता सीता को वेदवती का अवतार बताया गया है। इसमें वर्णित कथा के अनुसार, वेदवती भगवान विष्णु की परम भक्त थी और वह उन्हें पति के रूप में पाने के लिए तपस्या कर रही थीं। तभी वहां से रावण गुजर रहा था, और उसकी नजर वेदवती पर पड़ी। वेदवती सुंदर थी, जिस कारण रावण उसपर मोहित हो गया और उसकी तपस्या भंग करने लगा।

### वेदवती ने रावण को दिया ये श्राप

रावण वेदवती को अपने साथ ले जाने का प्रयास करने लगा। जिससे आहत होकर वेदवती ने अग्निकुंड में कूदकर अपने प्राण त्याग दिए। अग्नि कुंड में कूदने से पहले वेदवती ने रावण को श्राप दिया की वही उसकी मृत्यु का कारण बनेगी।

### इस तरह राजा जनक की पुत्री बनी सीता

मिथिला के राजा जनक के राज में कई वर्षों से वर्षा नहीं हो रही थी। जिस कारण सुखे की स्थिति पैदा हो गई थी। तब ऋषियों की सलाह पर राजा ने सोने का हल बनाकर स्वयं जमीन पर हल चलाया। इस दौरान उन्हें एक कलश मिला जिसमें से एक सुंदर कन्या निकली। क्योंकि राजा निसंतान थे, इसलिए उन्होंने उस कन्या को अपनी पुत्री के रूप में स्वीकार किया। ऐसा माना जाता है कि वेदवती का ही जन्म माता सीता के रूप में हुआ और श्राप के अनुसार, सीता जी ही रावण की मत्यु का कारण बनी।

# भगवान शिव को नहीं चढ़ाना चाहिए कुमकुम



इन दिनों सावन माह चल रहा है, शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। सावन माह में भगवान शिव के निमित्त व्रत रखना शुभ माना गया है। मान्यता है कि इससे भगवान शिव जल्दी प्रसन्न होते हैं और भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

**ये है कारण –** मान्यता के अनुसार कुमकुम को सुहाग की निशानी माना गया है। ऐसे में शिवलिंग पर कुमकुम चढ़ाना वर्जित माना गया है। इसके साथ ही भगवान शिव को रोली भी नहीं चढ़ाई जाती है। माना जाता है कि वे वस्तुएं भोलेनाथ को अर्पित करने से पूजा का फल प्राप्त नहीं होता।

### ये वस्तुएं भी न चढ़ाएं

**तुलसी के पत्ते–**वैसे तो तुलसी के पत्ते हिंदू धर्म में पवित्र माने गए हैं, लेकिन उन्हें भगवान शिव को नहीं चढ़ाया जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार एक तुलसी के पूर्व जन्म का नाम वृंदा था और उसी के दिए श्राप के कारण तुलसी को शिवलिंग पर चढ़ाना वर्जित है।

**हल्दी –** शिव पूजा में हल्दी के उपयोग की भी मनाही होती है। माना जाता है कि हल्दी माता लक्ष्मी का स्वरूप और इसका उपयोग सौंदर्य के लिए भी किया जाता है। ऐसे में इसे शिवलिंग पर नहीं चढ़ाया जाता है। सिर्फ महाशिवरात्रि पर ही हल्दी भोलेनाथ और मां पार्वती को चढ़ाई जाती है।

**तिल –** हिंदू पौराणिक कथा के अनुसार तिल की उत्पत्ति भगवान विष्णु के मैल के कारण हुई थी। ऐसे में इसका उपयोग भी शिव पूजा में नहीं होता। तिल सिर्फ शनिदेव के पूजन और पितरों के तर्पण में ही उपयोग की जाती है।

# मिथुन और वृश्चिक राशि वालों के लिए लकी रहेगा अगस्त महीना, 12 राशियों का मासिक राशिफल

**अगस्त महीने की शुरुआत हो चुकी हैं। हर दिन, हर महीना नया होता है। कुछ लोगों के लिए यह शानदार होता है, तो कुछ के लिए काफी असफलता लेकर आता है। ग्रहों-नक्षत्रों के हिसाब से हर राशि वालों के लिए हर दिन अलग होता है। आइए, जानते हैं पंडित हर्षित शर्मा जी के अनुसार, यह माह 12 राशियों के लिए कैसा रहेगा।**

**मेष राशि–** मेष राशि वालों के लिए यह महीना काफी मिला-जुला रहने वाला है। इस महीने आपके कार्यों में कुछ समस्या उत्पन्न हो सकती है। आर्थिक रूप से परेशान हो सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर परेशान रहेंगे। शत्रुओं से सतर्क रहने की आवश्यकता है। कोई बड़ा प्लान बना सकते हैं। किसी पर विश्वास करना आपके लिए हानिकारक होगा। किसी बीमारी की चपेट में आ सकते हैं। परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। करियर को लेकर महीना अच्छा रहेगा। काफी मेहनत के बाद आपको सफलता मिलेगी।

**वृषभ राशि –** वृषभ राशि वालों के लिए यह महीना ठीक-ठाक रहेगा। आर्थिक रूप से आपको काफी लाभ होने वाला है। बेवजह के विवादों से दूर रहें। अधिकारी वर्ग के साथ अच्छे संबंध बनेंगे। परिवार में अच्छा सामंजस्य देखने को मिलेगा। मांगलिक कार्य के योग बन रहे हैं। मानसिक रूप से तनाव महसूस करेंगे। मौसमी बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। खानपान का ध्यान रखें। आर्थिक रूप से व्यापार में आपको लाभ मिलेंगे। परिश्रम करने वालों का भाग्य बदल सकता है। इस महीने आप अपने लव पार्टनर के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**मिथुन राशि–** यह महीना मिथुन राशि वालों के लिए कार्य क्षेत्र के हिसाब से काफी अच्छा रहने वाला है। आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से गुजर सकते हैं। कोई बड़ी डील हाथ आ सकती है, जिससे आपकी किस्मत पलट जाएगी। आर्थिक स्थिति में जमकर मुनाफा होगा। कोई बड़ा निवेश आपको बहुत लाभ देने वाला है। मौसम के हिसाब से थोड़ा-सा असर हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। इस महीने करियर में परिश्रम करने पर सफलता प्राप्ति। लव पार्टनर के साथ अपने रिश्ते को आगे बढ़ा सकते हैं।

**कर्क राशि–** कर्क राशि वालों के लिए या महीना ठीक-ठाक रहेगा। स्वास्थ्य के हिसाब से मौसमी बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। किसी पर भी विश्वास करना आपके लिए हानिकारक होगा। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा। आर्थिक तौर पर समय अच्छा रहेगा। पार्टनरशिप में कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ा ध्यान रखने की आवश्यकता है। खानपान पर ध्यान रखें। करियर में सफलता मिल सकती है। लव लाइफ में उतार-चढ़ाव रहेंगे। आपके पार्टनर से आपकी दूरियां हो सकती हैं।

**सिंह राशि–** सिंह राशि वालों के लिए यह महीना काफी नुकसानदायक रहने वाला है।




व्यापार आदि में भी हानि के योग बन रहे हैं। कोई बड़ा कार्य बिगड़ सकता है। विरोधी वर्ग सक्रिय रहेंगे। तरक्की नहीं मिलेगी। आर्थिक तौर पर किसी से मदद लेनी पड़ सकती है। जमीनी विवाद में हार का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य की दृष्टि से शरीर को मानसिक रूप से परेशान रहेंगे। करियर को लेकर भी यह महीना ठीक नहीं रहेगा। परिश्रम के हिसाब से फल नहीं मिलेगा। लव पार्टनर के साथ किसी बात को लेकर बहस कर सकते हैं।

**कन्या राशि –** कन्या राशि वालों के लिए स्वास्थ्य को लेकर यह महीना ठीक नहीं रहेगा। मौसमी बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। व्यापार और व्यवसाय में परिवर्तन करने के लिए यह समय अच्छा है। व्यापार के लिए समय ठीक-ठाक रहेगा। परीक्षार्थियों के लिए यह समय अच्छा है। लव पार्टनर के साथ रोमांस के पल बिताएंगे। लव लाइफ सुखद रहेगी। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे। कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिल सकती है। बच्चों की पढ़ाई को लेकर परेशान रहेंगे।

**तुला राशि–** तुला राशि वालों के लिए है अगस्त का महीना अच्छा रहने वाला है। आपके व्यवहार के कारण आपका कोई गरीबी आपसे दूर जा सकता है। प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने के लिए समय अच्छा है। कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। किसी प्रकार की हानि हो सकती है। परिवार में चल रहा विवाद खत्म होगा। स्वास्थ्य की दृष्टि से महीना थोड़ा परेशानी भरा रह सकता है। किसी बड़ी बीमारी का शिकार हो सकते हैं। खानपान पर ध्यान देने की आवश्यकता है। आर्थिक स्थिति में आप तरक्की करेंगे। कोई प्रॉपर्टी या वाहन खरीद सकते हैं। करियर में भी सफलता के योग बन रहे हैं। आप अपने पार्टनर के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे।


**वृश्चिक राशि –** वृश्चिक राशि वालों के लिए भी समय अच्छा रहने वाला है। लंबे समय से सोचे हुए कार्य पूरे होंगे। इस महीने मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा। कोई बड़ी जिम्मेदारी आपको मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग बन रहे हैं। परिवार के साथ किसी लंबी यात्रा पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। भागदौड़ के कारण थकावट महसूस होगी। कार्यक्षेत्र में आपको लाभ मिलेगा। मित्रों की ओर से आर्थिक सहयोग प्राप्त होगा। लव लाइफ में थोड़े उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकते हैं। आपका पार्टनर आपसे नाराज हो सकता है।

**धनु राशि –** धनु राशि वालों के लिए यह महीना ज्यादा अच्छा नहीं रहेगा। परेशानियों के कारण आपका हर क्षेत्र प्रभावित होगा। परिवार में संबंध बिगड़ सकते हैं। परिवार आपके विरोध में रहेगा। प्रॉपर्टी संबंधी विवादों से दूर रहें। किसी बड़ी बीमारी की चपेट में आ सकते हैं। यदि आप कहीं भारी निवेश करने का सोच रहे हैं, तो इस महीने ना करें। कोई हानि हो सकती है। आर्थिक स्थिति में गिरावट महसूस होगी। करियर को लेकर भी यह महीना ठीक-ठाक ही रहेगा। मन में नकारात्मक विचार आएंगे। यह महीना लव लाइफ के हिसाब से काफी अच्छा रहने वाला है। आपका पार्टनर आपको कोई खुशखबरी दे सकता है।

**मकर राशि–** यह महीना मकर राशि वालों के लिए मिला-जुला रहने वाला है। विरोधी वर्ग सक्रिय रहेंगे। वे आपके लिए कोई परेशानी खड़ी कर सकते हैं। स्वास्थ्य में लाभ प्राप्त होगा। पत्नी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अधिकारी वर्ग से अच्छे संबंध बनेंगे। कोर्ट कचहरी के मामलों में विजय मिलेगी। किसी को भी बड़ी धनराशि उधार न दें। आपका बिजनेस पार्टनर आपके साथ धोखा कर सकता है। सोच-समझकर निर्णय लें। करियर में प्रयास कर रहे लोगों के लिए अभी समय अच्छा नहीं है। लव लाइफ में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। आपका पार्टनर आपसे नाराज हो सकता है।

**कुंभ राशि –** कुंभ राशि वालों के लिए यह महीना ठीक-ठाक रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। आर्थिक स्थिति में लाभ मिलेगा। कोई बड़ा निवेश कर सकते हैं, जिससे लाभ हो सकता है। किसी पार्टनरशिप का हिस्सा बन सकते हैं। आपकी कोई पुरानी इच्छा पूरी होगी। मौसमी बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। आर्थिक रूप से थोड़ा-सा उतार चढ़ाव देखने को मिलेगा। करियर को लेकर परेशान हो सकते हैं। लव पार्टनर के साथ अपनी लाइफ को लेकर कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं। आपका पार्टनर आपके साथ कोई छुपी हुई बात शेयर कर सकता है।

**मीन राशि –** मीन राशि वालों के लिए यह महीना ठीक-ठाक रहने वाला है। इस महीने लाभ के योग बन रहे हैं। किसी बड़े व्यक्ति से आर्थिक लाभ हो सकता है। किसी बड़े कार्यक्रम का हिस्सा बन सकते हैं। मान-सम्मान प्राप्त होगा। मांगलिक कार्य के योग बन रहे हैं। परिवार का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य भी अच्छा बना रहेगा किसी बीमारी से छुटकारा मिलेगा। विशेष कार्य में बड़ी पार्टनरशिप कर सकते हैं। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। करियर के लिए प्रयास कर रहे लोगों को सफलता मिलेगी। लव लाइफ में भी आपका पार्टनर आपके साथ काफी खुश रहेगा। आप अपने रिश्ते को एक नया आयाम दे सकते हैं।



# कार्तिक आर्यन की इन 7 धांसू मूवीज का फैंस कर रहे इंतजार

बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन के तमाम चाहने वाले फैंस उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। कार्तिक आर्यन ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग पूरी कर ली है। कार्तिक आर्यन इस फिल्म के साथ दिवाली पर सिनेमाघरों में दस्तक देने वाले हैं। कार्तिक आर्यन के पास फिल्म 'भूल भुलैया 3' के अलावा कई फिल्में हैं और इनके लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। आइए जानते हैं कि कार्तिक आर्यन किन फिल्मों में अपनी बेहतरीन अदाकारी से लोगों का ध्यान खींचने वाले हैं।

कार्तिक आर्यन की फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग खत्म हो गई है। इस फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कार्तिक आर्यन की ये फिल्म दिवाली पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

कार्तिक आर्यन फिल्म 'आशिकी 3' में काम करते नजर आएंगे। कार्तिक आर्यन की इस फिल्म का डायरेक्शन अनुराग बसु करने वाले हैं। बताते चलें कि ये फिल्म 'आशिकी' का पार्ट नहीं है।

कार्तिक आर्यन अपनी फिल्म 'पति पत्नी और वो' के सीक्वल में नजर आएंगे और उन्होंने इसके लिए डायरेक्टर मुदस्सर अजीज को डेट दे दी हैं। हालांकि, फिल्म 'पति पत्नी और वो 2' की आधिकारिक जानकारी नहीं आई है।

कार्तिक आर्यन के पास फिल्म 'कैप्टन इंडिया' भी है और इसका अनाउंसमेंट काफी पहले हो गया था। हंसल मेहता के डायरेक्शन में बनने वाली कार्तिक आर्यन की इस फिल्म पर ज्यादा अपडेट नहीं आया है।

कार्तिक आर्यन साउथ की फिल्म 'किरिक पार्टी' का रीमेक कर सकते हैं। इस फिल्म को लेकर खबरें सामने आ रही हैं। हालांकि, कार्तिक आर्यन की इस फिल्म को लेकर कोई ऑफिशियल कन्फर्मेशन नहीं है। कार्तिक आर्यन को लेकर खबर है कि उन्होंने डायरेक्टर विशाल भारद्वाज के साथ फिल्म के लिए हाथ मिलाया।

बताया जा रहा है कि विशाल भारद्वाज दिमाग घुमाने वाली थ्रिलर फिल्म की तैयारी में हैं।कार्तिक आर्यन और डायरेक्टर राज शांडिल्य एक साथ फिल्म करने जा रहे हैं। इस फिल्म को लेकर कार्तिक आर्यन और राज शांडिल्य की तरफ से आधिकारिक ऐलान का इंतजार किया जा रहा है।

# बिग बॉस ओटीटी 3 की सना मकबूल ने ट्रॉफी की अपने नाम



'बिग बॉस ओटीटी 3' की शुरुआत 21 जून से हुई थी और फाइनली 42 दिन बाद शो को विनर मिल गया है। एक्ट्रेस और मॉडल सना मकबूल ने 'बिग बॉस ओटीटी 3' की ट्रॉफी अपने नाम की है। सना मकबूल ने नेजी को दूसरे पायदान पर छोड़ते हुए शो को अपने नाम कर लिया है। 'बिग बॉस ओटीटी 3' को जीतने पर सना मकबूल के तमाम चाहने वाले फैंस उन्हें बधाई दे रहे हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर तमाम यूजर्स ने इस जीत को गलत बताया है। 'बिग बॉस ओटीटी 3' के विनर को लेकर लोगों की अलग-अलग राय है। सोशल मीडिया पर लोग सना मकबूल को नहीं बल्कि दूसरे कंटेस्टेंट को विनर बनते देखना चाह रहे थे। आइए जानते हैं कि 'बिग बॉस ओटीटी 3' को विनर मिलने के बाद लोग क्या रिएक्शन दे रहे हैं।

**सना मकबूल की जीत पर उठाए सवाल**

रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी' का तीसरा सीजन खत्म हो गया है और सना मकबूल इस बार विनर बनी हैं और नेजी दूसरे नंबर पर रहे हैं। सना मकबूल ने 25 लाख रुपये के साथ ही 'बिग बॉस ओटीटी 3' की ट्रॉफी उठाई है। सना मकबूल के विनर बनने के बाद उनकी फैमिली और फ्रेंड के अलावा फैंस काफी खुश नजर आए और उन्हें बधाई




दे रहे हैं। सना मकबूल की जीत से उनके तमाम चाहने वाले लोग खुश हैं। वहीं, सोशल मीडिया पर सामने आ रहे रिएक्शन से पता चल रहा है कि सना मकबूल की जीत तमाम लोग को गलत लग रही है। यहां पर तमाम सोशल मीडिया यूजर्स के रिएक्शन है जिन्हें सना मकबूल को 'बिग बॉस ओटीटी 3' के विनर बनने का फैसला गलत लग रहा है।

**'बिग बॉस ओटीटी 3' के फिनाले में पहुंचे थे ये कंटेस्टेंट**

बताते चलें कि 'बिग बॉस ओटीटी 3' के टॉप 5 फाइनलिस्ट में कृतिका मलिक, सई केतन राव, सना मकबूल, रणवीर शौरी और नेजी ने अपनी जगह बनाई थी। 'बिग बॉस ओटीटी 3' को बॉलीवुड इंडस्ट्री के दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर होस्ट कर रहे थे। 'बिग बॉस ओटीटी 3' ने 6 सप्ताह तक लोगों को जमकर एंटरटेन किया है।

# अरमान मलिक के रेप केस का जिक्र होते ही उड़े कृतिका के तोते, लड़खड़ाने लगी जुबान

बिग बॉस ओटीटी 3 खत्म हो चुका है। हालांकि इससे जुड़ी कॉन्ट्रोवर्सी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। शो खत्म होने के बाद भी लोगों के जहन में पुरानी बातें ताजा हैं। तभी तो बिग बॉस ओटीटी 3 का फिनाले खत्म होने के बाद जैसे ही सितारे मीडिया के पास पहुंचे उनको तीखे सवालों के जवाब देने पर गए। इस लिस्ट में कृतिका मलिक का नाम सबसे पहले आता है। कृतिका मलिक के पति अरमान मलिक पर एक जमाने में रेप चार्जेस लगे थे। बिग बॉस ओटीटी 3 के दौरान इस खबर ने खूब तूल पकड़ी थी। सोशल मीडिया पर अरमान मलिक के नाम पर खूब हंगामा किया गया था। अब बिग बॉस ओटीटी 3 से बाहर होते ही कृतिका मलिक को भी इन सवालों का



सामना करना पड़ गया है।

हालांकि कृतिका मलिक मीडिया के इन सवालों को झेल नहीं कहीं। कुछ सेकेंड में ही कृतिका मलिक की जुबान लड़खड़ाने लग गई। मीडिया ने कृतिका मलिक से पूछा कि अरमान के रेप के केस के बारे में आप क्या कहना चाहती हैं। कृतिका मलिक ने जवाब में कहा, ये हमारा पर्सनल मैटर है। मैं इस बारे में कोई बात नहीं करना चाहती। मीडिया ने पूछा क्या आपको इस केस के बारे में पता था। क्या ये केस पायल की वजह से हुआ था। जिसके जवाब में कृतिका मलिक ने कहा कि मुझे इस बारे में कुछ नहीं पता। मैं कोई कमेंट नहीं कर सकती। मुझे अपनी न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। जो भी कोर्ट फैसला सुनाएगा वो हम सबको मंजूर होगा। हम तीनों भी फिलहाल इंतजार कर रहे हैं। गौरतलब है कि मीडिया से बातचीत के दौरान कृतिका मलिक ने रेप केस को पूरी तरह से नजरअंदाज किया। लगता है कि कृतिका मलिक अपने पति की करतूतों पर पर्दा डालना चाहती हैं। हालांकि ये वीडियो सामने आने के बाद एक बार फिर से अफवाहों का बाजार गर्म हो चुका है।



# व्हाइट ऑफ शोल्डर गाउन में तृप्ति डिमरी ने शेयर किया हॉट लुक

इन दिनों तृप्ति डिमरी अपनी फिल्म बैड न्यूज को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। ये फिल्म हाल ही में रिलीज हुई है और इस फिल्म में विक्की कौशल के साथ तृप्ति की केमिस्ट्री को लोग काफी ज्यादा पसंद कर रहे हैं। अब एक बार फिर से अभिनेत्री चर्चाओं में आ गई हैं। हाल ही में तृप्ति डिमरी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिसमें वो काफी ज्यादा स्टनिंग नजर आ रही हैं।भाभी 2 के नाम से लोगों के बीच सुर्खियों में बटौरने वाली नेशनल क्रश तृप्ति डिमरी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों के बीच अपनी खास पहचान बनाई है।इन दिनों एक्ट्रेस अपनी फिल्म बैड न्यूज को लेकर काफी चर्चाओं में हैं। इसी बीच हाल ही में तृप्ति डिमरी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं।तृप्ति डिमरी जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल लहोने लगती हैं। फैंस भी उनके हर एक लुक को देखकर तारीफ करते नहीं थकते हैं।इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी ने व्हाइट कलर का फुल स्लीव्स बॉडीकॉन गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो काफी ज्यादा ग्लैमरस नजर आ रही हैं।गले में नेकलेस, ओपन हेयर को स्टाइल देकर और लाइट मेकअप कर के अभिनेत्री ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो अक्सर सोशल मीडिया का तापमान बढ़ जाता है। साथ ही फैंस भी उनके हर एक लुक को देखकर लाइक्स और कॉमेंट्स करने से नहीं रोक पाते हैं।हालांकि इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।



# मैं गर्व से खुद को पहाडऩ कहती हूं: रुबीना दिलैक

अभिनेत्री रुबीना दिलैक ने कहा कि वह गर्व से खुद को पहाडऩ कहती हैं और उन्हें अपनी परंपराओं पर नाज है। शिमला की रहने वाली रुबीना ने इंस्टाग्राम पर अपने गृहनगर में हुई एक शादी की तस्वीरें शेयर कर पहाड़ी परंपरा से जुड़ाव की कहानी साझा की। तस्वीरों में उन्हें अपने परिवार के साथ पारंपरिक हिमाचली डांस करते हुए देखा जा सकता है।अपनी जड़ों पर गर्व करते हुए रुबीना ने लिखा, मेरा हमेशा अपनी परंपरा और संस्कृति से जुड़ाव रहा है, और मैं गर्व से खुद को पहाडऩ कहती हूं।अभिनेत्री ने पारिवारिक समारोह से कुछ क्लोज-अप तस्वीरें भी शेयर कीं। इसके लिए रुबीना ने कैप्शन में लिखा, जुलाई में शादी।

रुबीना ने अभिनेता अभिनव शुक्ला से शादी की है। 34 वर्षीय अभिनेत्री दो बच्चों की मां हैं। उन्होंने ब्यूटी कॉन्टेस्ट से ग्लैमर की दुनिया में अपनी यात्रा शुरू की। वह दो स्थानीय ब्यूटी कॉन्टेस्ट भी जीत चुकीं हैं। उन्होंने 2006 में मिस शिमला का खिताब अपने नाम किया था। रुबीना ने टीवी में छोटी बहू से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, जो उनके लिए एक सफल शो साबित हुआ। इसके बाद वह सास बिना ससुराल, पुनर्विवाह - एक नई उम्मीद, देवों के देव...महादेव और जीनी और जूजू जैसे शो में काम करती हुईं नजर आईं।छोटी बहू के बाद उनका दूसरा सबसे हिट शो शक्ति अस्तित्व के एहसास की रहा। इसमें उन्होंने विवियन डीसेना के साथ एक ट्रांस महिला का किरदार निभाया था। अभिनेत्री ने बिग बॉस के 14वें सीजन में भाग लिया जहां वह विजेता बनकर उभरीं। रुबीना ने फियर फैक्टर: खतरों के खिलाड़ी के 12वें सीजन और झलक दिखला जा 10 में भी हिस्सा लिया। 2022 में उन्होंने अर्ध से अपनी फिल्मी यात्रा शुरू की, जिसमें राजपाल यादव और हितेन तेजवानी जैसे मंझे कलाकार उनके साथ थे।

# आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

दिन फ़ायदेमन्द साबित होगा और आप किसी पुरानी बीमारी में काफ़ी आराम महसूस करेंगे। आज बिना किसी की मदद के ही आप धन कमा पाने में सक्षम होंगे। परिवार के सदस्यों के साथ कुछ आराम के पल बिताएँ। आपके ज़हन में काम का दबाव होने के बावजूद आपका प्रिय आपके लिए ख़ुशी के पलों को लाएगा। अपने बॉस को घर पर बुलाने के लिए अच्छा दिन नहीं है। आज जितना हो सके लोगों से दूर रहें। लोगों को वक्त देने से बेहतर है अपने आपको वक्त दें। वैवाहिक जीवन के लिए अच्छा दिन है।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

अपने बच्चे का प्रदर्शन आपको बहुत ख़ुशी देगा। दीर्घावधि निवेश से बचिए और अपने दोस्तों के साथ बाहर जाकर कुछ ख़ुशी के पल बिताएँ। अपने दोस्तों को अपने उदार स्वभाव का ग़लत फ़ायदा न उठाने दें। अपने प्रिय की नाराज़गी के बावजूद अपना प्यार ज़ाहिर करते रहें। सहकर्मी आपको काफ़ी सहयोग देंगे और कार्यक्षेत्र में विश्वास की नींव पर नए रिश्तों की शुरुआत होगी। यात्रा के मौक़ों को हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। आज आपका जीवनसाथी आपकी सेहत के प्रति असंवेदनशील हो सकता है।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह**

अपनी बीमारी के बारे में चर्चा करने से बचें। ख़राब तबियत से ध्यान हटाने के लिए कोई और दिलचस्प काम करें। क्योंकि इस बारे में आप जितनी ज़्यादा बातें करेंगे, उतनी ही ज़्यादा तकलीफ़ आपको होगी। आपका कोई दोस्त आपसे आज बड़ी रकम उधार मांग सकता है, अगर आप उनको यह रकम देते हैं तो आप आर्थिक तंगी में आ सकते हैं। बच्चे आपको अपनी उपलब्धियों से गर्व का अनुभव कराएंगे। मतभेद के चलते व्यक्तिगत संबंधों में दरार पड़ सकती है। वैवाहिक जीवन में चीज़ें हाथ से निकलती हुई मालूम होंगी।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज आपके पास ख़ुद के लिए पर्याप्त समय होगा, तो मौक़े का फ़ायदा उठाएँ और अच्छी सेहत के लिए पैदल सैर पर जाएँ। दूसरों की कमियाँ ढूंढने का ग़ैर–ज़रूरी काम रिश्तेदारों की आलोचना का रुख़ आपकी ओर मोड़ सकता है। बेहतर रहेगा कि आप अपनी यह आदत बदल दें। जो लोग अब तक सिंगल हैं उनकी मुलाकात आज किसी खास से होने की संभावना है लेकिन बात को आगे बढ़ाने से पहले यह जरुर जान लें कि कहीं वो शख्स किसी के साथ रिश्ते में न हो। कुछ लोगों को कार्यक्षेत्र में तरक़्क़ी मिलेगी। आपके जीवनसाथी का मिज़ाज आज बढ़िया है।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

दोस्त आपका परिचय किसी ख़ास इंसान से कराएंगे, जो आपकी सोच पर गहरा प्रभाव डालेगा। अपने परिवार को बताकर और अपने कामों से जताकर महसूस कराते रहें कि आप उनकी कितनी परवाह करते हैं। इससे उन्हें ख़ुशी मिलेगी और इस ख़ुशी को दोगुना करने के लिए उनके साथ अच्छा वक़्त बिताएँ। आज प्यार की मदहोशी में हक़ीक़त और फ़साना मिलकर एक होते मालूम होंगे। इसे महसूस करें। आज खाली वक्त का सही उपयोग करने के लिए आप अपने पुराने मित्रों से मिलने का प्लान बना सकते हैं।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आज आपकी कोई चल संपत्ति चोरी हो सकती है इसलिए जितना हो सके इनका ध्यान रखें। परिवार के सदस्यों की ज़रूरतों को तरजीह दें। उनके सुख–दु:ख के भागीदार बनें दूसरों को ऐसा काम करने के लिए बाध्य न करें, जो आप स्वयं न करना चाहें। यह ऐसा दिन है जब आप खुद को समय देने की कोशिश करते रहेंगे लेकिन आपको अपने लिए समय नहीं मिल पाएगा। जीवनसाथी से बिना पूछे योजना बनाएंगे, तो उनकी ओर से नकारात्मक प्रतिक्रिया मिल सकती है।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आपका उदार स्वभाव आज आपके लिए कई ख़ुशनुमा पल लेकर आएगा। बिन बुलाया कोई मेहमान आज घर में आ सकता है लेकिन इस मेहमान की किस्मत की वजह से आज आपको आर्थिक लाभ हो सकता है। जीवनसाथी और बच्चों से अतिरिक्त स्नेह और सहयोग मिलेगा। अपने प्रिय से दूर होने के बावजूद आप उसकी मौजूदगी महसूस करेंगे। साझीदारी की परियोजनाएँ सकारात्मक परिणाम से ज़्यादा परेशानियाँ देंगी। आज आप ऑफिस से घर वापस आकर अपना पसंदीदा काम कर सकते हैं। इससे आपके मन को शांति मिलेगी। आज आपको सच्चे प्यार का एहसास होगा।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

दोस्तों के साथ शाम अच्छी रहेगी लेकिन ज़्यादा खाने से बचें जो व्यापारी अपने कारोबार के सिलसिले में घर से बाहर जा रहे हैं वो अपने धन को आज बहुत संभालकर रखें। धन चोरी होने की संभावना है। किसी पारिवारिक भेद का खुलना आपको चकित कर सकता है। अपने प्रेम–प्रसंग के बारे में इधर–उधर ज़्यादा बातें न करें। आपके पास आज अपनी क्षमताओं को दिखाने के मौक़े होंगे। खाली वक्त का आज आप सदुपयोग करेंगे और उन कामों को पूरा करने की कोशिश करेंगे जो बीते दिनों पूरे नहीं हो पाए थे। आपको और आपके जीवनसाथी को वैवाहिक जीवन में कुछ निजता की ज़रूरत हे।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आज आर्थिक पक्ष अच्छा रहेगा लेकिन इसके साथ ही आपको यह ध्यान भी रखना होगा कि आप अपने पैसे को व्यर्थ में खर्च न करें। तनाव का दौर बरक़रार रहेगा, लेकिन पारिवारिक सहयोग मदद देगा। सैर–सपाटे पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है, जो आपकी ऊर्जा और उत्साह को तरोताज़ा कर देगा। उन सहकर्मियों का ख़ास ध्यान रखें, जो उम्मीद के मुताबिक़ चीज़ न मिलने पर जल्दी ही बुरा मान जाते हैं। आज आपके पास खाली समय होगा और इस समय का इस्तेमाल आप ध्यान योग करने में कर सकते हैं। आपको आज मानसिक शांति का अहसास होगा।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज आप अपना धन धार्मिक कार्यों में लगा सकते हैं जिससे आपको मानसिक शांति मिलने की पूरी संभावना है। बच्चे भविष्य की योजनाएँ बनाने की अपेक्षा घर के बाहर ज़्यादा समय बिताकर आपको निराश कर सकते हैं। आज आप कुछ अलग क़िस्म के रोमांस का अनुभव कर सकते हैं। अपने चारों ओर होने वाली गतिविधियों का ध्यान रखें, क्योंकि आपके काम का श्रेय कोई दूसरा ले सकता है। बढ़िया खाने, महक और ख़ुशी के साथ आप अपने जीवनसाथी के साथ बेहतरीन समय बिता सकते हैं।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

जिन लोगों ने जमीन खरीदी थी और अब उसे बेचना चाहते हैं उन्हें आज कोई अच्छा खरीदार मिल सकता है और जमीन बेचकर उन्हें अच्छा धन लाभ हो सकता है। आपको अपना बाक़ी वक़्त बच्चों के संग गुज़ारना चाहिए, चाहे इसके लिए आपको कुछ ख़ास ही क्यों न करना पड़े। आज आपको निराशा हाथ लग सकती है, क्योंकि मुमकिन है कि आप अपने प्रिय के साथ सैर–सपाटे पर न जा पाएँ। अंजान लोगों से बात करना ठीक है लेकिन उनकी विश्वसनियता जाने बिना उनको अपने जीवन की बातें बताकर आप अपना वक्त ही जाया करेंगे और कुछ नहीं।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

बेकार की बात पर बहस करके अपकी ऊर्जा ज़ाया न करें। बिना बताये आज कोई देनदार आपके अकाउंट में पैसे डाल सकता है जिसके बारे में जानकर आपको अचंभा भी होगा और खुशी भी। बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान लगाने और भविष्य के लिए योजना बनाने की ज़रूरत है। आज आपको प्यार का जवाब प्यार और रोमांस से मिलेगा। आपके पास आज अपनी क्षमताओं को दिखाने के मौक़े होंगे। इस राशि के जातक खाली वक्त में आज किसी समस्या का समाधान निकालने की कोशिश कर सकते है।

## रविवार का पंचांग

दिनांक : 04 अगस्त 2024 , रविवार
विक्रम संवत : 2081
मास : श्रावण , कृष्ण पक्ष
तिथि : अमावस्या सायं 04:45 तक
नक्षत्र : पुष्य दोपहर 01:27 तक
योग : सिद्धि प्रातः 10:37 तक
करण : नाग सायं 04:45 तक
चन्द्रराशि : कर्क
सूर्योदय : 05:56 , सूर्यास्त 06:47 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:06, सूर्यास्त 06:45 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:57 , सूर्यास्त 06:38 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:49 , सूर्यास्त 06:38 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : देव पितृ कार्य हरीयाली अमावस्या , रविपुष्य सिद्धि योग दोपहर 01:27 तक , गण्डमूल दोपहर 01:28 से

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# बजट घोषणाओं से साकार होगा विकसित राजस्थान का सपना : भजनलाल



**जयपुर, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि परिवर्तित राज्य बजट 2024-25 में की गई घोषणाओं से प्रदेश की आठ करोड़ जनता की आकांक्षाएं एवं उम्मीदें पूरी होंगी और विकसित राजस्थान का सपना साकार होगा।

श्री शर्मा शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर सिरोही एवं बाली सहित विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से राज्य बजट में की गई घोषणाओं के लिए धन्यवाद देने आए देवासी समाज के प्रतिनिधिमण्डल को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसान, पशुपालक, युवा, महिला सहित सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र के सभी वादों को हमारी सरकार पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान है और राज्य की अर्थव्यवस्था में पशुपालकों का अहम योगदान है। इसी को ध्यान में रखते हुए बजट में पशुपालकों के सशक्तिकरण के लिए ढेरों सौगातें दी गई हैं। पशुपालन संवर्द्धन, संरक्षण एवं विकास के लिए 250 करोड़ रुपये से मुख्यमंत्री पशुपालन विकास कोष का गठन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि दुधारू पशुओं के नस्ल विकास एवं नर गौवंश की समस्या के समाधान के लिए अनुदान राशि 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत की जाएगी। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में पशु चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के लिए 125 पशु चिकित्सकों तथा 525 पशुधन सहायकों के नये पदों के सृजन, ग्राम पंचायतों में इस वर्ष 500 नवीन पशु चिकित्सा उपकेन्द्र खोले जाने सहित विभिन्न घोषणाएं राज्य बजट में की गई हैं। श्री शर्मा ने कहा कि विभिन्न पशु चिकित्सा संस्थानों में चरणबद्ध रूप से आधारभूत सुविधाओं के विकास, भवन निर्माण एवं मरम्मत कार्य एवं उपकरण आदि के लिए 200 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। साथ ही मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना प्रारम्भ की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऊंटपालकों को दी जाने वाली सहायता राशि को 10 हजार से बढ़ाकर 20 हजार रुपये प्रतिवर्ष किया जाएगा एवं पंजीकृत गौशालाओं को देय अनुदान में 10 प्रतिशत की वृद्धि की जायेगी।

श्री शर्मा ने कहा कि दुग्ध उत्पादकों की सुविधाओं में वृद्धि के लिए भी बजट में कई प्रावधान किए गए हैं। लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से सरदारशहर-चूरू, रानीवाड़ा-सांचौर, झालावाड़, भरतपुर, नागौर तथा बीकानेर में मिल्क प्रोसेसिंग प्लांटस का सुदृढ़ीकरण, 95 करोड़ रुपये की लागत से पाली में 30 मीट्रिक टन क्षमता का अत्याधुनिक मिल्क पाउडर प्लांट तथा 25 करोड़ रुपये से कोटा में केटल फीड प्लांट स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दो हजार नये डेयरी बूथ खोले जाएंगे। इस वर्ष शहरी क्षेत्रों में एक हजार सरस मित्र बनाएंगे, दो वर्षों में एक हजार 500 नई दुग्ध सहकारी समितियां तथा किसानों को दूध का उचित मूल्य दिलाने के लिए दो हजार दुग्ध संकलन केन्द्र खोले जायेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बुनियादी ढांचे के सुदृढीकरण के लिए भी राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में राज्य बजट में 18.90 करोड़ रुपये की लागत से रानी, बाली, फालना तथा 50 गांवों हेतु पेयजल (पाली) आपूर्ति व पाइप लाइन सम्बन्धी कार्य करवाये जाने की घोषणा की गई है। साथ ही, बाली विधानसभा क्षेत्र में 176 करोड़ रुपये से अधिक की राशि से विभिन्न सड़कों के निर्माण, सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ाईकरण के कार्य करवाए जाएंगे। श्री शर्मा ने कहा कि 15.50 करोड़ रुपये की लागत से फुटिया बांध (बाली)-पाली के जीर्णोद्धार एवं बांध की ऊँचाई बढ़ाये जाने सम्बन्धी कार्य कराएंगे। उन्होंने कहा कि बाली में देवनारायण आवासीय विद्यालय की स्थापना, बाली उपजिला चिकित्सालय को जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत, साण्डेराव, देसूरी-पाली में नये ट्रॉमा सेंटर स्थापित करने, सादड़ी-पाली में फल-फूल मण्डी स्थापित करने, बाली में एकलव्य आवासीय विद्यालय की स्थापना एवं बाली में खेल स्टेडियम की स्थापना जैसी अहम घोषणाएं बजट में की गई हैं। इस दौरान पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, जालोर-सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी, देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना, विधायक पुष्पेन्द्र सिंह राणावत, समाराम एवं गोपीचंद मीणा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में देवासी समाज के लोग मौजूद थे।

### केंद्रीय राज्य मंत्री निमुबेन बांभणिया का विपक्ष पर तंज, कहा–

# कांग्रेस ने दी लकवाग्रस्त अर्थव्यवस्था



**रोहतक, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** केंद्रीय राज्य मंत्री उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण निमुबेन बांभणिया का कहना है कि कांग्रेस ने लकवाग्रस्त अर्थव्यवस्था दी थी, जो दुनिया में 11वीं नंबर पर थी। 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 5वीं सबसे बड़ी अर्थवस्था बन गई है, जो कुछ वर्षों में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगी। वे शनिवार को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में जिले के बुद्धिजीवी वर्ग प्रकोष्ठ को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने बजट में हरियाणा के विकास पर विशेष फोकस रखा गया है। रेलवे, परिवहन, ऊर्जा, कृषि व उद्योग क्षेत्र पर विशेष जोर दिया है। रक्षा बजट में बढ़ोतरी से हरियाणा के जवानों को विशेष लाभ होगा, क्योंकि देश की सेना में प्रदेश के जवानों की भागीदारी 5.7 प्रतिशत है, जबकि जनसंख्या मात्र 2.09 प्रतिशत है। निमुबेन बांभणिया ने कहा केंद्रीय वित्त ने 141 करोड़ लोगों की उम्मीदों का बजट पेश किया है। ताकि भारत को सशक्त व शक्तिशाली और आत्म निर्भर बनाया जा सके।

महिलाओं, युवाओं व किसानों को सुविधाएं देने के लिए बजट में 9 बिंदुओं पर ध्यान दिया है, इसमें कृषि, रोजगार, युवा, सामाजिक कल्याण, मैन्युफैक्चरिंग, सर्विस, ऊर्जा, शहरी व ग्रामीण विकास, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर व सुरक्षा शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कृषि का हरियाणा की अर्थव्यवस्था में 50 प्रतिशत हिस्सा है। केंद्रीय बजट से किसानों को फायदा मिलेगा। दो साल में 2 करोड़ किसानों प्रदेश में प्राकृतिक खेती के लिए पंजीकृत किया जाएगा, जो 5 हजार 906 एकड़ जमीन में खेती करेंगे। साथ ही सरकार ने 5 साल में 20 लाख युवाओं को हुनरमंद बनाया है।

एक हजार आईटीआई को अपग्रेड किया जा रहा है। नए उद्योग शुरू करने के लिए 10 लाख रुपये तक का ऋण दिया जा रहा है। 4 करोड़ 10 लाख युवाओं को रोजगार व शिक्षा के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में पीएम विश्वकर्मा व पीएम स्वनिधि योजना शुरू की गई है, जिसका फायदा गुरुग्राम, फरीदाबाद, पानीपत व रोहतक के कारीगरों को होगा। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए पीएम सूर्या मुफ्त योजना लागू की गई है, जिसमें एक करोड़ लोगों को प्रति माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। क्योंकि हरियाणा में धूप प्रचूर मात्रा में है। प्रधानमंत्री सड़क ग्राम योजना के तहत 25 हजार ग्रामीण बस्तियों को सड़क से जोड़ा गया है। खाटूवास व नारनौल और मानहेरू व बवालीखेड़ा के बीच की सिंगल लाइन को डबल लाइन में बदला जाएगा। इसके लिए 26 करोड़ रुपये की लागत आएगी। सम्मेलन में जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, निवर्तमान मेयर मनमोहन गोयल, पूर्व मेयर एवं प्रदेश सचिव रेणू डाबला, पूर्व विधायक सरिता नारायण, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय बंसल, प्रदीप जैन व अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# सिरसा में पहली बार 3000 पक्षियों के लिए बनेगा उच्चत्तम क्वालिटी का आशियाना



**सिरसा, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** आध्यात्मिक तथा समाज सेवा के कार्यों में समर्पित संस्था श्री बालाजी फाउंडेशन की ओर से सिरसा में परिंदों की सेवा हेतु प्रेरणादाई पहल की गई है। शहर के सैक्टर-20 के पार्ट-3 में पक्षियों एवं परिंदों के लिए एक बेहद आकर्षक और उच्चतम गुणवत्ता वाले रैन बसेरा टावर का शिलान्यास किया गया।

श्री बालाजी फाउंडेशन के अध्यक्ष मुरलीधर गर्ग ने बताया कि प्रकृति संरक्षण सेवा के अन्तर्गत संस्था का यह लक्ष्य है कि वर्तमान समय में बढ़ती गर्मी के प्रकोप को देखते हुए पक्षियों के आवास के लिए प्रयास किया जाए और इसी के अन्तर्गत शनिवार को पक्षी रैन बसेरा टावर के निर्माण कार्य का शुभारम्भ ब्रह्माकुमारीज सिरसा सर्कल की इन्चार्ज राजयोगिनी बिन्दू ने नींव पत्थर रख कर की।

श्री मुरलीधर ने आगे बताया कि इस रैन बसेरा की उंचाई को 60 फुट होगी और इसमें लगभग 3000 पक्षियों के लिए घोंसले बनाए जाएंगे, जो पूरी तरह हवादार होंगे और आंधी, तूफान, भीषण गर्मी-सर्दी से पक्षियों की सुरक्षा करने में सक्षम होंगे। इस रैन बसेरा टावर के निर्माण का कार्य पालनपुर, गुजरात की एक कम्पनी को दिया गया है, जो तीन महीने में इस निर्माण कार्य को पूरा करेंगे। इस मौके पर राजयोगिनी बिन्दू ने कहा कि प्रकृति मां प्राचीन काल से हमारी हर प्रकार से पालना कर रही है और इस प्रकृति की शोभा सुन्दर पक्षी लुप्त होते हा रहे हैं। ऐसे में हमारा यह कर्तव्य बनता है कि हम कुदरत की सुन्दरता को बनाए रखने और इन परिंदों के संरक्षण में सहयोगी बनें। उन्होंने मुरलीधर की ओर से किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह बेहद प्रेरणादाई अवसर है और हमें इस पुनीत कार्य का हिस्सा अवश्य बनना चाहिए।

# राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार के लिए 31 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**चंडीगढ, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** केंद्रीय पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने देश भर से राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार देने के लिए 31 अगस्त तक ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किए हैं। हरियाणा के इच्छुक किसान पशुपालक 31 अगस्त तक अवार्डसडाटजीओवी डाटइन पोर्टल पर अपने आवेदन भेज सकते हैं।

यह जानकारी देते हुये शनिवार को सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के तहत पशुपालन एवं डेयरी विभाग, पशुपालन और डेयरी क्षेत्र के प्रभावी विकास के लिये अथक प्रयास किये जा रहे हैं, ताकि किसानों को स्थाई आजीविका प्रदान कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके । भारत की स्वदेशी गोजातीय नस्लें बहुत सर्वश्रेष्ठ हैं और उनमें राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की आनुवंशिक क्षमता मौजूद है । स्वदेशी गोजातीय नस्लों का वैज्ञानिक तरीके से संरक्षण और विकास करने के उद्देश्य से देश में पहली बार दिसंबर 2014 में राष्ट्रीय गोकुल मिशन (आरजीएम) की शुरुआत की गयी थी ।

प्रवक्ता ने बताया कि आरजीएम के तहत, दूध उत्पादक किसानों, डेरी सहकारी समितियों, एफपीओ और कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियनों (एआईटी) को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभाग की 2024 के दौरान तीन श्रेणियों में राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार प्रदान करने की योजना है । इसमें पंजीकृत स्वदेशी मवेशी, मुर्रा भैंस नस्लों को पालने वाले सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान, सर्वश्रेष्ठ डेरी सहकारी समितियां (डीसीएस), दूध उत्पादक कंपनी (एमपीसी), डेयरी किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) व सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन (एआईटी) को शामिल किया गया है ।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार 2024 में सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान और सर्वश्रेष्ठ डीसीएस, एफपीओ, एमपीसी दो श्रेणियों को निम्नानुसार योग्यता प्रमाण पत्र, एक स्मृति चिह्न और नकद पुरस्कार दिया जायेगा। इसमें प्रथम स्थान के लिये पांच लाख रुपये, दूसरे स्थान के लिये तीन लाख रुपये और तीसरे स्थान के लिये दो लाख रुपये नकद दिये जायेंगे । वहीं सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन (एआईटी) श्रेणी के मामले में, तीनों श्रेणियों के लिये पुरस्कार में केवल योग्यता प्रमाणपत्र और एक स्मृति चिह्न प्रदान किया जाना शामिल है । उन्होंने बताया कि यह पुरस्कार 26 नवंबर को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के अवसर पर दिये जायेंगे।

# डोटासरा ने कई ब्लॉक और मंडल समितियां भंग की

**जयपुर, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस समिति के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राज्य में कई खंड और मंडल समितियों को निष्क्रियता और अन्य कारणों के चलते भंग कर दिया है। कांग्रेस कांग्रेस समिति के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने शनिवार को बताया कि संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सुदृढ़ करने के लिये श्री डोटासरा ने प्रदेश पदाधिकारी प्रभारियों द्वारा ली गयी सभी जिला कांग्रेस समितियों की बैठक और निष्क्रिय एवं सक्रिय पदाधिकारियों, कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों, विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव लड़े प्रत्याशियों एवं प्रभारी पदाधिकारियों से प्राप्त विवरण के बाद इन समितियों को भंग करने के आदेश दिये हैं ।

उन्होंने बताया कि इनमें सिरोही जिले की रेवदर एवं आबूरोड़, करौली जिले की हिण्डौन शहर एव हिण्डौन देहात, टोंक जिले की टोडाराय सिंह, देवली, अलीगढ़-उनियारा, दौसा जिले के दौसा एवं लवाण और हनुमानगढ़ जिले के ब्लॉक भादरा शहर के ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक कार्यकारिणी एवं मण्डल अध्यक्ष और मण्डल कार्यकारिणियों की नियुक्तियों को तुरन्त प्रभाव से भंग किया गया है।

# मर कर भी जिन्दा रहना है तो करें अंगदान : देवनानी



**अजमेर, 03 अगस्त (एजेंसियां)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अंगदान के महत्व को आमजन को समझने की जरूरत बताते हुए कहा है कि मर कर भी जिंदा रहना है तो हमें अंगदान करना चाहिए। श्री देवनानी शनिवार को यहां राजकीय जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में अंगदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। अस्पताल में नवीन लैब का शुभारम्भ एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। उन्होंने कहा कि आज देश में हृदय, लीवर, किडनी और आंखों सहित अन्य अंगों की वास्तविक मांग के मुकाबले उपलब्धता बहुत कम है। हमें अपनी सोच को बदलना होगा। जिस तरह रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ी है। उसी तरह अंगदान का महत्व भी आमजन को समझना होगा।

श्री देवनानी ने कहा कि आमजन स्वप्रेरित होकर रक्तदान कर रहा है। उसी तरह हमें अंगदान को भी ज्यादा से ज्यादा प्रेरित करना होगा। एक व्यक्ति स्वयं तो अंगदान का संकल्प लें ही रहा है, साथ ही दूसरों को भी अंगदान के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर पर हार्ट, लीवर, किडनी, आंखे, पैनक्रियाज एवं अन्य अंगों की मांग काफी ज्यादा है जबकि उपलब्धता बहुत सीमित है। प्रति वर्ष दो लाख किडनियों की आवश्यकता होती है। इनकी तुलना में महज वर्ष 2022 में 11522 किडनी ही जरूरतमंदों को उपलब्ध हो सकी। इसी तरह 30 से 50 हजार हार्ट और लीवर की मांग की तुलना में उपलब्धता बहुत सीमित है। अंगदान को लेकर आमजन में कई तरह की भ्रांतियां है, हमें इन भ्रांतियों को दूर करना होगा। तेलंगाना, तमिलनाडु और कई राज्यों में अंगदान का प्रतिशत बहुत अच्छा है। राजस्थान को भी इस दिशा में आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अंगदान की विधिक प्रक्रिया बहुत जटिल है। इसे सरल बनाना होगा।

उन्होंने कहा कि अजमेर शहर, आने वाले समय में बहुत तेजी से आगे बढ़ने वाला है। यहां कई सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। संभाग के सबसे बड़े जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में 200 करोड़ रूपये की लागत से सुपर स्पिेस्लिटी सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। टीबी अस्पताल वाली जगह पर सुपर स्पिेस्लिटी ब्लॉक बनाया जाएगा। इसे आधुनिकतम सुविधाओं से लैस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार राज्य बजट में अजमेर को सरकार ने बहुत ही सौगातें दी है। अजमेर को बजट में करीब 1500 करोड़ रूपये के विकास कार्य स्वीकृत किए गए है।


अजमेर में पेयजल, आयुर्वेद यूनिर्वसिटी, स्प्रोट्स कॉलेज, आईटी पार्क, सैटेलाइट अस्पताल, सड़क विकास और सी ही सुविधाओं पर सैकड़ों करोड़ रूपये खर्च किए जाएंगे। पूर्व में जेएलएन अस्पताल में कैथ लैब, कॉडियोलॉजी, यूरोलॉजी, गैस्ट्रोलॉजी और सी ही कई अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। उन्होंने कहा कि अस्पताल में पार्किंग, शिशुरोग विभाग और मेडिसिन विभाग की नई बिल्डिग का भी जल्द शुभारम्भ किया जाएगा।

श्री देवनानी ने चिकित्सालय की आपातकालीन इकाई में स्पीकर हैल्प डेक्स का भी शुभारम्भ किया। यह हैल्प डेक्स प्रतिदिन अस्पताल में आने वाले हजारों मरीजों और उनके परिजनों को मार्गदर्शन का काम करेगी।

# भाजपा–जेडीएस पार्टी झूठे आरोपों पर मार्च निकाल रही :रामलिंगारेड्डी

**रामनगर/शुभ लाभ ब्यूरो।**
मुडा और महर्षि वाल्मीकि घोटाले के विरोध में भाजपा-जेडीएस की पदयात्रा के जवाब में कांग्रेस ने रामानगर में एक सार्वजनिक रैली की। इस कार्यक्रम में बोलते हुए जिला प्रभारी और परिवहन मंत्री रामलिंगारेड्डी ने भाजपा काल में हुए विभिन्न घोटालों के बारे में बताया। भाजपा की मांग है कि हर घोटाले की जांच सीबीआई से हो। हालांकि गुरु राघवेंद्र बैंक घोटाले की जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंपा गया है, लेकिन अभी तक कोई जांच अधिकारी नियुक्त नहीं किया गया है।

अंडा खरीद घोटाले में भाजपा मंत्री शशिकला जोले के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। भाजपा-जेडीएस पार्टी झूठे आरोपों पर मार्च निकाल रही है। यह उनकी पाप वृद्धि है। उन्होंने उनसे मैसूरु आकर कावेरी नदी में स्नान



करने को कहा। शहरी विकास मंत्री भैरती सुरेश ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा को मंच पर खड़ा करना और भ्रष्टाचार के बारे में बात करना भाजपा-जेडीएस की नैतिकता पर सवाल उठाने जैसा है। कुमारस्वामी शुरुआत में अच्छा बोले। लेकिन हाल ही में उनके बयान बेहद निचले स्तर पर आ गए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा उनके स्तर पर आकर बात करना ठीक नहीं है। मुडा द्वारा कुमारस्वामी समेत 125 लोगों को वैकल्पिक आवास दिया गया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इन भूखंडों का आवंटन भाजपा के कार्यकाल में हुआ था, केंद्र सरकार सीबीआई, ईडी और आयकर अधिकारियों द्वारा कांग्रेस पर हमला कर रही है। लोग इस बात को समझ चुके हैं। विधायक प्रदीप ईश्वर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री के बेटे का मुख्यमंत्री बनना कोई बड़ी बात नहीं है। कनकपुर की धरती के बेटे का उपमुख्यमंत्री बनना एक उपलब्धि है। भाजपा-जेडीएस नेता पिछड़े वर्ग से आने वाले सिद्धरामैया को मुख्यमंत्री के तौर पर बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। इसके लिए वे बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चाहे कुछ भी हो जाए वह डीके शिवकुमार और सिद्धरामैया को हिला नहीं पाएंगे। डीके सुरेश ने सांसद के तौर पर अच्छा काम किया। लेकिन रामनगर के लोगों ने उन्हें हरा दिया और उन्हें धोखा दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों के विकास पर खर्च होने वाले 67,000 करोड़ रुपये का बकाया रखा है। उपमुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार, मंत्री एम.बी.पाटिल, डॉ.एमसी सुधाकर, रहीन खान, के.एच. मुनियप्पा, शरणप्रकाश पाटिल, पूर्व सांसद डीके सुरेश, केपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष जीसी चंद्रशेखर, अभियान समिति के अध्यक्ष विनयकुमार सोरके और अन्य उपस्थित थे।

# पीएसआई परशुराम की मौत भ्रष्ट सरकार द्वारा की गई हत्या: सीटी रवि

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
विधान परिषद सदस्य व पूर्व मंत्री सीटी रवि ने कहा कि भ्रष्ट कांग्रेस सरकार के रेट कार्ड और अतिरिक्त टिप्स के कारण यादगीर के पीएसआई परशुराम की जान चली गई। यह मृत्यु नहीं है। भ्रष्ट सरकार पर हत्या का आरोप लगा है। उन्होंने इस बारे में एक्स पर पोस्ट कर शिकायत की है कि भ्रष्टाचार के चरम पर पहुंच चुकी प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने एक और पुलिस अधिकारी की हत्या कर दी है। बेहद गरीब पृष्ठभूमि से आने के बावजूद, अपने धैर्य और उपलब्धियों के कारण पीएसआई बने पीएसआई परशुराम का शुक्रवार को यादगीर में निधन हो



गया। मृतक की पत्नी ने गंभीर आरोप लगाया है कि यादगीर विधायक चेन्नारेड्डी पाटिल के रुपये के दबाव के कारण उनके पति की मौत हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मौत के लिए सीधे तौर पर भ्रष्ट कांग्रेस सरकार जिम्मेदार है। हालांकि विधायक चन्नारेड्डी पाटिल को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। अभी और कितने अधिकारी आपकी रिश्वतखोरी का शिकार होंगे?

# तनिष्क ज्वेलरी शोरूम लूटकांड मामले में पुलिस और एसटीएफ ने लॉज में की छापामारी

**पूर्णिया (एजेंसियां)।**
पूर्णिया के डाक बंगला चौक स्थित तनिष्क ज्वैलरी शोरूम लूटकांड मामले में भागलपुर जेल में बंद कुख्यात अपराधी अनिकेत सिंह उर्फ बिट्टू सिंह की लॉज में पूर्णिया पुलिस और एसटीएफ की टीम ने छापामारी की है। पुलिस की ओर से यह दावा किया जा रहा है कि 26 जुलाई को पूर्णिया में जिस तनिष्क ज्वेलरी शोरूम में 3.70 करोड़ के आभूषणों को लूटा गया था, उसकी बैठक इसी लॉज में हुई थी। यहीं साजिश की गई थी कि तनिष्क ज्वेलरी शो रूम को कैसे लूटना है। हालांकि इस लूटकांड की पटकथा दो महीने पहले पटना के बेउर जेल में लिखी गई थी। तब पूर्णिया का कुख्यात अपराधी बिट्टू



सिंह उसी जेल में बंद था।

भागलपुर जेल से बिट्टू सिंह को बेउर जेल रिमांड पर लाया गया था। उसके बाद बिट्टू सिंह के ससुर के लॉज में तनिष्क ज्वेलरी शॉप को लूटने की साजिश रची थी। छापामारी के दौरान पुलिस ने लॉज के एक एक कमरे में छानबीन की है। पुलिस और एसटीएफ्फ टीम छापामारी के बाद साथ ही कई दस्तावेज अपने साथ लेकर गई है।

सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार ने बताया कि तनिष्क लूटकांड से जुड़े तारों की पड़ताल में पूर्णिया पुलिस और एसटीएफ्फ की संयुक्त कार्रवाई लगातार चल रही है। इसी कड़ी में पता चला कि लूटकांड के मुख्य आरोपियों में से एक अभिषेक झा उफ्फ्र चुनमुन झा के भाई आनंद झा सहित कई साथी लूट से पूर्व यहां बैठक करते थे। लॉज के बंद कमरे में सबकी बैठक चलती थी।

उन्होंने बताया कि लॉज बिट्टू सिंह के ससुर भोला सिंह के नाम पर है। बंद कमरे में बिट्टू सिंह की तस्वीर परिवार के साथ लगी हुई है। गौरतलब है कि तनिष्क लूटकांड मामले में कुल आठ अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वहीं, कुख्यात बिट्टू सिंह भागलपुर जेल में बंद है।

# वायनाड भूस्खलन हादसा: वैशाली के पांच लापता लोगों में से दो मिले, हाजीपुर सांसद परिजनों से मिलने पहुंचे

**वैशाली (एजेंसियां)।**
केरल के वायनाड में बीते दिनों हुई भारी बारिश और भूस्खलन की घटना में वैशाली के लापता पांच मजदूरों में से दो मिल गए हैं। जबकि अब भी तीन लापता हैं। जंदाहा प्रखंड के रामपुर चकलाला निवासी दो लोग रंजीत पासवान और साधु पासवान जबकि गरौल के एक बिजनेसिया पासवान लापता हैं। घटना के पांच दिन बाद भी उनका कोई पता नहीं चल पाया है। तीनों के गांव में पूरी तरह से मातमी सन्नाटा पसरा है। इसी बीच स्थानीय लोगों के अलावा राजनेताओं द्वारा पीड़ित परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दिए जाने का सिलसिला भी शुरू हो गया है।

जानकारी के मुताबिक, बिजनेसिया पासवान पिता सुरेंद्र पासवान, रंजीत पासवान पिता बाला पासवान, साधु पासवान पिता दिवंगत राम दुलार पासवान यह सभी तीन लोग लापता हैं। जबकि फ्फूल कुमारी देवी का शव मिल गया है। उसके पति उपेन्द्र पासवान घायल हालत में मिले हैं, जिनका इलाज फ्फ़िलहाल वायनाड में चल रहा है।

घटना के बाद परिजनों से संपर्क टूट जाने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। उनके घर में पांच दिनों से चूल्हे नहीं जले हैं। वहीं, पड़ोस के घरों में भी लोगों का खाना-पीना दुश्वार हो गया है। पीड़ित स्वजनों के रोने चिल्लाने से माहौल एकदम गमगीन बना हुआ है। घटना की जानकारी मिलने के बाद लापता लोगों के परिजनों से मिलने के लिए केंद्रीय मंत्री सह हाजीपुर सांसद चिराग पासवान जंदाहा पहुंचे। जहां उन्होंने परिजनों से मुलाकात की और उन्हें उनके परिजनों के मिलने का भरोसा दिलाया है। वहीं, चिराग पासवान के आने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई।

# पॉलिटेक्निक कॉलेज की छात्रा की मिली लाश, चौथी मंजिल से गिरने से गई जान

**पटना (एजेंसियां)।**
मुजफ्फरपुर में पॉलिटेक्निक कॉलेज की छात्रा की लाश मिली है। कॉलेज कैंपस में छात्रा की लाश पड़ी थी। लोगों का कहना है कि चौथी मंजिल से गिरने से उसकी मौत हुई है। घटना जिला के बेला इंडस्ट्रियल एरिया स्थित महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज छात्रावास की है। इधर सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मृत छात्रा की पहचान 17 वर्षीय अंजली कुमारी के रूप में हुई। वह सारण के सोनपुर की रहने वाली है। कुछ लोग इसे आत्महत्या बता रहे हैं। हालांकि पुलिस को शव के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला।





पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

इधर, पुलिस ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या मामला सुसाइड का है। छात्रावास की चौथी मंजिल से गिरने अंजली की मौत हुई है। एफएसएल की टीम की मदद से मामले की जांच की जा रही है। कुछ लोगों से पूछताछ जा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा।

मामले बेला थाना की एसए-चओ रंजना वर्मा ने बताया कि महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज की दूसरी वर्ष की एक छात्रा की मौत चौथी मंजिल से गिरकर हो गई। बताया ज रहा है कि वह अहले सुबह में हॉस्टल के ऊपर गई और ग्रील का ताला तोड़ कर ऊपर की तल्ले से छलांग लगा दिया। मृत छात्रा की क्लासमेट से पूछताछ की गई तो पता चला कि पूर्व दो पेपर में क्रॉस लगने की वजह से वह डिप्रेशन में थी। अब इस बार भी एक पेपर में क्रॉस लगने से वह काफी दुखी हो गई। इस कारण उसने सुसाइड कर लिया।

# बदमाशों ने एयरटेल कार्यालय में घुसकर मैनेजर को मारी गोली, साढ़े 14 लाख लूटे, तीनों आरोपी गिरफ्तार

**गया (एजेंसियां)।**
बिहार के गया जिले में शेरघाटी अनुमंडल के नई बाजार में संचालित एयरटेल कंपनी के कार्यालय में दिनदहाड़े 14 लाख रुपये की लूट का मामला सामने आया है। शेरघाटी के नया बाजार स्थित होटल वेलकम के नीचे एयरटेल कार्यालय में घुसकर बाइक सवार तीन अपराधियों ने एयरटेल कंपनी के स्थानीय मैनेजर को लूटपाट करते हुए गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के मुताबिक, बाइक सवार तीनों अपराधी हेलमेट पहने हुए अंदर आए और मैनेजर बिहू



कुमार को गोली मारकर उससे लगभग 14.50 लाख रुपये लूटकर फ्फ़रार हो गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घायल मैनेजर को शेरघाटी अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सकों ने औपचारिक इलाज के बाद उसे गया के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया है।

जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत कार्रवाई करते हुए लूटपाट करने वाले तीनों अपराधियों को डोभी से गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने अपराधियों का पीछा कर डोभी के पास अपराधियों को लूटी गई रकम के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक पिस्टल भी बरामद किया है। घटना शनिवार को शेरघाटी अनुमंडलीय अस्पताल के पास हुई है।

बताया जा रहा है कि तीन की संख्या में बाइक पर सवार अपराधियों ने लूट को अंजाम दिया है। हथियारबंद अपराधी एयरटेल के कार्यालय में ग्राहक बनकर प्रवेश किया। इसके बाद गन पॉइंट पर मैनेजर एवं कर्मचारियों को कवर कर लूट की वारदात को अंजाम दिया है। जब मैनेजर ने विरोध किया तो एक अपराधी ने उन्हें गोली मार दी। एयरटेल कंपनी से 14 लाख की हुई लूट और गोली चलने की घटना के बाद बाजार में अफ्फ़रा-तफ्फ़री का माहौल कायम हो गया। पुलिस की तत्परता से लूटी गई राशि के साथ अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफल रही है।

### पटना–बख्तियारपुर फोर लेन पर भीषण सड़क हादसा

# बिहार पुलिस के एक जवान की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

**पटना (एजेंसियां)।**
पटना में तेज रफ्तार वाहन ने शुक्रवार को मोटरसाइकिल से जा रहे बीएमपी जवान को कुचल दिया। इस हादसे में एक जवान की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं दूसरे जवान की हालत गंभीर है। इन्हें इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही वह फतुहा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले पर छानबीन शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि फतुहा थाना के भिखुआ पटना बख्तियारपुर फोरलेन पर शुक्रवार को एक स्कूटी से दो बीएमपी एक के जवान जा रहे थे। इसी क्रम में तेज रफ्तार से आ रही एक अज्ञात वाहन ने दोनों जवान को कुचल डाला। घायल अवस्था में दोनों जवान को इलाज के लिए अस्पताल



में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों में इलाज के दौरान एक जवान को घोषित कर दिया। मृतक जवान की पहचान धनराज क्षेत्री के 42 वर्षीय पुत्र राज कुमार क्षेत्री झारखंड के रामगढ़ निवासी के रूप में हुई है। वहीं घायल जवान दीपक प्रधान बताया गया है जिनका इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

बीएसएपी के जवान राजकुमार थापा ने बताया कि हम लोग एक महीने की ट्रेनिंग रिप्रेसर कोर्स करके जमालपुर से शुक्रवार की सुबह अपने बीएसएपी जवानों के साथ बाइक से पटना अपने कैंप वापस लौट रहे थे। दीपक प्रधान पटना बख्तियारपुर रोड से स्कूटी पर सवार होकर जा रहे थे। जैसे ही फतुहा के भिखूआ के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से अज्ञात हाईवा ने उनके स्कूटी में टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही स्कूटी सड़क पर जा गिरी। जिससे मौके पर ही राजकुमार छेत्री की मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहे जवान दीपक प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफ्फ़र कर दिया। वहीं फतुहा पुलिस ने मृतक जवान के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एनएमसी भेज दिया है। वही इस मामले में थाना अध्यक्ष रूपक कुमार अंबुज ने बताया कि ये सभी जमालपुर से पटना लौट रहे थे। पटना के भीखुआ के पास किसी अज्ञात वाहन द्वारा पीछे से स्कूटी में धक्का मार दिया।

### मुजफ्फरपुर में तिरहुत नहर का तटबंध टूटा

# गांव में घुसने लगा बाढ़ का पानी, ग्रामीणों में आक्रोश

**पटना (एजेंसियां)।**
मुजफ्फरपुर में गुरुवार देर रात तिरहुत नहर का तटबंध पानी का तेज बहाव झेल नहीं पाया और करीब 50 फुट से अधिक इस हिस्सा ध्वस्त हो गया। तटबंध टूटते ही गांव में बाढ़ का पानी फैलने लगा।

घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने फौरन जल संसाधन विभाग को सूचना दी। इसके बाद टीम आई और तटबंध की मरम्मत करने में जुट गई।

बताया जा रहा है कि रक्सा पंचायत के वार्ड 13 में तिरहुत नहर करीब 50 फीट फुट गया। इस कारण रक्सा पंचायत के चार वार्ड जिसमे वार्ड 13, वार्ड 14, वार्ड 15 और वार्ड 16 के इलाके



के कई लोगों के घर में पानी घुस गया। इस कारण रात भर ग्रामीण जगे रहे।

वहीं जल संसाधन विभाग के इंजीनियर और अंचल अधिकारी द्वारा नहर के मेन गेट को बंद कराया गया है। इधर, करजा थाना की पुलिस और आला अधिकारी कैंप कर रहे हैं। वही देर रात तक वरीय अधिकारी के नहीं आने को लेकर ग्रामीण काफी नाराज दिखे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्टीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com